www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

10 फरवरी, 2025
माघ, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 113

विजेताओं को कोल इंडिया की ओर से 35.1 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि दी गयी






## छत्तीसगढ़ में लाल आतंक पर कहर बन कर टूटे सुरक्षा बल

# मुठभेड़ में 31 नक्सली ढेर, दो जवान शहीद

- बीजापुर के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में जारी है मुठभेड़
- भारी मात्रा में स्वचालित हथियार और गोला-बारूद बरामद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रायपुर।** नक्सलवाद के खिलाफ चल रही आखिरी जंग में सुरक्षाबलों को बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में भीषण मुठभेड़ के दौरान एक साथ 31 नक्सलियों को मार गिराया गया है। डीआरजी और एसटीएफ के अभियान के दौरान दो जवान भी शहीद हो गये, जबकि दो अन्य जख्मी हैं। हाल के समय में यह सबसे बड़ा ऑपरेशन बताया जा रहा है, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में नक्सली खत्म कर दिये गये। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इस कामयाबी पर सुरक्षा बलों को बधाई दी है।

बताया जा रहा है कि बीजापुर-नारायणपुर सीमा के पास यह मुठभेड़ हुई है। दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया गया। आइजी बस्तर पी सुंदरराज ने बताया कि अभी तक 31 शव बरामद किये जा चुके हैं। मारे गये नक्सलियों की संख्या में इजाफा हो सकता है। मुठभेड़ के दौरान दो जवान भी शहीद हो गये, जबकि दो अन्य घायल हैं। मौके से स्वचालित हथियार भी बरामद किये गये हैं। घायल जवानों को निकालने के लिए जगदलपुर से एमआइ 17 हेलीकॉप्टर भेजा गया। यह संख्या और भी बढ़ सकती है। बीजापुर की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ जवान बड़ा ऑपरेशन चला रहे हैं। रविवार को सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम सूचना पर पहुंची थी। इसी बीच नक्सलियों की ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी। बस्तर पुलिस के मुताबिक नक्सलियों के साथ सुरक्षा बलों का आमना-सामना बीजापुर के राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में हुआ। रविवार सुबह इस मुठभेड़ में बड़ी संख्या में नक्सलियों को घेर लिया गया। घंटों तक दोनों तरफ से भीषण गोलीबारी होती रही। शुरुआत में 12 नक्सलियों के मारे जाने की सूचना मिली, पर तलाशी अभियान के साथ जंगल में लाश मिलती चली गयी।

**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दी बधाई :** नक्सल विरोधी अभियान में लगे जवानों की इस कामयाबी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जवानों की तारीफ करते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त भारत बनाने की दिशा में सुरक्षा बलों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में बड़ी सफलता हासिल की है।

### 10 माह में तीसरी बड़ी नक्सली मुठभेड़

इससे पहले अक्तूबर 2024 को दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले के सीमा पर थुलथुली गांव में 35 नक्सली मारे गये थे। 16 अप्रैल 2024 को हुई मुठभेड़ में 33 नक्सली ढेर किये गये थे। 16 अप्रैल 2024 को कांकेर में 29 नक्सली मारे गये थे। यह देश की सबसे बड़ी नक्सली मुठभेड़ थी।

# हजारीबाग के पूर्व एसडीओ गिरफ्तार

- रांची में जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से लोहसिंघना पुलिस ने पकड़ा
- पत्नी की हत्या के आरोपी हैं, पिता को पहले पकड़ा जा चुका है



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने रांची में कार्रवाई करते हुए पूर्व एसडीओ अशोक कुमार को गिरफ्तार किया है। रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से यह गिरफ्तारी हुई है। हजारीबाग के पूर्व एसडीओ अशोक कुमार पर पत्नी की जिंदा जलाकर हत्या का आरोप है। जानकारी के अनुसार लोहसिंघना थाने की पुलिस ने जगन्नाथपुर पुलिस के सहयोग से अशोक कुमार के ठिकाने पर छापा मारा और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन्हें लेकर हजारीबाग चली गयी है। वहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पूर्व एसडीओ के पिता भी इस मामले में नामजद अभियुक्त हैं और उन्हें शनिवार को गिरफ्तार किया गया था। निचली अदालत से जमानत याचिका को खारिज होने के बाद अशोक कुमार फरार चल रहे थे।

### क्या है आरोप

पूर्व एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनीता की मृत्यु जलने से हुई थी। यह घटना 26 दिसंबर को हुई थी। इसके बाद मृतका के मायकेवालों ने पूर्व एसडीओ समेत उनके परिजनों पर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। इसके बाद से ही घरवाले फरार थे। अशोक कुमार के पिता अपनी ससुराल सलैया गांव में में थे, जहां से उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 29 जनवरी को केस डायरी कोर्ट में पहुंची और 31 जनवरी को मामले की सुनवाई हुई।

# मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह का इस्तीफा

- राज्य में जारी जातीय हिंसा के बाद से ही लगातार दबाव में थे



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से तीन मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जायेगी।

**इस्तीफे में क्या कहा :** राज्यपाल को सौंपे गएये अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा, मैं नोंगथोंबम बीरेन सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा सौंप रहा हूं। मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं केंद्र सरकार अत्यंत आभारी हूं, जिन्होंने समय पर कार्यवाही, हस्तक्षेप, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया, ताकि मणिपुर के हर एक नागरिक के हित की रक्षा की जा सके।

## न्यूज रील्स

### सूरत के सरकारी स्कूलों में वायरल संक्रमण, 150 बच्चे बीमार

सूरत। गुजरात के सूरत जिले के उमरपाड़ा तालुका के वाड़ी गांव में स्थित तीन सरकारी आवासीय स्कूलों में वायरल संक्रमण फैलने से करीब 150 बच्चे बीमार पड़ गये। इनमें से 18 छात्राओं को तेज बुखार होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल पटेल के मुताबिक पिछले तीन-चार दिनों में इन बच्चों में खांसी और बुखार जैसे लक्षण देखे गये। शनिवार को 18 छात्राओं की हालत बिगड़ने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिला प्रशासन ने स्कूल परिसर में छात्रों की स्वास्थ्य जांच और देखभाल के लिए दो दर्जन से अधिक स्वास्थ्यकर्मियों की टीम तैनात की है। डॉ पटेल ने बताया कि स्कूल प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वह यह सुनिश्चित करे कि हवा से फैलने वाला संक्रमण अन्य छात्रों तक न पहुंचे।

### महाकुंभ से लौट रहे बंगाल के नौ श्रद्धालु सड़क दुर्घटना में घायल

गोपालगंज। महाकुंभ से लौट रहे पश्चिम बंगाल के नौ श्रद्धालु गोपालगंज में हुए सड़क हादसे में जख्मी हो गये। जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा एनएच 27 पर रविवार को एक अनियंत्रित पिकअप ने एक लॉरी ट्रक में जोरदार ठोकर मार दी। धक्का लगते ही पिकअप में सवार करीब नौ लोग बुरी तरह घायल हो गये। घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पिकअप पर सवार करीब 24 लोग बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के दिघी थाना क्षेत्र के खेत्रा बाड़ी गांव से महाकुंभ प्रयाग गये थे। महाकुंभ का स्नान करने के बाद सभी लोग वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच जैसे ही उनकी गाड़ी सिधवलिया थाना क्षेत्र के बरहिमा गांव के पास पहुंची कि तभी पिकअप चालक को झपकी आने लगी।

# दिल्ली में नयी सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू

- भाजपा ने मांगा उपराज्यपाल से मिलने का समय
- 48 विधायकों और सात सांसदों संग जायेंगे सचदेवा
- पीएम के अमेरिका से लौटने के बाद होगा शपथ ग्रहण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में नयी सरकार के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। 27 साल बाद जीत दर्ज करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को उपराज्यपाल से मिलने का समय भी मांग लिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने एलजी विनय सक्सेना से अपने नये 48 विधायकों और सात सांसदों संग मिलने के लिए पत्र लिखकर वक्त मांगा है।

बता दें कि 27 साल बाद भाजपा की दिल्ली की सत्ता में वापसी हुई है। पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को हराकर दिल्ली में बड़ी जीत दर्ज की। 70 विधानसभा सीट वाली दिल्ली में आप केवल 28 सीट ही बचा सकी, जबकि कांग्रेस लगातार तीसरी बार अपना खाता खोल पाने में भी कामयाब नहीं रही।

**पीएम मोदी के विदेश दौरे से लौटने के बाद होगा शपथ समारोह :** भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं। ऐसे में उनके लौटने के बाद ही दिल्ली में नये मुख्यमंत्री पद के शपथ समारोह का आयोजन होगा।

**नये सीएम के नामों की अटकलें तेज :** दिल्ली के नये मुख्यमंत्री को लेकर पार्टी में चर्चा तेज हो गयी है और चुनाव जीतने वाले कई वरिष्ठ नेताओं के नामों की अटकलें लगायी जा रही हैं। एक तरफ जहां भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक की, तो वहीं दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी पार्टी विधायकों की बैठक बुलायी है। इस बैठक में जीत की बधाई देने के बाद सरकार को लेकर चर्चा हो सकती है। उधर जेपी नड्डा और अमित शाह ने भी सरकार बनाने को लेकर चर्चा की

### मुख्यमंत्री आतिशी ने दिया इस्तीफा एलजी ने भंग की विधानसभा



आम आदमी पार्टी की हुई करारी हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने रविवार को उपराज्यपाल एलजी वीके सक्सेना को इस्तीफा सौंप दिया। मुख्यमंत्री पद से आतिशी के इस्तीफे स्वीकार करने के बाद उपराज्यपाल ने सातवीं दिल्ली विधानसभा को भंग कर दिया। आतिशी रविवार सुबह करीब 11 बजे राज निवास पहुंचीं। यहां उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना को अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा स्वीकार करने के साथ उपराज्यपाल ने कहा कि नयी सरकार के गठन तक वह बतौर कार्यवाहक सीएम काम करती रहेंगी। दूसरी तरफ एलजी ने सातवीं विधानसभा भंग करने की अधिसूचना भी जारी कर दी।

### हार के बाद आप की पहली बैठक

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के सत्ता से बाहर होने के एक दिन बाद पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को अपने फिरोजशाह रोड स्थित आवास पर 22 नवनिर्वाचित विधायकों के साथ बैठक की और उनसे जनता के लिए काम करने को कहा। बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा अपने वादों को पूरा करे।

## महाकुंभ में अब तक 42 करोड़ से अधिक लोगों ने लगायी डुबकी

# आज संगम आयेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में अमृत स्नान पर्वों के बाद भी संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ प्रयागराज आ रही है। अब तक 42 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। महाकुंभ मेले में रविवार को भी दिनभर श्रद्धालुओं का जामवाड़ा लगा रहा। देश के कोने-कोने से श्रद्धालु डुबकी लगाने प्रयागराज पहुंचे। संगम घाट से लेकर पूरे मेला क्षेत्र में तिल रखने तक की जगह नहीं है। प्रयागराज को जोड़ने वाले वाराणसी, जौनपुर,



मिर्जापुर, कौशांबी और रीवां समेत सभी सातों मार्ग पर भीषण जाम की स्थिति बनी हुई है। जाम की वजह से पैदल चलने वालों को भी जगह नहीं मिल रही है। श्रद्धालुओं को संगम तक पहुंचने के लिए 10 से 12 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। सवारी वाहन और शटल बस नहीं मिलने के कारण बुजुर्गों और महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रयागराज नो फ्लाइंग जोन घोषित

रविवार को कई अति विशिष्ट लोगों ने संगम में डुबकी लगायी। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को संगम में डुबकी लगाने आ रही हैं। उनकी यात्रा के मद्देनजर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पूरे प्रयागराज को नो फ्लाइंग जोन घोषित कर दिया गया है और सोमवार को संगम स्टेशन को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 79,500 रु./10 ग्राम
चांदी 1,00,000 रु./प्रति किलो



# दिल्ली फतह और भाजपा का अचूक फार्मूला

## ■ दो साल पहले से शुरू कर दी गयी थी विधानसभा चुनाव की तैयारी
## ■ पीएम मोदी-अमित शाह ने खुद संभाल ली थी रणनीति की कमान
## ■ सामाजिक से लेकर दूसरे समीकरणों को साधने में लगाया पूरा जोर

**आजाद सिपाही विशेष**

**दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए न केवल 27 साल के वनवास को खत्म करने में कामयाब हुई है, बल्कि देश की राजधानी को एक नया विश्वास, नया जोश और गुड गर्वनेंस का भरोसा दिलाने को तत्पर हो रही है। निश्चित ही चुनाव मोदी के नाम पर लड़ा गया और दिल्ली की जनता ने मोदी पर भरोसा जताया है। एक बार फिर मोदी का जादू चला और उनके करिश्माई राजनीतिक व्यक्तित्व ने नया इतिहास रचा है। दिल्ली में भाजपा ने जीत की नयी इबारत लिखी है। लेकिन भाजपा ने यह जीत वैसे ही हासिल नहीं की है। इसमें पीएम मोदी, अमित शाह और भाजपा नेतृत्व की अपराजेय रणनीति, पार्टी नेताओं का समर्पण और कार्यकर्ताओं का संकल्प शामिल है। भाजपा ने दिल्ली जीतने की रणनीति पर दो साल पहले नगर निगम चुनाव हारने के फौरन बाद काम करना शुरू कर दिया था। स्थानीय मुद्दों की पहचान, सत्ताधारी आप की विफलताएं और लोगों के उससे मोहभंग को भाजपा ने अच्छी तरह से पहचाना और प्रत्याशी चयन से लेकर प्रचार अभियान तक में इस पर ध्यान दिया। भाजपा को दिल्ली में संघ का जितना सहयोग मिला, उसने भी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। यही कारण है कि दिल्ली की लगभग सभी सीटों पर मतदाताओं ने सुशासन, भ्रष्टाचार मुक्ति, विकास और मुफ्त की सुविधाओं के नाम पर वोट डाले हैं। हिंदुत्व की ताकत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा की सुनियोजित चुनाव रणनीति ने भाजपा को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। भाजपा की इस जीत ने साबित किया है कि राजनीति में राजशाही सोच, अहंकार और बड़बोलापन कामयाब नहीं है। दिल्ली जीतने के लिए भाजपा ने कैसे तैयार की रणनीति और क्या थी उसकी व्यूह रचना, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

दिल्ली चुनाव के शुरूआती दौर में ही भाजपा के साथ ही पूरे देश को यह एहसास हो गया था कि इस बार राष्ट्रीय राजधानी में कमल खिलने जा रहा है। पांच फरवरी को आये एग्जिट पोल के नतीजों ने जब इस एहसास की पुष्टि कर दी और आठ फरवरी को आये चुनाव परिणाम ने इस पर मुहर लगा दी, तो यह साफ हो गया कि दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का चुनाव रथ एक बार फिर विजय के रास्ते पर निकल पड़ा है। लेकिन लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने के बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करना भाजपा के लिए उतना आसान नहीं था। दिल्ली में भाजपा की जीत के पीछे एक ठोस रणनीति रही।

दरअसल भाजपा ने दिल्ली जीतने की रणनीति पर काम 2022 में दिल्ली नगर निगम चुनाव हारने के बाद ही शुरू कर दिया था। टिकट बंटवारे से लेकर प्रचार की जिम्मेदारी तक सारे फैसले पीएम मोदी के निर्देशन में गृह मंत्री अमित शाह ने किये। भाजपा ने सिर्फ जाति के हिसाब से नहीं, बल्कि अलग-अलग राज्यों से आये वोटरों पर फोकस किया। वहीं 20 सीटों पर असर रखने वाले जाट और गुर्जरों को भी साधा। अमित शाह ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अगुवाइ में सर्वे कराया। वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन नेतृत्व ने उन्हें दूसरी जिम्मेदारियां सौंपीं। फिर दिसंबर में पहली बैठक हुई। इसमें दिल्ली इकाइ ने प्रत्याशियों की सूची सामने रखी। अमित शाह ने इसे खारिज कर दिया। जनवरी में एक और बैठक हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा और नितिन गडकरी शामिल हुए। इसमें पार्टी के आंतरिक सर्वे को देखते हुए अमित शाह ने प्रत्याशियों के नामों पर आखिरी फैसला लिया। चुनाव में भाजपा को 2100 उम्मीदवारों ने आवेदन भेजे थे। इसलिए पार्टी में कलह कम करने के लिए प्रत्याशियों के नामों का एलान करने में वक्त लगा।

### नगर निगम चुनाव से सबक, प्रकोष्ठ और मोर्चा पर फोकस

दिल्ली नगर निगम चुनाव हारने के बाद ही भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। दिल्ली नगर निगम चुनाव में भाजपा ने 250 में से 104 सीटें जीती थीं। आम आदमी पार्टी ने 134 सीटें जीतकर बहुमत हासिल किया। इसके बाद से ही भाजपा ने अपनी रणनीति और काम करने के तरीके में बदलाव किया। भाजपा ने चुनाव में जाति, क्षेत्र और धार्मिक समूहों को साधने के लिए 27 प्रकोष्ठ या सेल और सात मोर्चा बनाये। इनमें पूर्वांचल मोर्चा और मंदिर प्रकोष्ठ प्रमुख रहे। नगर निगम चुनाव से पहले सिर्फ 19 प्रकोष्ठ काम कर रहे थे। इन्हें जिम्मेदारी दी गयी कि वे जमीनी स्तर पर लोगों से बात करें और पार्टी की विचारधारा से जोड़ें। पिछले दो साल में उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लोगों को साथ जोड़ने के लिए प्रकोष्ठ बनाये। पहली बार बंजारा और सिंधी समुदाय के लिए अलग सेल बनाये गये। मंदिर प्रकोष्ठ ने हर विधानसभा के मंदिरों और आरडब्ल्यूए को जोड़ा। उन्होंने हर मंगलवार मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ कराया। पूरी दिल्ली में एक सौ से ज्यादा गुरवाणी, शिवरात्रि और जागरण कराये गये। इनका मकसद आम लोगों, खासकर युवाओं और महिलाओं को एक जगह जोड़ना था। इनके जरिये लोगों से मेल-जोल बढ़ाया गया।



### जातिगत वोटर पर फोकस, राज्य-क्षेत्र के हिसाब से बांटे

भाजपा ने चुनाव से पहले न सिर्फ जातिगत वोटरों पर फोकस किया, बल्कि दिल्ली और अन्य राज्यों से आये इन वोटरों को अलग-अलग हिस्सों में बांटा गया। पूर्वांचली और उत्तराखंडी वोटर अलग किये। पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली में 2013 से काम कर रहा है। दिल्ली में 25% वोटर पूर्वांचली हैं। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर अपना प्रत्याशी बदला, लेकिन मनोज तिवारी को बनाये रखा। इसके पीछे वजह पूर्वांचली वोटर थे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से रैलियां करायीं। भाजपा ने बुराड़ी सीट जदयू और देवली सीट लोक जनशक्ति पार्टी को दे दी। पूर्वांचली वोटर वाले इलाकों में योगी आदित्यनाथ, मनोज तिवारी और नीतीश कुमार के पोस्टर लगाये गये। भाजपा ने साल भर लिट्टी-चोखा सम्मेलन कराये। छठ पूजा पर यमुना की सफाई का मुद्दा उठाया। पूर्वांचलियों ही नहीं, भाजपा का इस बार उत्तराखंडी वोटर पर भी ज्यादा फोकस रहा। इन्हें ध्यान में रखते हुए पार्टी ने मोहन सिंह बिष्ट और रविंद्र सिंह नेगी को दोबारा टिकट दिया। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी की रैलियां करायी गयीं।

### भाजपा को जाट और गुर्जर वोटरों का साथ मिला

22 दिसंबर 2024 को दिल्ली के मंगोलपुरी में जाट-गुर्जरों की महापंचायत हुई। इसमें मूलनिवासी को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाने का एलान किया गया। दिल्ली में वोटिंग से दो दिन पहले जाट और गुर्जर नेताओं ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इसके बाद 360 गांव और 36 बिरादरी के लोगों ने चुनाव में भाजपा को समर्थन देने का एलान किया। जाटों में आप से इस बात को लेकर नाराजगी थी कि उन्होंने कैलाश गहलोत का सम्मान नहीं किया। भाजपा ने इसका फायदा उठाने की कोशिश की। चुनाव में भाजपा ने 14% टिकट जाट और 11% गुर्जर उम्मीदवारों को दिये। इसका 22 से 25 सीटों पर सीधा असर देखने को मिला। भाजपा बाकी राज्यों से ओबीसी नेताओं को प्रचार के लिए दिल्ली लायी, जिसका उसे फायदा हुआ। यह सब पिछले 5 महीने से चल रहा था।

### जाटव, वाल्मीकि और धोबी समाज के लिए अलग-अलग रणनीति

भाजपा ने अपना फोकस प्रो-हिंदुत्व से जातिगत राजनीति पर शिफ्ट किया। इस चुनाव में पार्टी नेता सांप्रदायिक बयान देने से बचे। भाजपा का घोषणा पत्र भी इस बार सामाजिक योजनाओं पर केंद्रित रहा। उसने लोगों की भावनाओं से जुड़ने की कोशिश की। दलितों के बड़े नेता संदीप वाल्मीकि, राजेंद्र पाल गौतम और राज कुमार आनंद ने आप छोड़ दी। पार्टी में दलित नेतृत्व खत्म होने का फायदा भाजपा को मिला। भाजपा ने दलितों को जाटव, वाल्मीकि और धोबी अलग-अलग वर्ग में बांटा और रणनीति बनायी।

### आरएसएस की मदद से दलित वोटर साथ आये

झुग्गियों के 15 लाख वोटरों को साधने के लिए भाजपा ने झुग्गी-झोपड़ी अभियान शुरू किया। इसका दिल्ली भाजपा के उपाध्यक्ष विष्णु मित्तल ने नेतृत्व किया। इसके तहत हर मंगलवार बस्ती में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सालभर झुग्गी टूर्नामेंट करवाये। रक्षा बंधन, भाई दूज और अलग-अलग मौके पर ये कार्यक्रम कराये गये। झुग्गियों के वोट जोड़ने में आरएसएस ने अहम भूमिका निभायी। चुनाव में आरएसएस की एंट्री पांच जनवरी से हुई। लोगों की सभाएं की गयीं। उन्हें समझाया गया कि भाजपा सत्ता में आयी, तो उन्हें मकान बनाने के लिए पैसा दिया जायेगा। आरएसएस ने झुग्गी को साधने के लिए सेवा भारती, लघु उद्योग भारती, राष्ट्रीय सेविका समिति, भारतीय मजदूर संघ, विद्या भारती और भारत विकास परिषद को जमीन पर उतारा।

इस तरह दो साल पहले बनायी गयी रणनीति और उस पर इमानदारी से चल कर भाजपा ने 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता पर कब्जा जमाया है। उसकी यह जीत लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता नहीं मिलने की हताशा को भूल कर अपने चुनावी रथ को एक बार फिर जीत के रास्ते पर दौड़ाने के लिए बेहद अहम है।

---

## मंदिर मुक्ति आंदोलन की रणनीति के साथ महाकुंभ में संपन्न हुई विहिप की त्रि-दिवसीय बैठक

# सरकारें हिंदू मंदिरों को वापस हिंदू समाज को सौंपे : आलोक कुमार

**प्रत्येक राज्य की राजधानी और महानगरों में बुद्धजीवी समाज की सभाएं कर इसके लिए व्यापक जन समर्थन जुटायेंगे**

**मंदिर के पैसों को केवल हिंदू कार्यों के लिए खर्च किया जाना चाहिए, इस संबंध के कानून में पूरी तरह से पारदर्शी बही-खाते और अंकेक्षण की व्यवस्था होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित विश्व हिंदू परिषद (विहिप) शिविर में चल रही त्रि-दिवसीय बैठक रविवार को इस संकल्प से साथ पूरी हो गयी कि अब किसी भी स्थिति में हम मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिला कर ही रहेंगे। बैठक में उपस्थित देश - विदेश के 950 प्रतिनिधियों ने मिलकर एक बड़ी रणनीति भी बनायी है। इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विहिप के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि मंदिर मुक्ति आंदोलन के प्रथम चरण में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अन्य हिंदू संगठनों के साथ मिलकर प्रत्येक राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दे कर मांग करेंगे कि सरकारें हिंदू मंदिरों को वापस हिंदू समाज को सौंपे।

उत्तर भारत और दक्षिण भारत में बड़ी जनसभाएं कर इस संबंध में अपनी मांगे बुलंद करेंगे। आंदोलन के दूसरे चरण में प्रत्येक राज्य की राजधानी और महानगरों में वहां के बुद्धजीवी समाज की सभाएं कर इसके लिए व्यापक जन समर्थन जुटायेंगे। जिन राज्यों में यह समस्या ज्यादा विकट है, वहां आगामी विधानसभा सत्र के दौरान हमारे कार्यकर्ता विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों से मिलकर वहां के राजनीतिक दलों पर मंदिरों की मुक्ति हेतु दबाव बनायेंगे।

आलोक कुमार ने कहा कि हमारा मत है कि मंदिर के पैसों को केवल हिंदू कार्यों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। इस संबंध के कानून में पूरी तरह से पारदर्शी बही-खाते और अंकेक्षण की व्यवस्था होगी।

**मंदिर प्रबंधन में बाहरी नियंत्रण स्वीकार्य नहीं**

**कुंभ मेला क्षेत्र में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विहिप अध्यक्ष ने बताया कि बैठक में इस बात पर भी सहमति बनी कि मंदिरों को अपने नियमित कामकाज के संचालन हेतु अधिकतम स्वतंत्रता होनी चाहिए। मंदिर प्रबंधन में किसी भी प्रकार का बाहरी नियंत्रण अब स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मंदिर मुक्ति आंदोलन में हम केवल उन्हीं मंदिरों की बात कर रहे हैं जो अभी तक सरकारी नियंत्रण में हैं, अन्य मंदिरों की नहीं।**

मंदिरों के संचालन में संपूर्ण हिंदू समाज की सहभागिता और मंदिरों के लिए बने ट्रस्ट में अन्य लोगों के साथ महिलाओं व अनुसूचित समाज का प्रतिनिधित्व भी होगा।

**मंदिरों के अर्चकों, पुरोहितों, कर्मचारियों के वेतन भत्ते में कोई कमी नहीं होगी :** मंदिरों के अर्चकों, पुरोहितों व अन्य कर्मचारियों को मिलने वाले वेतन व भत्तों में कोई कमी नहीं की जायेगी और किसी भी हालत में उनका वेतन उस राज्य के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन से काम नहीं होगा। उन्होंने यह भी बताया कि विहिप प्रतिनिधि जब मुख्य मंत्रियों को मिलने जायेंगे तो वह अपने साथ उस राज्य के लिए इस संबंध में प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप भी उनको सौंपेंगे। बैठक में देश भर के सभी प्रांतों के अलावा ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, हांगकांग मॉरीशस, दक्षिणी अफ्रीका, फ्रांस, थाइलैंड, श्रीलंका, नेपाल बांग्लादेश, गुयाना जैसे अनेक देशों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी व स्व का बोध जैसे पांच परिवर्तनों को भी जनमानस के आचार व्यवहार और संस्कारों का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया गया। विश्व भर में हिंदू समाज से जुड़े अन्य ज्वलंत मुद्दों पर भी विस्तार से विचार विनिमय हुआ।

इस बैठक में युग पुरुष पूज्य स्वामी परमानंद महाराज व बौद्ध लामा चोस फेल ज्योतपा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसवोले और पूर्व सर कार्यवाह व विहिप के पालक अधिकारी भैया जी जोशी भी उपस्थित रहे।

---

## विश्वकर्मा जयंती सह मिलन समारोह का आयोजन

# विश्वकर्मा समाज में एकजुटता जरूरी : सुदिव्य कुमार सोनू

**इसी एकजुटता के कारण सदर विधायक से लेकर मंत्री बनकर आपकी सेवा में उपस्थित हूं**

**नगर विकास मंत्री ने किया विश्वकर्मा भवन का उद्घाटन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** विश्वकर्मा समाज की ओर से रविवार को कमरशाली स्थित धोबिया अहरी में समाज के प्रस्तावित मंदिर स्थल में भगवान विश्वकर्मा की जयंती सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवनिर्मित विश्वकर्मा भवन का उद्घाटन राज्य के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, गिरिडीह के पूर्व एसपी दीपक कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त डीएसपी संजय राणा के साथ समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, प्रदेश महासचिव देवकी राणा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मौके पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने समाज की एकजुटता पर खुशी जताते हुए कहा कि आज ये देखकर गर्व महसूस हो रहा है कि गिरिडीह में विश्वकर्मा समाज में एकता दिख रही है। कहा कि इस एकता को ऐसे ही बनाये रखना है। क्योंकि इसी एकजुटता के कारण सदर विधायक से लेकर मंत्री बनकर राज्य की सेवा करने का अवसर मिला है।




उन्होंने समाज में शिक्षा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए कहा कि इसी शिक्षा के कारण विश्वकर्मा समाज में आइपीएस दीपक शर्मा बने, वहीं संजय राणा जैसे डीएसपी भी तैयार हुए। कहा कि विश्वकर्मा समाज को ये समझना जरूरी है कि वो शिल्पकार भगवान के समाज से जाने जाते हैं और उन्हें संपूर्ण समाज का निर्माण करने में अहम भूमिका निभाना है। समारोह को पूर्व एसपी दीपक कुमार शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा, प्रदेश महासचिव देवकी राणा ने भी संबोधित किया। जयंती समारोह में आजसू नेत्री प्रियंका शर्मा, संदीप राणा, भाजपा नेत्री उषा कुमारी, देवनाथ राणा समेत समाज के काफी संख्या में लोग शामिल थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 25.8 °c | 10.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.41 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



## कोल इंडिया रांची मैराथन 2025 का भव्य समापन

# विजेताओं को कोल इंडिया की ओर से 35.1 लाख से अधिक की पुरस्कार राशि दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम मोरहाबादी में आयोजित कोल इंडिया रांची मैराथन 2025 का भव्य समापन हुआ। सीसीएल (सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड) द्वारा आयोजित इस मैराथन में 10,000 से अधिक धावकों ने भाग लिया। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआइ) और एआइएमएस द्वारा प्रमाणित इस आयोजन ने धावकों को एक ऐतिहासिक अनुभव प्रदान किया।

कार्यक्रम में पूर्व न्यायाधीश, उच्च न्यायालय झारखंड, एसएन पाठक, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष पीएम प्रसाद, सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, और अन्य राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, सीसीएल कर्मी और समाजिक हितधारक उपस्थित थे। मैराथन का शुभारंभ फ्लैग ऑफ के साथ किया गया। यह मैराथन सुबह 5:00 बजे बिरसा मुंडा स्टेडियम से शुरू होकर कांके रोड होते हुए पुनः मोरहाबादी में संपन्न हुई। विजेताओं को कोल इंडिया द्वारा 35.1 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि प्रदान की गयी। यह आयोजन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में आयोजित किया गया।

इस आयोजन में पद्म विभूषण विजेता और भारतीय बॉक्सिंग स्टार मैरी कॉम भी मुख्य आकर्षण रहीं, जिन्होंने सभी धावकों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा, यह आयोजन साबित करता है कि भारत में खेलों के प्रति जुनून लगातार बढ़ रहा है। मैं इस भव्य आयोजन के लिए सीसीएल को बधाई देती हूं और आशा करती हूं कि भविष्य में यह और भी बड़ा होगा। कोल इंडिया के अध्यक्ष पीएम प्रसाद ने कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस के बारे में जागरूकता फैलाना है। यह केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का मंच है। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने कहा, सीसीएल अपने हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस मैराथन का आयोजन न केवल खेल भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में एकता और सौहार्द्र की भावना को भी प्रोत्साहित करता है।

कार्यक्रम के दौरान पूरी सुरक्षा और सुविधा प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया था, जिसमें एनर्जी स्टेशन, जल आपूर्ति केंद्र, मेडिकल सहायता और एंबुलेंस की व्यवस्था की गयी थी। सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह के नेतृत्व में यह आयोजन खेल, स्वास्थ्य और समाज की भलाई के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।




## विजेताओं की सूची

### फुल मैराथन (42 किमी) - पुरुष श्रेणी
- ज्ञान बाबू (2:26:25) - 3.3 लाख रुपये
- राज शेखर पाठक (2:31:03) - 2 लाख
- दीपा राम (2:34:49) -1.1 लाख

### फुल मैराथन (42 किमी) - महिला श्रेणी
- रीनू (2:53:31) - 3.3 लाख रुपये
- अर्पिता सैनी (3:03:23) - 2 लाख
- भारती (3:04:08) - 1.1 लाख

### हाफ मैराथन (21 किमी) - पुरुष श्रेणी
- हरमनजोत सिंह (1:05:14) - 2.2 लाख
- लोकेश चौधरी (1:05:57) - 1.1 लाख
- अभिषेक (1:06:20) - 55 हजार

### हाफ मैराथन (21 किमी) - महिला श्रेणी
- भारती नैन (1:15:32) - 2.2 लाख रुपये
- ममता राजभर (1:20:45) - 1.1 लाख
- डिंपल सिंह (1:21:29) - 55 हजार

### 10 किमी दौड़ - पुरुष श्रेणी
- शुभम सिंधु (0:29:31) - 1.1 लाख रुपये
- आनंद (0:29:42) - 75 हजार
- अजय कुमार बिंद (0:30:01) - 55 हजार

### 10 किमी दौड़ - महिला श्रेणी
- केएम ज्योति (0:34:16) - 1.1 लाख
- पूजा वर्मा (0:34:27) - 75 हजार
- केएम संगीता पाल (0:35:39) - 55 हजार

छात्र आंदोलन कुचलने की कोशिश, भाजपा ने राज्य सरकार को घेरा

# सीयूजे में छात्रों पर केस कर भय उत्पन्न करने का प्रयास: अजय साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) में छात्रों के आंदोलन और सरकार द्वारा उन पर दर्ज किये गये मामलों को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना छात्रों का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उनके खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज करना यह दर्शाता है कि सरकार छात्रों में भय का माहौल बनाना चाहती है।

श्री साह ने कहा कि साथी छात्र की मृत्यु के मामले में छात्रों ने सिर्फ रांची के डीसी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन इसके बदले उन पर लाठीचार्ज किया गया और गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि लगभग 15-20 छात्रों के नाम से और 150 से अधिक अज्ञात छात्रों पर ऐसे मुकदमे दर्ज किये गये हैं, जैसे वे झारखंड के छात्र नहीं बल्कि कोई आतंकवादी हों। श्री साह ने



आरोप लगाया कि जेएमएम सरकार छात्र आंदोलनों को दबाने के उद्देश्य से डर का माहौल बना रही है। सरकार छात्रों से किये गये अपने वादों को पूरा करने में असफल हो रही है।

श्री साह ने हेमंत सरकार से अपील करते हुए कहा कि अपने ही प्रदेश के छात्रों के खिलाफ इतना कठोर रवैया अपनाना उचित नहीं है। सरकार को छात्रों के प्रति उदारता दिखानी चाहिए। यदि कुछ छात्र उग्र भी हो गये थे, तो उनसे माफीनामा लेकर या अभिभावकों से संवाद कर मामला सुलझाया जा सकता था। बीएनएस की धारा 121(1) जैसी संगीन धाराओं के तहत मामले दर्ज होने से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो जायेगा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** जमीन-जायदाद, स्थिर सम्पत्ति से संबंधित काम बनेंगे, दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।

**वृष** भाग्य-कर्म-प्रारब्ध के सहयोग से विवादास्पद मामलें दूर होगी, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।

**मिथुन** साहस-पराक्रम-पुरुषार्थ से आवश्यक कार्य में सफलता मिलेगी, रोजी-रोजगार में शफलता।

**कर्क** राजनीति के क्षेत्र में ऊंचाई को छुएंगे। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी, बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी।

**सिंह** गुप्त शत्रुओं पर विजय मिलेगा, आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा, आर्थिक लाभ।

**कन्या** चिर-परिचित लोगों से मुलाकात होगी।अनायास धन व कार्य की प्राप्ति होगी।

**तुला** नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।

**वृश्चिक** रोजी-रोजगार के क्षेत्र से कोई शुभ समाचार मिलेगा,मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**धनु** सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।

**मकर** मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्याएं हल होंगी, कोई नये कार्य की योजना सफल होगी।

**कुंभ** आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है,घर में कोई शुभ कार्य सम्पन्न कर सकते हैं।

**मीन** आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं, परिवार में नये मेहमान का आगमन होगा।

# बाबा के आशीर्वाद से सब कुछ सही रहेगा : कुमार विश्वास

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** देश के जाने-माने कवि और कथावाचक कुमार विश्वास ने रविवार को बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने विधि-विधान से कामना लिंग का जलाभिषेक किया। बैद्यनाथ मंदिर के मुख्य प्रबंधक रमेश परिहस्त ने उन्हें संकल्प कराया। कुमार विश्वास के साथ स्थानीय बीजेपी नेता अभय आनंद झा भी



मौजूद थे। कुमार विश्वास धनबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेकर देवघर लौटे थे। इसके बाद देवघर एयरपोर्ट से दोपहर में दिल्ली के लिए रवाना हो गये। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कुमार विश्वास ने दिल्ली चुनाव परिणाम पर अपने अंदाज में टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ का दर्शन करके आया हूं और ऐसे पूण्य पर्व पर किसी तरह की टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए। बाबा का पूजन करके बड़ा आनंद में हूं। उनके आशीर्वाद से सब ठीक रहेगा।



आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in
04

## भाजपा की जीत पर सतगावां के भाजपाइयों में हर्ष

सतगावां (आजाद सिपाही)। देश की राजधानी में भाजपा को 27 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद प्रचंड बहुमत से जीत मिली है। इसे लेकर सतगावां के भाजपाइयों में हर्ष व्याप्त है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह ने बताया कि काफी लंबे वक्त के बाद भाजपा दिल्ली में घर वापसी किया है। सिर्फ मोदी की गारंटी से ही भाजपा को इतनी बड़ी जीत मिली है। जबकि पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि जिस प्रकार जनता भाजपा को प्रचंड जीत दिला रही है, उससे साफ जाहिर होता है कि अभी भी देश में मोदी की गारंटी चल रही है। भाजपा के मनोज भगत ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा शासित राज्यों में विकास हुआ है और देश अग्रतर उन्नति कर रहा है, जिससे प्रभावित होकर जनता अब भाजपा को ही चुन रही है। देश की राजधानी दिल्ली में भाजपा की जीत पर हर्ष व्यक्त करने वालों में रंजीत सिंह, धनंजय यादव, नरेश यादव, जयशंकर प्रसाद, बंटी राउत, कौशल सिंह, ब्रह्मदेव यादव सहित अन्य लोग शामिल हैं।

## नेशनल पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को भावपूर्ण विदाई दी



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड सीबीएसई से मान्यता प्राप्त नेशनल पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड परसाबाद में रविवार को वर्ग दशम के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर बीएनपी बर्णवाल, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। विदाई समारोह में वर्ग 8 और 9 के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अद्भुत प्रदर्शन करके सब का मनमोह लिया। विद्यालय के निदेशक मुस्ताक खान ने विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया। डॉ बीएनपी बर्णवाल ने कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से कुछ विद्यालय में 10 वर्षों तक पढ़ाई किए हैं, निश्चित तौर पर विद्यालय के सभी शिक्षक हमेशा आप लोगों को याद रखेंगे। वहीं पासवा के प्रदेश सचिव तौफीक ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। आप लोगों का इस विद्यालय में हमेशा कमी खलेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक ऋतुराज सिंह, महेंद्र यादव, अब्दुल वहाब, साबिर खान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र छात्रा उपस्थित थे।

## यज्ञ करने से मानसिक शांति मिलती है : बसंत शास्त्री



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पहरीडीह में 1008 श्री शतचंडी महायज्ञ 6वां दिन यज्ञाचार्य सह आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज ने कहा कि यज्ञ से कई तरह के फायदे होते हैं, यज्ञ को अग्निहोत्र, देवयज्ञ, होम, हवन, अध्वर भी कहा जाता है। यज्ञ करने से आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों तरह के फायदे होते हैं। यज्ञ करने से देवताओं को प्रसन्न किया जा सकता है, यज्ञ करने से मानसिक शांति मिलती है और तनाव कम होता है। उन्होंने बताया कि यज्ञ से पर्यावरण शुद्ध होता है, यज्ञ से वायु, वृष्टि, जल की शुद्धि होती है। यज्ञ से रोग-नाशक औषधियां शुद्ध होती हैं। यज्ञ से घर की हवा शुद्ध होती है, यज्ञ से कुंडली के दोष का निवारण किया जा सकता है। यज्ञ से भगवान का आशीर्वाद मिलता है। यज्ञ से घर की सुख-समृद्धि बढ़ती है। यज्ञ से सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है। उन्होंने कहा कि यज्ञ से साधक की आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है। यज्ञ को सनातन धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यज्ञ को वैदिक परंपरा में किसी भी तरह के धार्मिक अनुष्ठान का अहम हिस्सा माना जाता है। यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हो रहे हैं।

## पुलिस ने दो एकड़ में लगे अफीम के पौधे को नस्ट किया



केरेडारी (आजाद सिपाही)। केरेडारी पुलिस ने मनातू पंचायत के माधोपुर गांव में करीब दो एकड़ में लगे अफीम के पौधे को नस्ट किया। क्षेत्र में अफीम की अवैध खेती की गुप्त सुचना मिलने के उपरांत थाना प्रभारी विवेक कुमार यादव ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना में कार्यरत सुरक्षा बलों के साथ मनातू पंचायत के माधोपुर गांव पहुंचे और करीब दो एकड़ में लगे अफीम के पौधे को नष्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों को सख्त हिदायत भी दिया की इस प्रकार की खेती बिल्कुल भी न करें, अगर ऐसी सूचना मिलती है, तो सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## पुत्री के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार



दुष्कर्म का आरोपी पिता।

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत सौतेले पिता के द्वारा पुत्री के साथ मारपीट व दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बाबत थाना कांड संख्या 10/25 में नाबालिग के पिता रंजीत कुमार पर दुष्कर्म व मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि 8 फरवरी को सौतेले पिता द्वारा नाबालिग बेटी के साथ यौन शोषण का मामला सामने आया था। जिसे लेकर पीड़िता की मां ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें कहा गया था कि 2016 में उनके पहले पति की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद बच्ची की बेहतर परवरिश के लिए उन्होंने दूसरी शादी की थी। दूसरी शादी से उन्हें एक पुत्र और एक पुत्री भी हुई, लेकिन उनके दूसरे पति की बुरी नजर 15 वर्षीय सौतेली बेटी पर पड़ने लगी। करीब डेढ़ साल पहले जब बेटी ने मां से यौन शोषण की शिकायत की तो समाज की लोक-लाज के कारण मां ने बेटी को नानी के घर भेज दिया। हालांकि, कुछ दिन पहले आरोपी सौतेला पिता बेटी को जबरन नानी के घर से वापस ले आया और फिर से उसके साथ दुष्कर्म करने लगा। पीड़िता द्वारा दोबारा शिकायत किये जाने पर मां ने इस बार बाल संरक्षण इकाई और पुलिस में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसके बाद डोमचांच पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## नशा मुक्त भारत अभियान को लेकर डोमचांच में शोभा यात्रा

कोडरमा (आजाद सिपाही)। भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग एवं नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो भारत सरकार और मेडिकल विंग ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू के संयुक्त तत्वाधान में चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान का एक शोभा यात्रा ब्रह्मा कुमारीज के स्थानीय शाखा ढाब रोड डोमचांच नगर से होते हुए हनुमान मंदिर, शहीद चौक, बाजार रोड़, काली मंडा होते हुए ढाब रोड सेवा केंद्र पर आकर समापन किया गया। कार्यक्रम में डॉ आर विश्वास, डॉ आई सी दास, उमेश वर्मा, विनोद, रंजीत, नारायण, मुकेश भाई, पवन उपस्थित रहे। इसी कड़ी में डोमचांच और कोडरमा के कई स्कूलों और कॉलेजों में नशा मुक्ति भारत अभियान का कार्यक्रम किया गया हैं। स्थानीय शाखा सेवा केंद्र संचालिका बीके अनीता दीदी ने कहा कि शहर में रैली के माध्यम से नशे के नुकसान के बारे में अभियान के अंतर्गत जो आयोजन किया गया, इससे निश्चित ही समाज को एक संदेश गया कि नशा अंततः नाश ही करता है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बीके पूर्णिमा बहन ने मेडिटेशन के द्वारा ग्रहण शांति की अनुभूति कराया। कार्यक्रम में मीणा बहन, देवंती बहन, शांति माता, दुर्गा माता, बेदामी माता, सावित्री माता, आरती बहन, पार्वती माता, उमा माता, कंचन माता, सरोज माता आदि मौजूद थीं।

# सड़क निर्माण की खराब गुणवत्ता देख भड़के ग्रामीण, किया विरोध

**ग्रामीणों ने कहा कि बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही कराया जा रहा निर्माण कार्य**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतगावां।** प्रखंड के बासोडीह से कानीकेंद मार्ग का ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा अनियमितता बरती जा रही है। ऐसा आरोप लगाते हुए ग्रामीण सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे और संवेदक और अधिकारियों के प्रति आक्रोश जताया। राजीव रंजन, प्रमोद यादव, विकास कुमार, अमित कुमार, ब्रह्मदेव यादव, पंकज कुमार, रवि राज सहित दर्जनों ग्रामीणों ने कहा कि संवेदक विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर घटिया सड़क का निर्माण करा रहा है। सड़क निर्माण में खराब सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। पानी सही मात्रा में नहीं देने से ग्रामीण नाराज हैं। निर्माण कार्य घटिया तरीके से किया जा रहा है। बिना पदाधिकारियों और बिना इंजीनियर की उपस्थिति में ही संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इससे सड़क की गुणवत्ता पर सवालिया निशान खड़ा होने लगा है। ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर विभाग द्वारा अविलंब एक सप्ताह के अंदर जांच कर कार्रवाई नहीं की गयी, तो उक्त सड़क निर्माण कार्य को बंद करा दिया जायेगा। ज्ञात हो कि इस सड़क निर्माण की शुरूआत से ही बरती जा रही अनियमितता को लेकर ग्रामीण लगातार विरोध प्रकट करते आ रहे हैं। ग्रामीणों के आरोप को दरकिनार करते हुए संवेदक मनमानी रवैया अपनाते हुए गड़बड़ कार्य कराने में लगे हुए हैं। इसी का ग्रामीणों ने विरोध किया। इस दौरान ग्रामीण काफी आक्रोशित थे।

# ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में पांचवां वार्षिक महोत्सव संपन्न, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

आजाद सिपाही संवाददाता



**दारू (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जिनगा स्थित ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल में रविवार को पांचवां वार्षिक महोत्सव बेहद उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस भव्य समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा और रीमा मिश्रा ने किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि दारू प्रखंड जिला परिषद सदस्य गीता देवी और जिनगा पंचायत की मुखिया पिंकी देवी, शशि भूषण, रमेश प्रसाद और मंजीत वर्मा ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

**बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, विज्ञान प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र :** विद्यालय के कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विज्ञान प्रदर्शनी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रगान पर नृत्य, सोलर सिस्टम, प्यूरिफाई वाटर, ह्यूमन बॉडी, स्मार्ट सिटी जैसी शानदार विज्ञान प्रदर्शनी प्रस्तुत की गयी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बेस्ट स्टूडेंट, स्टूडेंट ऑफ द ईयर, बेस्ट पेरेंट्स एवं विद्यालय में कार्यरत ड्राइवरों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए।

चाणक्य आईएएस अकादमी के डायरेक्टर विनय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने दें। नकारात्मक सोच से बचें और उनके सपनों को साकार करने में सहयोग करें। वहीं, रीमा मिश्रा ने कहा कि आपके बच्चे ही आपका भविष्य हैं, इसलिए उनके लालन-पालन और आचरण पर विशेष ध्यान दें। अब ग्रामीण और शहरी स्कूलों में कोई अंतर नहीं रह गया है। विद्यालय के डायरेक्टर शशि भूषण ने कहा कि यह कार्यक्रम स्कूल परिवार के सहयोग से सफल हुआ। हमारे छात्र भविष्य में निश्चित रूप से नये कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

इस खास अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य द्वारिका कुमार दास, शिक्षक परमेश्वर प्रसाद, आकाश प्रसाद, विशाल प्रसाद, सुनीता गुप्ता, मीनू राणा सहित भारी संख्या में अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी समूह ने किया सामूहिक मिलन सह वनभोज का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** रविवार को महुदी पहाड़ स्थित डुमारो नदी के समीप जंगल में सोशल मीडिया समूह हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी के द्वारा सामूहिक मिलन समारोह सह वनभोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हजारीबाग और आसपास के जिलों के लोग शामिल हुए।

समूह के सदस्यों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य हजारीबाग के प्राकृतिक स्थलों का प्रचार-प्रसार कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराना है। ऐसे कई खूबसूरत स्थान आम लोगों की नजरों से दूर हैं, जिन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए। हजारीबाग द फाइनेस्ट सिटी समूह हमेशा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है। जिससे हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को नई पहचान मिल सके। इस आयोजन ने पर्यटन और सामुदायिक एकजुटता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ? उक्त आशय की जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता बिंदु दांगी ने दी है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से उप प्रमुख वचन देव कुमार, रंजीत सोनी, राज मेहता, रुपेश सोनी, मनिंदर शर्मा ,सुबोध शर्मा, उदय मेहता, सुशांत सोनी, किशोर कुमार मेहता, सनी मेहता, बबलू कुमार, सुमित कुमार, विकास कुमार, सरोज कुमार, पंकज कुमार के अलावा अन्य कई लोग उपस्थित थे।

# बड़कागांव में ब्राउन शुगर का धंधा जोरों पर

## नशे के आगोश में जा रहे हैं बड़कागांव के नौजवान

पिंटू कुशवाहा दिनकर



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में ब्राउन शुगर की बिक्री खुलेआम की जा रही है। यह ब्राउन शुगर की पुड़िया ऐसे आम सामान के जैसा मिल रहा है मानो जैसे हम दूध किया पैकेट खरीदने जा रहे हैं। जो कि बड़े ही आसानी से सब जगह मिल जा रहा है। इन विक्रेताओं के इतना बड़ा चैन बन गया है कि यह लोग हर गली मोहल्ले में आपको दिख जाएंगे। ब्राउन शुगर के कारण किशोर व युवा वर्ग नशे के गिरफ्त में आ गये हैं। जिससे घर परिवार तबाह हो रहे हैं है। बड़कागांव के हर गली मोहल्ले में ब्राउन शुगर का नशा करने वालों युवक दिखते हैं। हालांकि बड़कागांव पुलिस द्वारा कभी कभार धड़ पकड़ कर एक दो लोगों को जेल भी भेजा गया है। लेकिन ब्राउन शुगर के विक्रेताओ पर पूर्ण रूप से शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। इसपर पुलिस द्वारा अभियान चलाये जाने की जरूरत है। ब्राउन शुगर का नशा करने वाले युवकों के अनुसार ब्राउन शुगर के कारोबार नशीली पुड़िया लेकर कई टोले मोहल्ले में घूम घूम कर बेचने का काम करते हैं। जिससे बड़कागांव के नौजवान इस नशीली पुड़िया के चपेट में आने से मौत के मुंह में अपने आप को समा रहे हैं। यह कारोबार बड़का गांव में इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि ना जाने कब आपके घर के बच्चे इस नशे के शिकार हो जाए कोई नहीं जान सकता। अगर पुलिस इस कारोबार पर पूर्ण रूप से शिकंजा नहीं करता है तो आने वाला दिनों में बड़का गांव में कोई भी युवा नहीं दिखेगा।

**500 रुपये में मिलता है प्रतिपुड़िया :** सूत्रों के अनुसार नशीली पुड़िया 500 से 600 रुपये में नशा करने वाले युवकों को उपलब्ध हो जा रहा है। जानकारों की माने तो बड़कागांव में इतने बड़े पैमाने पर ब्राउन शुगर की तस्करी की जा रही है कि बड़कागांव प्रखंड के लोग तो दूर उरिमारी, भुरकुंडा, रामगढ़, केरेडारी टंडवा, सिमरिया, चतरा सहित अन्य जगह से लोग बड़कागांव में पहुंचकर नशे की पुड़िया खरीदते हैं। इस नशा में बड़कागांव के नौजवान इस कदर डूब गये हैं कि वाह ब्राउन शुगर को खरीदने के लिए किसी भी हद तक गुजर जाते हैं। यह युवक कई बार अपने घर के कीमती सामानों को भी बेच कर ब्राउन शुगर खरीदने का जुगाड़ लगा लेते हैं। हर दिन इस नशे में सैकड़ों युवक अपना लत लगा रहे हैं, जिससे उनके परिवार वाले काफी परेशान रहते हैं। जानकार बताते हैं कि यह नशा करने से शरीर को कंट्रोल से बाहर कर देता है और कोई भी कुछ भी करवा सकता है। और दोबारा इस नशे को लेने के लिए शरीर व्याकुल हो जाता है।

**अभिभावक की आप बीती कहानी :** एक अभिभावक ने नाम नहीं छापने के शर्त पर बताया कि हमारा बच्चा ब्राउन शुगर के लत में बर्बाद हो गया है। पहले वह किसी बहाने से 500 रुपये मांगता था और ब्राउन शुगर का नशा करता था। जब हम लोगों को जानकारी मिली तो, पैसा देना छोड़ दिया। लेकिन वह ब्राउन शुगर के लिए कोई भी कदम उठा लेता है। पैसे नहीं देने पर मारने पीटने पर उतारू हो जाता है, या फिर छोटा-मोटा सामान चोरी कर उसे बेचकर ब्राउन शुगर प्राप्त कर लेता हैं।

### कहां-कहां मिल रही है नशीली पुड़िया

ब्राउन शुगर लेने वाले युवक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि पत्थलगड्डा के एक गांव में बेचने वाला आता है, वह बड़कागांव गुरुचट्टी, रामजनकी मंदिर के सामने ग्वांट के पास, बसरिया मोहल्ला, पीपल नदी, तरीवा नदी, नटराज नगर, रामसागर तालाब के पास,चोरका रोड, महटीकरा चौक, प्रेम नगर, हरली, बादम, विश्रामपुर, बलिया, डोकाटांड़, नयाटांड सहित चौक चौराहे में घूम घूम कर बिक्री करता है।

### ब्राउन शुगर लेने वालों का अड्डा

बालिका उच्च विद्यालय के बगल, एनटीपीसी आरएनआर कॉलोनी, चोरका नदी, पीपल नदी, बकाचौक मोबाइल टावर के पास, रामसागर तालाब के पास, मंझला बाला नदी के पास, शनिचर बाजार, हरली बुध बाजार, हरली मेला टांड़, बीएमसी ग्राउंड बादम, भगवान बागी सहित कई जगहों पर नशेड़ियों का अड्डा रहता है।

## समाज सेवी की कृति को हमेश याद करेंगे लोग : जिप अध्यक्ष



इचाक (आजाद सिपाही)। दरिया के स्वतंत्रता सेनानी सोना महतो के पुत्र स्व बद्री महतो और उनकी पत्नी भगिया देवी की 26वीं पुण्यतिथि मनायी गयी। पुण्य तिथि की शुरूआत जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता ने समाज सेवी बद्री महतो और भगिया देवी के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्यकर्ताओं की कृति सदा अमर रहती है, जिसके चलते समाज उन्हें बार-बार याद करता है। पुष्पांजलि भेट करने वालों में मृतक के बड़े पुत्र बैजनाथ प्रसाद मेहता, बीरबल प्रसाद मेहता, लखन कुमार मेहता, बहु जीरवा देवी, रेशमी देवी, मालती देवी, पोते राम कुमार मेहता, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि अशोक मेहता, पूर्व मुखिया भागवत मेहता समेत अन्य कई लोग शामिल थे।

## पुलिस ने तीन आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। बरकट्ठा थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों में तीन आरोपियों के घर इश्तहार चिपकाया है। बरकट्ठा थाना के एसआई सुभाष राम ने रविवार को कार्यवाई किया। पुलिस ने बरकट्ठा थाना कांड संख्या 168/2022 के अभियुक्त ग्राम तुइयो निवासी निर्मल राणा पिता स्व चेतलाल राणा, कांड संख्या 64/2024 के अभियुक्त ग्राम सलैया निवासी सुभाष प्रसाद पिता रुप नारायण प्रसाद तथा कांड संख्या 113/2024 पोक्सो एक्ट के अभियुक्त ग्राम बरवां निवासी अजीत कुमार मंडल पिता प्रकाश मंडल के घर जाकर इश्तहार चिपकाया है. बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपियों के घर इश्तहार का तामिला किया गया है।

## वनांचल शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय में वार्षिकोत्सव मना



मरकच्चो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के महुंगाय पंचायत स्थित रूपलाल नगर बरवाडीह में वनांचल शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह धूम धाम से 9 फरवरी को मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य प्रतिनिधि सह भाजपा नेता राजकुमार यादव, स्थानीय मुखिया सुनील यादव, विद्यालय के निर्देशक गंगाधर राणा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पासवा सह उपप्राचार्य राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय झुमरी तिलैया डॉ बीएनपी वर्णवाल व संचालन शिक्षक सुभाष राणा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि शिक्षा हमारी तीसरी आंख है, जिसके बिना हम सही रास्ता नहीं देख पाते। वहीं बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिप उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रखंड प्रमुख मरकच्चो बिजय कुमार सिंह, जिप सदस्य दक्षिणी प्रतिनिधि सह समाजसेवी रवि शंकर तिवारी मंटू, पंचायत समिति सदस्य नसीम अंसारी, पूर्व मुखिया पंकज राणा समेत विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिका उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में एक गिरफ्तार

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव थाना में अपनी नाबालिक बेटी को भगाने के मामले में भुक्तभोगी पिता ने थाने में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। जिस पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 29/ 25 के प्राथमिक अभियुक्त मोहम्मद राजा पिता मोहम्मद बबलू ग्राम गुरु चट्टी को नाबालिक लड़की के भागने के आरोप में बड़कागांव थाना पुलिस अवर निरीक्षक सावित्री कश्यप सहित सशस्त्र बल के जवान ने गिरफ्तार कर न्याय हिरासत के लिए भेज दिया।

## मकान में लगी आग ,घर के समान राख

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के गाल्होबार स्थित केंदुवाडीह निवासी दशरथ महतो के खपरैल के कच्चे मकान में अचानक आग लग गयी, जिससे घर में रखे मवेशी का चारा, (पुआल) के साथ ईंट-भट्ठा बनाने के लिए घर में रखा कोयला पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। मकान में आग कैसे लगी, इसकी कोई जानकारी नहीं मिली है। गलीमत रही की किसी की जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। यह घटना तकरीबन रविवार की सुबह साढ़े सात बजे की है। मुखिया मंजू देवी को सूचना दी गयी। जब तक अग्निशामक यंत्र (फायर ब्रिगेड) को जानकारी दी जाती, तब तक मकान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया, इस घटना में पीड़ित परिवार को काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मुआवजा और मकान मुहैया करायी जाये।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह रेलवे लाइन जयनगर रोड रेलवे पुल के समीप ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान पंजाब होटल के समीप रहने वाले सचिन कुमार उर्फ बजरंगी (23, पिता भोला लाहेरी) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार उक्त युवक रेलवे ट्रैक से होकर अपने घर जा रहा था। इसी क्रम में एक मालगाड़ी की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस और परिजनों ने मौके पर पहुंचकर घायल को युवक को सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी।

## जंगली हिरण का बच्चा भटककर पहुंचा गांव, ग्रामीणों ने पकड़कर वन विभाग को सौंपा



बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के बरवां गांव में रविवार को एक जंगली हिरण का बच्चा भटककर गांव पहुंच गया और ग्रामीण अनिल कुमार पिता नुनु प्रसाद के घर में अचानक घुस गया, हिरण को देख परिवारजन आश्चर्यचकित रह गये और इसकी सूचना आस पड़ोस के लोगों को दिए और ग्रामीणों की मदद से हिरण के बच्चे को पकड़ लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने हिरण के बच्चे को अपने कब्जे में ले लिया। हिरण की बच्चे का वजन करीब 30-40 किलोग्राम का बताया जा रहा है।

## कलहाबाद +2 उच्च विद्यालय में बैच 5 की प्रथम स्टेज वन की परीक्षा संपन्न

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम कलहाबाद +2 उच्च विद्यालय में ड्रीम बूस्टर फाउंडेशन के द्वारा बैच 5 का प्रथम स्टेज वन की परीक्षा संपन्न हुआ। प्रारंभिक परीक्षा में कुल 64 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कलहाबाद, गयपहाड़ी, पेंसरा, गंगपांचो, किमानिया, सलैया एवं गुंजरा गांव के बच्चे सम्मिलित हुए। परीक्षा प्रधानाध्यापक शशिभूषण प्रसाद की देखरेख एवं फाउंडेशन के संस्थापक केदार प्रसाद एवं सह संस्थापाक बाबूलाल प्रसाद के निर्देशन में लिया गया। केदार प्रसाद ने बताया कि डीबीएफ के द्वारा गांव के निर्धन एवं सुविधाविहीन बच्चों को राज्य के प्रतिष्ठित विद्यालयों जवाहर नवोदय, सैनिक स्कूल, नेतरहाट, इंदिरा गांधी, मुख्यमंत्री एक्सीलेंस विद्यालय आदि में नामांकन हेतु चयनित बच्चों को निःशुल्क शैक्षणिक सुविधा मुहैया कराती है। मौके पर हीरामन प्रसाद, प्रभात कुमार, मनु भाई, रविकान्त प्रसाद, शैलेश शरत समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# जूडो ट्रेनिंग सेशन में गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने सीखा सेल्फ डिफेंस



**स्वस्थ शरीर के साथ-साथ प्रतिद्वंदी को गिराने के लिए सेल्फ डिफेंस जरूरी : अध्यक्ष**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** इनरव्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के तत्वधान में शहर के सुभाष चौक स्थित गर्ल्स स्कूल में तीन दिवसीय जूडो ट्रेनिंग सेशन का आयोजन किया गया।

मौके पर क्लब की अध्यक्ष ने बताया कि जूडो ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य सेल्फ डिफेंस का ट्रेनिंग देना, जूडो एक जापानी मार्शल आर्ट है, यह एक लड़ाकू खेल है, जिसमें प्रतिद्वंद्वी को गिराने के लिए त्वरित गति और उत्तोलन का इस्तेमाल किया जाता है। जूडो में शारीरिक कौशल विकसित करने पर जोर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी जूडो का ट्रेनिंग क्लब के द्वारा गर्ल्स स्कूल में कराया गया है। स्कूली बच्चियों को शशि पांडेय के द्वारा जूडो ट्रेनिंग दी जा रही है। मौके पर स्वीटी सोनी, जसविंदर होरा, जसमीत कौर सोनी आदि उपस्थित थे।

# पंद्रह दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो थाना करेंगे जाम : सांसद

**मामला सोसो कलां में मूर्ति विसर्जन के दौरान पथराव का**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला के सोसो कलां गांव में मां सरस्वती मूर्ति विसर्जन के दौरान मुस्लिम समुदाय के दवारा पथराव किये जाने के बाद घटना की जानकारी लेने सांसद मनीष जयसवाल गांव पहुंचे। सांसद ने लोगों से घटना की विस्तृत जानकारी ली। ग्रामीणों ने सांसद को बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहले रास्ता रोका फिर फिर पथराव कर दिया। मां सरस्वती की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त भी कर दिया। इस घटना में पुलिस को भी हल्की चोट लगी थी। इस घटना का लिखित शिकायत थाना में किया गया। लेकिन अभी तक दोषियों पर



कानूनी करवाई नहीं की गयी है। पुलिस मामले को लीपापोती का प्रयास में है। उल्टा हमलोगों के उपर केस कर नोटिस भेज दिया गया। ग्रामीणों ने दोषियों पर अविलम्ब करवाई करने एवं झूठा केस को खत्म करने की मांग किया। सांसद ने कहा कि सरस्वती पूजा हिंदू समाज बड़े ही धूमधाम से मानते है। इसमें किसी से पूछने की जरूरत नहीं है कि कैसे पूजा करें। रास्ता पर किसी तरह का विवाद नहीं होना चहिये। रास्ता सब का है। उसमें कोइ भी समुदाय के लोग आना जाना कर सकते है। उन्होंने कहा कि एक समुदाय विशेष के लोग रामनवामी, सरस्वती पूजा, दुर्गा पूजा, यज्ञ आदि में हमेसा पथराव करते रहते है। इनलोगो को सरकार का संरक्षण प्राप्त होता है। उन्होंने पुलिस को पंद्रह दिनों का समय दिया है दोषियों पर करवाई करने के लिए। अगर करवाई नहीं होती है तो थाना को जाम किया जायेगा। इसका सारा जवाबदेही पुलिस कि होगी।

**सांसद ने थानेदार को लगाया क्लास**

सांसद मनीष जायसवाल ने गोला थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप को ग्रामीणों के एक सवाल पर क्लास लगा दी। सांसद ने कहा कि आप घटना के चश्मदीद गवाह है। इसके बाद हिन्दू समुदाय पर केस किया गया।

मौके पर भाजपा जिला महामंत्री विजय जायसावल, जिला मंत्री दिलीप सिंह, जिला मंत्री अनमोल सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, सूरज वर्मा, प्रीतम झा, बिक्की कुमार महतो, बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, बरलंग मंडल संयोजक महेन्द्र प्रसाद, संतोष कुशवाहा, विकास मनी पाठक, राम निवास सिंह, सनेहलता चौधरी, ललन कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग व स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि को लेकर कुजू कोलियरी में बैठक



**कुजू (आजाद सिपाही)।** महाशिवरात्रि को लेकर रविवार को शिव मंदिर कुजू कोलियरी में बैठक हुई। बैठक में महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही, पूजा के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमिटी के गठन किया गया। जिसमें संरक्षक राम सिंह, सच्चिदानंद झा, राम नरेश सिंह, उपेंद्र झा, अध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह, सचिव विवेक सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष आदित्य सिंह, सयुंक्त सचिव अंकित सिंह, कोषाध्यक्ष सरोजानंद झा शामिल रहे।

# दिल्ली में ऐतिहासिक जीत पर भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष ने किया हर्ष व्यक्त



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रेस बयान जारी कर दिल्ली चुनाव प्रचंड बहुमत पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी 27 साल बाद सरकार बनाने जा रही हैं। बड़ी जीत की नेतृत्व पीएम नरेंद्र मोदी ने की है। उनके कुशल मार्गदर्शन में पार्टी का संगठन मजबूत हुआ है। कहा अरविंद केजरीवाल का कि ला ध्वस्त हो गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह जेपी नड्डा और दिल्ली का संगठन को बधाई देता हूं। भाजपा ने दो तिहाई बहुमत से दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बना चुकी हैं। ऐतिहासिक जीत से देशभर के कार्यकताओं मै ऊर्जा और जोश आया है।

# आत्मा ने फसल सुरक्षा और गुणवत्ता पर की कृषक गोष्ठी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रजरप्पा।** 9 फरवरी को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) चितरपुर, रामगढ़ के द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के तहत पंचायत गांव मायल के सामुदायिक भवन में किसान गोष्ठी कार्यक्रम किया गया इस दरम्यान वार्ड सदस्य संगीता देवी, कृषि विशेषज्ञ, प्रखंढ तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली और कृषक मित्र सतीश कुमार उपस्थित रहे। प्रशिक्षणार्थी को सर्व प्रथम प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के द्वारा फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत होनेवाले कृषक गोष्ठी कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य से अवगत कराया गया। तदोपरांत कृषि विशेषज्ञ के द्वारा फसल सुरक्षा के महत्व के बारे में किसानों को बताया कि फसल सुरक्षा से न केवल फसल की गुणवत्ता में सुधार होता है, बल्कि यह किसानों की आय में भी वृद्धि करता है। फसल सुरक्षा के विभिन्न तरीकों के बारे में किसानों को बताया गया जैसे कि फसल की नियमित जांच करना फसल को नियमित रूप से पानी देना फसल में अनुशंसित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करना, फसल की विभिन्न बीमारियों की पहचान करने के तरीकों के बारे में किसानों को बताया। फसल की बीमारियों के नियंत्रण के तरीकों, मित्र किट व शत्रु किट के बारे में किसानों को विस्तृत रुप से जानकारी दी गयी। कृषि विशेषज्ञ ने कीटनाशी दवाएं बनाने की विधि एवं प्रयोग कैसे करे इस संबंध में बताया रस चूसने वाले कीट एवं छोटी सुंडी इल्लियां के नियंत्रण हेतू नीमास्त्र और अन्य कीट और बड़ी सूंडी के लिए ब्रम्हास्त्र, तना छेदक कीट, फलों में होने वाले सूंडी एवं इल्लियों के लिए अग्नि अस्त्र बनाने की जानकारी दी गयी।

प्रखंड तकनीकी प्रबंधक चंद्रमौली ने उपस्थित किसानगण को बताया कि रासायनिक दवा के प्रयोग अब खेती कार्य में कम से कम करने की आवश्यकता हो चली है, इसके लिए प्राकृतिक खेती, जैविक पद्धति से खेती कर भी कृषि कार्य में प्रमुखता से अधिक प्रयोग में लाये।

# घर में 48 घंटे से पड़ी है महिला की लाश, नहीं हो पाया पोस्टमार्टम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के न्यू बगीचा कॉलोनी, सौदागर मोहल्ला में मिली महिला की लाश 48 घंटों से परिजनों का इंतजार कर रही है। रविवार की शाम तक भी मृतका पुष्पा शुक्ला के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। वजह यह है कि जिस महिला को पुष्पा शुक्ला के नाम से बुलाया जा रहा है, उसकी असली पहचान क्या है वह मूल रूप से कहां की रहने वाली है और रामगढ़ में कैसे पहुंची। अभी तक जो कहानी पुलिस के पास है, उसे प्रमाणित करने वाला कोई भी व्यक्ति अभी तक सामने नहीं आया है।

**फंदे से झूलती मिली थी पुष्पा की लाश, लापता है पति**

न्यू कॉलोनी बगीचा क्षेत्र में 30 वषीर्या पुष्पा शुक्ला की लाश फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली थी। शुक्रवार की रात उसकी 7 वर्षीय बच्ची घर से रोती हुई



पुष्पा शुक्ला की फाइल फोटो।

निकली, तो मकान मालिक श्रीनिवास चौधरी और उनके घर वाले कमरे में घुसे। वहां पुष्पा की लाश देखकर पुलिस को इसकी सूचना दी गई। जब पुलिस घर पर पहुंची तो पुष्पा के पति कुंदन शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला को भी तलाशने लगी। कुंदन शुक्ला अभी तक घर नहीं पहुंचा है और वह कहां है इसका पता किसी को नहीं है।

**10 वर्ष पहले ही घर छोड़ चुका था कुंदन**

पुलिस ने काफी खोजबीन की तो पता चला कि कुंदन शुक्ला हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्ला खपिया, अंबाजीत गांव का रहने वाला है। पुलिस ने कुंदन के पिता से पूछताछ की तो पता चला कि कुंदन 10 वर्ष पूर्व ही उन्हें छोड़कर चला गया है।

कुंदन शुक्ला उर्फ छोटू शुक्ला 3 महीने पहले न्यू बगीचा कॉलोनी में श्रीनिवास चौधरी के घर किराये पर रहने आया था। यहां वह अपनी पत्नी पुष्पा शुक्ला और 7 वर्षीय बेटी के साथ रहता था। श्रीनिवास चौधरी को उसने बताया था कि वह एल एंड टी कंपनी में कार्यरत है और जल्दी ही उसका ट्रांसफर होने वाला है। लेकिन इसमें कितनी सच्चाई है इसका पता किसी को नहीं है। 7 वर्षीय बच्ची को जो मोबाइल नंबर पता था,जब पुलिस ने उसपर डायल किया तो वह घर में ही मौजूद था।

# अरविंद कुमार सिंह बने लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/ चतरा।** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पार्टी कार्यालय में जय हिंद पासवान की अध्यक्षता में बैठक आहुत की गयी। जिसमें सर्वसमति से गोसाईंडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अरविंद कुमार सिंह को प्रखंड अध्यक्ष एवं हंटरगंज प्रखंड के पांडेपुरा ढोलिया गांव निवासी रामबरत पासवान को प्रखंड उपाध्यक्ष जिला कमेटी में प्रधान महासचिव के पद पर जयहिंद कुमार अरुण, जिला उपाध्यक्ष के पद पर रूपनगर निवासी सुनील कुमार सिन्हा एवं जिला सचिव के पद पर भोंदल गांव निवासी जगन्नाथ पासवान का चयन किया गया। जय हिन्द पासवान ने कहा कि इन सभी के चयन से लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के संगठन में निश्चित तौर पर पार्टी को मजबूती मिलेगा और आने वाले दिनों में चतरा ही नहीं पूरे झारखंड में पार्टी का परचम लहरायेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारी को हृदय से शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान एवं झारखंड प्रदेश प्रभारी सांसद अरुण भारती के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनके मार्गदर्शन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास झारखंड में अपनी ऊंचाइयों को छूयेगा।

# उउवि बेटुल कलां में शरारती तत्वों ने स्कूल की बाउंड्री और गेट तोड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के उउवि बेटुल कलां के बाउंड्री वाल व गेट को बीती रात शरारती तत्वों ने तोड़ दिया। घटना के बाद बदमाश आराम से चलते बने। बताया जाता है कि स्कूलों के प्रबंधन समिति द्वारा वर्षो पूर्व सुरक्षा को लेकर बाउंड्री कराया गया था। साथ ही लोहे का गेट लगाया गया था। यहां पर गेट तोड़े जाने की पहली बार घटना बतायी जा रही है। इस संबंध में लोगों का कहना है कि घटना काफी निंदनीय है। अंजाम देने वाले गांव आसपास के ही हो सकते हैं। ऐसे लोगों पर कड़ी करवाई होनी चाहिए। ताकि आगे इस तरह घटना न हो। प्रभारी प्रधानाध्यापक योगेंद्र राम ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि स्कूल के उत्तरी छोर का बाउंड्री वाल को तोड़ा गया है। विभाग को इसकी जानकारी दी गयी है। प्रबंधन समिति बैठक कर और विभागीय आदेश की बाद आगे की करवाई के लिए संबंधित कार्यालय को आवेदन दिया जायेगा।

## रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर में ताइक्वांडो खिलाड़ियों की ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न

# राष्ट्रहित में ताइक्वांडो खेल जरूरी : एसडीपीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** झारखंड व जिला ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त चतरा जिला ताइक्वांडो एसोशिएशन के तत्वाधान में स्थानीय रामेश्वर लाल खंडेलवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को ताइक्वांडो की ग्रेडिंग परीक्षा सम्पन्न हुई। ग्रेडिंग परीक्षा का विधिवत उदघाटन मुख्य अतिथि रूप में उपस्थित चतरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने की। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों के करीब 55 बच्चो ने ग्रेडिंग परीक्षा में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप सुमन ने बच्चो को शुभकामना देते हुए कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा और आत्मबल बढ़ाने का खेल है। ग्रेडिंग परीक्षा में बच्चो ने काफी उम्दा प्रदर्शन किया है। खासकर छोटे छोटे बच्चों ने अपने पंचेज और किक के माध्यम से मन मोह लिया। कहा कि बच्चों में काफी ऊर्जा देखी गयी। इनके अंदर कला और टैलेंट काफी कूट कूटकर भरा हुआ है। उन्होंने बच्चो को शुभकामना देते हुए कहा कि बच्चे ग्रैंड के अंतिम 10 वे पायदान तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो राष्ट्र के गौरव का खेल है। देशहित में ताइक्वांडो खेल बहुत जरूरी है। श्री सुमन ने उम्मीद जाहिर किया कि आनेवाले समय में यहां के ताइक्वांडो खिलाड़ी जिलास्तर के साथ साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होनेवाले ओलंपिक गेम्स में भी चतरा का नाम रौशन करेंगे। श्री सुमन ने अपने दोनों बच्चों को ताइक्वांडो खेलने के लिए भेजने का वादा किया। ग्रेडिंग परीक्षा में रामेश्वर लाल खंडेलवाल विद्या मंदिर चतरा से (व्हाइट से एलो बेल्ट) के लिए वैभव केसरी, मयंक कुमार साहू, आर्यन कुमार, कार्तिक कुमार। एलो से ग्रीन बेल्ट के लिए अनुरोध कुमार। वहीं नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्कूल चतरा व्हाइट एलो बेल्ट के लिए विकास कुमार, सुनील कुमार, आशीष कुमार, अंकित कुमार, पवन कुमार, उज्जवल कुमार, राजू कुमार, रिशु कुमार,सानू कुमार, संजय कुमार। एलो से ग्रीन बेल्ट के लिए लवकुश कुमार। ब्लू बेल्ट से ब्लू वन बेल्ट के लिए राकेश कुमार और मनीष कुमार।

लोयोला अकैडमी चतरा व्हाइट से एलो बेल्ट अनुष्का, आलिया, संघमित्रा बौद्ध, आशीष कुमार, यशराज, नवनीत तिर्की, मुकुंद केसरी, हरि ओम शर्मा और मनीष कुमार। एलो से ग्रीन बेल्ट श्रुति कुमारी,स्नेहा लता और सूमी कुमारी। दिल्ली पब्लिक स्कूल तपेज चतरा(व्हाइट एलो बेल्ट) दिव्या रानी, स्वाति प्रिया, आलोक कुमार,हंसराज पांडे, संकेत कुमार वर्मा। एलो से ग्रीन बेल्ट आराध्या कुशवाहा। नाजरेंथ स्कूल चतरा व्हाईट से एलो बेल्ट दिव्यांशी रानी, विधि डांगी, अरोमा जनित एक्का, इशिका सिंह और आरसी प्रवीण।

एलो से ग्रीन बेल्ट रागिनी कुमारी, सलेहा जन्नत, काव्य राज, अतुल एक्वा और अभिनव ऋषि। प्रगतिशील संस्थान चतरा व्हाईट से एलो बेल्ट शौर्य शरण,श्रीयां कुमार और नव्या कुमारी। ब्लू टू ब्लू वन अभय कुमार प्रजापति परीक्षा में सफल घोषित किये गये। मौके पर मौके पर चतरा जिला ताइक्वांडो एसोशिएशन के अध्यक्ष चंद्रेश शर्मा, उपाध्यक्ष प्रकाश कुमार, सचिव उमेश कुमार,सह सचिव रामप्रकाश कुमार, कोषाध्यक्ष शंभू कुमार,कार्यकारिणी सदस्य सुजीत कुमार, प्रशिक्षक रितेश कुमार, राखी कुमारी,अर्पिता राज,विक्की कुमार दास,बिहारी कुमार भारती, अवध किशोर राणा इत्यादि मौजूद रहे।

# रविदास जयंती मनाने को लेकर तोपा में बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** तोपा बस्ती स्थित रविदास टोला में रविदास जयंती मानने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता गणेश राम ने की। बैठक में तोपा बस्ती और न्यू मंगरदहा के ग्रामीणों ने आगामी 12 फरवरी को रविदास टोला में शांतिपूर्वक संत शिरोमणि रविदास की जयंती मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। बैठक में ललित राम, महेंद्र राम, महादेव राम, लालदेव राम, राजकुमार राम, अजय कुमार, फूल कुमारी देवी, सुमन कुमारीज मोनिका देवी, चंदा कुमारी सहित काफी संख्या में रविदास समाज के ग्रामीण मौजूद रहे।

## बलकुदरा आम बगीचा में विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक

# मुआवजा दिये बिना काम नहीं करने देने की दी चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** बलकुदरा आम बगीचा में रविवार को विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में पीवीयूएनएल के विस्थापित-प्रभावित रैयतों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद एवं संचालन बलकुदरा पंचायत के मुखिया विजय मुंडा व सुरेश साहू संयुक्त रूप से किया। बैठक में रोजी-रोजगार पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों ने एक-स्वर में पीवीयूएनएल प्रबंधन, प्रशासन और झारखंड सरकार से सवाल किया कि मुआवजा दिए बिना ग्राम बलकुदरा, रसदा, जयनगर व गेगदा के जमीन पर ऐश डाइक/ ऐश माउंट, ऐश कोरिडोर का निर्माण कैसे किया जायेगा। हम ग्रामीणों को जीने का मौलिक अधिकार है या नहीं। इसका जवाब प्रबंधन-प्रशासन दें उसके बाद ही छाइ डैम में किसी भी प्रकार का कोई काम करने दिया जायेगा। कहा गया कि मुआवजा दिए बगैर यदि जबरन छाइ डैम में काम करने की कोशिश की गयी तो इसका जोरदार विरोध करते हुए हर प्रकार का संवैधानिक-लोकतांत्रिक आंदोलन किया जायेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि छाई डैम में जबरन काम करने के प्रबंधन के प्रयास को लेकर शीघ्र ही झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया से मिलकर सारी स्थिति से अवगत कराया जायेगा। उनके दिशा-निर्देश पर आगे के आंदोलन का घोषणा की जायेगी। साथ ही जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन के माध्यम से अंचल अधिकारी का घेराव किया जाएगा। कहा गया कि मामले को लेकर संजीव बेदिया के नेतृत्व में शीघ्र ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिलकर अपने जीने के मौलिक अधिकार की रक्षा करने एवं पीवीयूएनएल के स्थापना के नाम पर हम ग्रामीण रैयतों की बलि नहीं देने का गुहार लगाया जायेगा।

# रहमानी 30 की प्रतियोगिता परीक्षा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** रहमानी 30 बिहार की गैर सरकारी संस्था ने लगभग तीस वर्षों से समाज में शिक्षा स्वास्थ और सामाजिक न्याय को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। शिक्षा के क्षेत्र में जो अलख जगाने में सफलता अर्जित की है वह ऐतिहासिक और अनुकरणीय है। शिक्षा के क्षेत्र में जेइइ एडवांस, नीट, सीएमए, सीए, सीएस, क्लैट जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में इस संस्थान का नतीजा शत प्रतिशत रहा है। इतना ही नहीं बल्कि आठवीं और नवीं में दाखला के लिए बड़े पैमाने पर परीक्षा आयोजित कर सफल छात्र छात्राओं को देश स्तर के प्रतियोगिता के योग्य बनाना रहमानी 30 का मिशन और विजन है। विगत तीस वर्षों से यहां के छात्र छात्राएं देश एवं विदेश में अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहे हैं। रहमानी 30 इसके अतिरिक्त जमीनी सतह पर शिक्षा जागरूकता अभियान, आधुनिक दौर के कंप्यूटर शिक्षा,लैंग्वेज डेवलपमेंट कोर्स, पब्लिकेशन पर भी संस्था कार्य कर रही है। स्वास्थ के क्षेत्र में स्वास्थ जागरूकता अभियान, हेल्थ सर्विस,आई ऑपरेशन कैंप, वैक्सीनेशन कैंप, मेडिकल डिस्पेंसरीज एंड फैसिलिटीज पर्यावरण कार्यक्रम जैसे कार्यक्रमों को चलकर समाज हित में लगातार जागरूक करने का प्रयास जारी है। शहरी क्षेत्र के अलावे अब रहमानी 30 पिछड़े क्षेत्रों में भी शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया जा रहा है। जहां रविवार को रहमानी 30 के द्वारा आयोजित होने वाले परीक्षा केंद्र पर पिछड़े और निर्धन बच्चों ने शांति पूर्ण ढंग से परीक्षा दिया।

इस प्रतियोगिता परीक्षा में वर्ग आठवीं, नवीं और दसवीं के छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा के बाबत स्कूल के डायरेक्टर प्रो उमर फारूक ने बताया कि मौलाना वली रहमानी ने इसका बुनियाद डाला था जिसे मौलाना फैसल रहमानी उस मिशन को अमली जामा पहनाने में दिन रात लगे हुए हैं।

मौलाना फैसल रहमानी ने चतरा जैसे पिछड़े इलाके में परीक्षा केंद्र बना कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगिता के प्रति जागरूक करने का जो प्रयास किया है इस से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में शिक्षा के प्रति नील का पत्थर साबित होगा। प्रतियोगिता में सफल छात्र छात्राओं को रहमानी 30 जैसे बड़े शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने का अवसर मिलेगा।

वहीं स्कूल के प्रिंसिपल मो मुजम्मिल ने कहा कि फैसल रहमानी साहब ने परीक्षा केंद्र यहां देकर बड़ा एहसान किया है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे कम खर्च पर इस बड़े प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल हो कर अपनी दक्षता का परख कर पायेंगे।

# दिल्ली में भाजपा की वापसी

भाजपा 27 वर्ष बाद देश की राजधानी दिल्ली पर शासन करने जा रही है। भाजपा ने आप के विरुद्ध आरोपों को पूरी आक्रामकता से उठाया और इसके साथ ही अपने चुनाव घोषणापत्र में आप एवं कांग्रेस की चुनावी घोषणाओं के जवाब में महिलाओं के लिए कई लुभावनी घोषणाएं कीं। इनमें महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत महिलाओं को 2500 रुपये मासिक, मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता एवं 6 पोषण किटें, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये सब्सिडी तथा होली-दीवाली पर मुफ्त सिलेंडर, आप की तरह मुफ्त पानी-बिजली आदि की योजनाएं जारी रखना शामिल है। इसके अलावा भाजपा द्वारा बुजुर्गों का आयुष्मान योजना के अंतर्गत 5 लाख रुपये तक इलाज और इतनी ही राशि का हेल्थ कवर और 60-70 वर्ष आयु के बुजुर्गों को 3000 रुपये मासिक के अलावा आटो और टैक्सी चालकों के लिए ड्राइवर कल्याण बोर्ड का गठन, छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा और छात्रवृत्ति आदि की घोषणाओं ने भी लाभ पहुंचाया। भाजपा द्वारा आप को आपदा बताना, आरएसएस का सहयोग और मजबूत उम्मीदवार उतारने के अलावा केंद्र सरकार द्वारा गत वर्ष दिसंबर में घोषित अपने कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा से कर्मचारियों और पेंशनरों की सैलरी में बड़ी वृद्धि की उम्मीद बनी। फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली वासियों के लिए स्वच्छ पानी, स्वच्छ हवा आदि उपलब्ध करवाने तथा अन्य राहतों की घोषणाओं तथा आयकर में छूट बढ़ा कर 12.75 लाख रुपये तक करने से मध्यम वर्ग इन चुनावों में भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित हुआ। उल्लेखनीय है कि भाजपा की इस सफलता का श्रेय किसी सीमा तक विपक्षी दलों को भी दिया जा सकता है, जिन्होंने दिल्ली के चुनावों से पूर्व जो कुछ कहा और किया, उसने भाजपा सरकार को राहतें देने के लिए प्रेरित किया। वास्तव में बजट 2025-26 दिल्ली के चुनावों को ध्यान में रख कर तैयार किया गया था, जिसका भाजपा को दिल्ली के चुनावों में लाभ मिला है। अब देखने वाली बात यह होगी कि सत्ता ग्रहण करके भाजपा अपने चुनावी वायदे किस प्रकार पूरे करती है। अरविंद केजरीवाल ने अपनी हार स्वीकार करते हुए कहा है कि उनकी पार्टी रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभायेगी। आशा है कि वह अपनी बात पर कायम रहेंगे क्योंकि लोकतंत्र में मजबूत सत्ता पक्ष के साथ-साथ मजबूत विपक्ष का होना भी बहुत जरूरी होता है।

**भाजपा ने आप के विरुद्ध आरोपों को पूरी आक्रामकता से उठाया और इसके साथ ही अपने चुनाव घोषणापत्र में आप एवं कांग्रेस की चुनावी घोषणाओं के जवाब में महिलाओं के लिए कई लुभावनी घोषणाएं कीं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सचिन वाजे को हत्या के आरोप में 16 साल के लिए ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने खुद को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पेश करते हुए विजिटिंग कार्ड छपवाये थे और निजी सुरक्षा व्यवसाय में उनके सहयोगी संभावित ग्राहकों को ऐसे विजिटिंग कार्ड वितरित करते थे। वाजे ने पुलिस में अपनी सेवा के शुरुआती वर्षों में इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा के अधीन काम किया था, जिन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में जाना जाता है।**

# मुंबई पुलिस की प्रतिष्ठा और पूर्व गृह मंत्री की डायरी

**जूलियो रिबैरो**





महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख द्वारा लिखी गयी एक किताब पाकर मैं वाकई हैरान रह गया, जिसके बारे में मैंने सुना था कि कैसे पद पर रहते हुए पुलिस कर्मियों के तबादले राजनीतिक दबाव में किये जाते थे। उन्हें एक आइपीएस अधिकारी से कड़ी टक्कर मिली, जिसकी प्रतिष्ठा भी उनसे मेल खाती थी।

शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), एनसीपी (शरद पवार गुट) और कांग्रेस पार्टी की महा विकास अघाड़ी (एमवीए) सरकार ने मुंबई के पुलिस कमिश्नर के तौर पर गलत आदमी को बिठाया था। साथ ही, शरद पवार ने गृह मंत्री की डायरी के इस लेखक को पुलिस बल के प्रदर्शन की निगरानी करनेवाले मंत्री के तौर पर मनोनीत किया था! यह एक ऐसा घातक संयोजन था, जो जल्द ही फटने वाला था। और फटा भी।

25 फरवरी, 2021 को, शहर के एक पॉश रिहायशी इलाके अल्टामाऊंट रोड पर मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के बाहर 20 जिलेटिन छड़ों से लदी, लेकिन सौभाग्य से बिना डेटोनेटर वाली एक स्कॉर्पियो कार खड़ी पायी गयी। कार का पता मनसुख हिरेन नामक व्यक्ति से लगाया गया, जो पुलिस कमिश्नर के खासमखास, एनकाऊंटर स्पैशलिस्ट सचिन वाजे का दोस्त है, जो क्राइम ब्रांच में असिस्टेंट पुलिस इंस्पैक्टर (एपीआइ) के तौर पर काम करता है। राज्य पुलिस के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) और केंद्र सरकार की राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) द्वारा यह स्थापित किया गया था कि एपीआइ वाजे को पहले भी कई बार उसी स्कॉर्पियो कार में घूमते देखा गया था। स्पष्ट था कि वाजे की अगुवाई में सिटी पुलिस की क्राइम ब्रांच की खुफिया इकाई अंबानी के घर के बाहर स्कॉर्पियो लगाने में शामिल थी, जिसके कारण आज तक स्पष्ट नहीं हो पाये हैं।

**किताब में सीपी के खिलाफ जो तथ्य उजागर किए हैं, उनकी भी जांच होनी चाहिए, लेकिन कानून की अदालत में।**

सचिन वाजे को हत्या के आरोप में 16 साल के लिए ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने खुद को एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के रूप में पेश करते हुए विजिटिंग कार्ड छपवाये थे और निजी सुरक्षा व्यवसाय में उनके सहयोगी संभावित ग्राहकों को ऐसे विजिटिंग कार्ड वितरित करते थे। वाजे ने पुलिस में अपनी सेवा के शुरुआती वर्षों में इंस्पेक्टर प्रदीप शर्मा के अधीन काम किया था, जिन्हें एनकाऊंटर स्पैशलिस्ट के रूप में जाना जाता है। शर्मा और वाजे एक-दूसरे के संपर्क में थे और साथ ही उस आइपीएस अधिकारी के भी, जिसे अनिल देशमुख ने अपनी किताब में निशाना बनाया है। आइपीएस अधिकारी को एमवीए सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था, जिसके गृह मंत्री अनिल देशमुख थे (और उस हैसियत से मुंबई के पुलिस आयुक्त के चयन पर उनसे सलाह ली जानी तय थी)। इससे पहले वह पड़ोसी शहर ठाणे के पुलिस कमिश्नर रह चुके थे। ठाणे के निवासियों की नजर में उनकी छवि बहुत खराब थी। अपने ही लोगों की नजर में उनकी छवि और भी खराब थी, जिनका नेतृत्व करने के लिए उन्हें चुना गया था।

मंत्री की जांच के दायरे में आये आइपीएस अधिकारी ने ठाणे कमिश्नर के रूप में अपनी नियुक्ति समाप्त होने के बाद मुंबई पुलिस प्रमुख के पद के लिए बहुत प्रयास किया था। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा हाईकमान ने इस पर असहमति जतायी थी, जिसने मुंबई के पुलिस प्रमुख के रूप में गलत व्यक्ति को स्थापित करने के जोखिम का सही आकलन किया था। नियुक्त व्यक्ति शरद पवार की तीखी निगाहों से कैसे बच गया? अधिकारी ने खुद यह बताया कि शरद पवार ने उसका साक्षात्कार लिया था और उसे सलाह दी थी कि वह एक बहुत सम्मानित बल को निराश न करे और उसका अच्छा नाम खराब न करे। एंटीलिया कांड के बाद पुलिस आयुक्त के साथ अपने संबंधों के बारे में अनिल देशमुख का विवरण, उनके मित्र से दुश्मन बने व्यक्ति द्वारा लगाये गये आरोपों पर सीबीआई और फिर एनआइए द्वारा उनके खिलाफ दर्ज मामले में खुद का बचाव है, जब उन्हें पुलिस आयुक्त के पद से हटा दिया गया था।

मंत्री पर सीपी ने आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने (सीपी के) दाहिने हाथ सचिन वाजे को बुलाया था और उनसे सौ करोड़ रुपये प्रति माह की मांग की थी, जो कि वाजे द्वारा बार मालिकों और अन्य लोगों से की जा रही अवैध वसूली का हिस्सा था। पूर्व गृह मंत्री ने अपनी प्रकाशित पुस्तक में यह नहीं बताया कि आयुक्त को क्यों और कैसे चुना गया। उन्हें इस सवाल का जवाब देना चाहिए क्योंकि प्रदर्शन में गिरावट वहीं से शुरू हुई। इसके अलावा वह यह भी नहीं बताते कि गृह मंत्री के रूप में उन्होंने सचिन वाजे पर हत्या के आरोप के बावजूद उनकी सेवा में बहाली पर आपत्ति क्यों नहीं जतायी। इंटैलिजेंस यूनिट का नेतृत्व एक सीनियर इंस्पेक्टर को करना चाहिए। एक एपीआइ को उस महत्वपूर्ण यूनिट का प्रमुख कैसे बनाया गया? सीपी ने सोशल सर्विसिज यूनिट के प्रभारी असिस्टेंट सीपी को क्यों बुलाया और उन्हें वाजे को अपने काम में शामिल करने के लिए क्यों कहा?

अंबानी के घर के बाहर एक कार में विस्फोटकों की खोज अपने आप में एक संकेत थी कि शहर के पुलिस प्रशासन में चीजें गलत हो रही थीं। कोई एपीआइ, यहां तक कि सचिन वाजे जैसा एक दबंग भी, अपने कमिश्नर की जानकारी के बिना इस तरह की परियोजना को अंजाम देने की हिम्मत नहीं कर सकता था। अगर कमिश्नर इस बात पर जोर देते हैं कि उन्हें योजना के बारे में कुछ नहीं पता था तो यह स्वीकारोक्ति ही उन्हें उच्च पद पर रहने के लिए अयोग्य ठहरायेगी। इसके बाद स्कॉर्पियो के मालिक मनसुख हिरेन की कथित तौर पर एनकाउंटर विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा की गयी हत्या ने यह साबित कर दिया कि एनकाउंटर विशेषज्ञों की अवधारणा को हमेशा के लिए दफना दिया जाना चाहिए। वह दफनाने का काम कई साल पहले एक पूर्व आयुक्त अनामी रॉय ने किया था। शहर के नागरिक तब तक राहत की सांस ले रहे थे, जब तक कि सीपी ने सचिन वाजे को क्राइम ब्रांच में शामिल नहीं कर लिया और उन्हें ऐसे अधिकार नहीं दे दिए, जो उनके पद से कहीं ज्यादा थे। क्या मंत्री को शहर की पुलिस में चल रही हलचल के बारे में पता नहीं था क्योंकि वाजे आयुक्त के दूसरे व्यक्तित्व के रूप में काम कर रहे थे?

स्कॉर्पियो कांड के बाद आयुक्त एमवीए सरकार को गिराने के लिए उस समय विपक्ष में रही बीजेपी के साथ मिल कर काम करके अपनी गलती से बच निकला। यह एक बहुत ही संदिग्ध सौदा था, जिसने राजनेताओं और इसमें शामिल पुलिस अधिकारियों की प्रतिष्ठा को बहुत नुकसान पहुंचाया और यही बात मुंबई के नागरिकों को चिंतित कर सकती है। अनिल देशमुख ने इस घटना में अपनी भूमिका का जो बचाव किया है, जैसा कि उनकी किताब में दर्शाया गया है, वह वैसा ही है, जैसा कि उन्होंने अपने बचाव में कहा था। उन्होंने किताब में सीपी के खिलाफ जो तथ्य उजागर किए हैं, उनकी भी जांच होनी चाहिए, लेकिन कानून की अदालत में।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### घाटशिला में एमएलए क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, रामदास सोरेन ने किया उद्घाटन

# ऐसे आयोजनों से शहीदों के प्रति सम्मान बढ़ता है: मंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**घाटशिला।** मऊभंडार ताम्र प्रतिभा मैदान में चौथे शहीद गणेश हांसदा, शहीद सांसद सुनील महतो और शहीद प्रभाकर महतो की स्मृति में आयोजित घाटशिला एमएलए कप क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को शुभारंभ हुआ। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा-साक्षरता और निबंधन विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार महंती व पूर्व विधायक कुणाल षाडंगी ने टूनार्मेंट का उद्घाटन किया। सबसे पूर्व शहीद बेदी पर वीर शहीद गणेश हांसदा, शहीद सांसद सुनील महतो व शहीद प्रभाकर महतो की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। इसके उपरांत उद्घाटन मैच खेलने वाली टीम के खिलाड़ियों से ग्राउंड में परिचय प्राप्त किया। मंत्री रामदास सोरेन ने बल्लेबाजी कर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया। साथ ही खिलाड़ियों एवं आयोजकों के साथ ग्रुप फोटो भी कराया। इस दौरान अतिथियों का स्वागत बूके देकर किया गया। टूनार्मेंट के उद्घाटन के अवसर पर घाटशिला के एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर, थाना प्रभारी मधुसूदन दे, स्पोर्ट्स क्लब के महासचिव नरेंद्र कुमार राय, जगदीश भकत, कालीपदो गोराई, बाघराय मार्डी, दुर्गा मुर्मू, सोनाराम सोरेन, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, उपाध्यक्ष रुपेश दूबे, सचिव शंभू जेना, लव कुमार, कुश कुमार, शाहिद अंसारी, शकील अंसारी, रूपेश मंडल, अनिमेष जायसवाल, जसप्रीत संधू, मोहित उपाध्याय, रितेश गुरुम, आशीष बागती, जयंत दास, गौतम दास, सूरज राठौड़, समीर जेना, संजय मजूमदार, संदीप मुखी, मुकेश पटेल, राजा, निखिल, मोहन गोप, रंजन गोराई, गणेश जेना, चिंटू घोष समेत बड़ी संख्या में कमिटी के युवा सदस्य उपस्थित थे।

**खेल के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी ध्यान दे युवा: रामदास सोरेन**

मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि खेल के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में राज्य पीछे नहीं रहे, यह देखना हम सभी के लिए जरूरी है। शत-प्रतिशत शिक्षित राज्य निर्माण के क्षेत्र में हम सभी को अपनी महती भूमिका निभानी होगी। खेल के माध्यम से युवा स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना सकते हैं। स्थानीय युवाओं द्वारा शहीदों के सम्मान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना सराहनीय है। इससे शहीदों के प्रति जहां सम्मान बढ़ता है वही प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है।

**खेल भावना के साथ खेले खिलाड़ी: समीर महंती**

विधायक समीर मोहंती ने कहा कि आज के दौर में युवा खेलकूद से दूर हो रहे है। ऐसे में जरूरी है की खिलाड़ी हार-जीत की सोच से अलग खेल भावना के साथ खेले तथा राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने कहा कि राज्य के कई खिलाड़ी आज विभिन्न क्षेत्रों में नाम रौशन कर रहे है।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का नैक टीम ने किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में नैक टीम का दो दिवसीय निरीक्षण कार्य संपन्न हो गया। मौके पर टीम में अध्यक्ष एमडीएस विश्वविद्यालय अजमेर राजस्थान के वाइस चांसलर डॉक्टर अनिल शुक्ला, कर्नाटक से मेंबर सेक्रेटरी डॉक्टर आर अंगदी और तमिलनाडु से मेंबर डॉक्टर सुधाकर करूनानन शामिल रहे। रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के छात्र छात्राओं ने झारखंड के पारंपरिक प्रथा के अनुसार नैक टीम का स्वागत और अभिनंदन किया। मौके पर महाविद्यालय सभागार में प्राचार्या डॉ कल्याणी कबीर ने पीपीटी के माध्यम से कॉलेज से जुड़ी एकेडमिक,आउटरीच कार्यक्रमों के साथ अन्य सभी गतिविधियों की जानकारी दी। वही आइक्यूएसी इंचार्ज डॉ गंगा भोल ने शैक्षणिक गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया। इस अवसर पर नैक टीम ने वर्तमान विद्यार्थियों, भूतपूर्व विद्यार्थियों, अभिभावकों और फाइनेंस विभाग के साथ बैठक की। उन्होंने पूरे महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर भौतिक सुख सुविधाओं का अवलोकन किया। अगले दिन टीम उन विद्यालयों के निरीक्षण पर भी गयी। जहॉं कॉलेज के विद्यार्थी इंटर्नशिप में गए थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष राम बचन, सचिव गौरव बचन, कोल्हान विश्वविद्यालय के सीवीसी डॉ संजीव आनंद, कोल्हान विश्वविद्यालय के आइक्यूएसी समन्वयक डॉ संजय गोराई ने नैक टीम के साथ औपचारिक भेंट की। नैक पीयर टीम के चेयरमैन डॉ अनिल शुक्ला ने कहा व्यक्तित्व का सर्वांगीण और संतुलित विकास तभी संभव है जब हम शिक्षा और सीख को जीवन व व्यवहार में उतार सके। नैक टीम ने महाविद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावक, गैर शिक्षण कर्मचारियों, पुस्तकालय प्रमुख एवं सभी सहायक स्टॉफ के साथ अलग-अलग बैठक की। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सभी प्रदेशों के नृत्य प्रस्तुत की। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी पर आधारित नाटिका का प्रभावशाली मंचन भी किया।

## कुणाल षाड़ंगी की पहल पर 44,000 रुपये का बिल माफ

**घाटशिला (आजाद सिपाही)। परसुडीह निवासी पवन ठाकुर जिनकी टीएमएच अस्पताल में ईलाज के दौरान निधन हो गयी थी। उनके परिजन अस्पताल का चिकित्सा शुल्क का 44,000/- रुपये शेष राशि भुगतान करने में असमर्थ थे। उनके परिजनों ने इसकी जानकारी पत्रकार आशीष तिवारी के द्वारा पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी को जानकारी दी और अविलंब इस पर हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने परिवार की वित्तीय स्थिति पर संवेदनशीलता दिखाते हुए अस्पताल प्रबंधन से सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आग्रह किया। अस्पताल प्रबंधन ने बाकी बचे 44,000/- रुपये का शेष बिल माफ कर दिया। एबं उनका पार्थिव शरीर को परिजनों को सुपुर्द करवाए। परिजनों ने अपने इस संकट की घड़ी में साथ देने के लिए पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी के प्रति आभार जताया**

# परंपरागत तरीके और श्रद्धाभाव से की गयी माघ बुरु बोंगा की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के डोमजुड़ी गांव में माघ-बुरू बोंगा (पूजा) का आयोजन पारंपरिक स्वशासन गांवता की ओर से रविवार को आयोजित की गयी। इस कार्यक्रम के तहत सुबह को माघ-बुरू पूजा का आयोजन नाया के द्वारा विधिवत रूप से की गयी। शाम को नाया दारोम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोटका के विधायक संजीव सरदार उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा ही प्रकृति के प्रति काफी जागरूक रहा है। माघ महिना में भूमिज समाज के द्वारा माघ बुरू पूजा का आयोजन निर्दिष्ट पूजास्थल मे किया जाता है, जिसके पश्चात ही समाज के लोग अपने घर के छाबनी को मरम्मत करने का काम कर सकते है। इस दौरान समाज के द्वारा माघ-बुरू नृत्य और संगीत का आयोजन गांव के आखड़ा मे होता है। समाज के लोगों से अपील होगा कि इस तरह के आयोजन को जिवीत रखते हुए अपने संस्कृति के प्रति प्रेम बनाये रखे और युवाओं को भी भाषा, संस्कृति और पहचान की जानकारी दें।

# झामुमो के सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता मिलन समारोह में शामिल हुए केंद्रीय प्रवक्ता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में झामुमो के संगठन को मजबूत करने के लिए गणेश महाली ने नेतृत में सदस्यता अभियान सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य, विशिष्ट अतिथि मंत्री दीपक बिरुवा, सम्मानित अतिथियों में विधायक दशरथ गागराई, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू सहित अन्य झामुमो के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। मौके पर झामुमो नेता गणेश महाली सहित सरायकेला खरसावां जिले के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों को मंच में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सैकड़ो नेताओ ने दूसरे दलों को छोड़ कर झामुमो में शामिल हुए। सभी को पार्टी का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। मौके पर सुप्रियो भट्टाचार्य ने स्थानीय विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन पर पैसे के बल पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को हाईजैक करने का आरोप लगाया। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा पार्टी ने उन्हें जो सम्मान दिया उसका चंपाई दा ने गलत फायदा उठाया। कोल्हान और झारखंड की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। सरायकेला में फिर से झामुमो अपना परचम लहरायेगी। वहीं दिल्ली चुनाव परिणाम के सवाल पर सुप्रियो ने साफ कर दिया इंडिया गठबंधन को समर्थन जारी रहेगा। उन्होंने कहा दिल्ली में केजरीवाल की हार हुई है इंडिया की नहीं, हम इंडिया गठबंधन का पूरा समर्थन करते हैं। इधर झामुमो नेता और सरायकेला विधानसभा से प्रत्याशी रहे गणेश महली ने दावा किया सदस्यता अभियान के तहत ढाई लाख नए सदस्यों को जोड़ा जायेगा। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन पर पैसे के बल पर पार्टी चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आज कार्यक्रम के दौरान हजारों हजार की संख्या में भीड़ जुटी है। इसके लिए उन्हें किसी का कोई सहयोग नहीं मिला। सभी अपने स्वेच्छा से कार्यक्रम में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में झामुमो यहां एक बार फिर से परचम लहराएगी। वहीं कार्यक्रम में आदिवासी नेताओं के उपस्थित नहीं होने के सवाल पर श्री महाली ने नपे तुले अंदाज में जवाब दिया।

## एसडीओ ने आरोग्यम हॉस्पिटल की जांच की

# ब्लड बैंक मानक के अनुरूप नहीं

**बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण की व्यवस्था नहीं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने रविवार को कचहरी रोड स्थित आरोग्यं हॉस्पिटल की औचक जांच की। जांच के क्रम में उन्होंने अस्पताल द्वारा संचालित ब्लड बैंक की स्थिति तथा बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण व्यवस्था के बारे में अस्पताल प्रबंधन से पूछताछ की।

पूछताछ के क्रम में जो तथ्य सामने आये उसके अनुसार अस्पताल द्वारा संचालित ब्लड बैंक मानक के अनुरूप नहीं कहा जा सकता है। वहीं बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर भी अस्पताल में व्यवस्था नहीं मिली।



दरअसल इस अस्पताल को राज्य ड्रग कंट्रोल निदेशालय से ब्लड बैंक संचालन हेतु लाइसेंस तो मिला है, किंतु उसके लिए अनुमोदित स्टाफ के रूप में सूचीबद्ध एक चिकित्सक और तीन पैरामेडिकल कर्मियों में से कोई भी कर्मी मौके पर अस्पताल में प्रतिनियुक्त नहीं मिला। यहां तक कि ब्लड बैंक में इनमें से किसी के नाम और नंबर भी अंकित नहीं मिले। ब्लड बैंक के मेडिकल अफसर का संपर्क सूत्र भी मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं करवाया गया। इस संबंध में एसडीओ द्वारा ब्लड बैंक की लाइसेंसिंग अथॉरिटी, रांची को सूचित कर दिया गया है।

इसके अलावा अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट निस्तारण को लेकर भी कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल का खतरनाक क्लीनिकल कचरा संबंधित प्लांट भेजे जाने की बजाय स्थानीय स्तर पर कचरा डंपिंग साइटों पर ही फेंका जा रहा है, इस पर अस्पताल को शोकाज किया जा रहा है।

अनुमंडल पदाधिकारी ने शहर के अन्य सभी अस्पतालों और क्लीनिकों से भी अपील की कि वे अपना बायोमेडिकल कचरा जैसे नीडल, सीरेंज आदि खुले में न फेकें और न ही किसी कबाड़ की दुकान को बेचें। इसके लिए सरकार द्वारा निर्धारित बायोमेडिकल वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट्स के साथ एग्रीमेंट कर उन्हीं प्लांट को उपलब्ध करवायें। उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी।

## मैट्रिक और इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर एसडीएम ने लागू की निषेधाज्ञा

# सदर अनुमंडल क्षेत्र के 21 परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर दायरे में रहेगी निषेधाज्ञा

**11 फरवरी से 3 मार्च के बीच पड़ने वाली विभिन्न परीक्षा तिथियों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सभी 21 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के तत्वावधान में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2025 और इंटरमीडिएट (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य) परीक्षा 2025 का आयोजन 11 फरवरी से 3 मार्च तक विभिन्न तिथियों में क्रमशः प्रथम और द्वितीय पाली में प्रस्तावित हैं। गढ़वा सदर अनुमंडल क्षेत्र में उक्त परीक्षाएं 21 विभिन्न परीक्षा केंद्रों में संचालित होंगी। परीक्षायें कदाचार मुक्त, भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों, इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी संजय कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 11 फरवरी से 3 मार्च के बीच पड़ने वाली विभिन्न परीक्षा तिथियों पर सुबह 7:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक सभी 21 परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू की है।



निषेधाज्ञा के तहत परीक्षा केंद्रों से संबंधित विद्यालय परिसरों में किसी प्रकार का अनाधिकृत प्रवेश वर्जित रहेगा। परीक्षा हाल में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट, डिजिटल घड़ी, मोबाइल फोन, ईयरफोन, पेन ड्राइव, कैलकुलेटर आदि ले जाना वर्जित होगा। किसी प्रकार का हरवे हथियार जैसे लाठी, डंडा भाला, गड़ासा, तीर धनुष आदि लेकर विद्यालय परिसर में प्रवेश करना या चलना प्रतिबंधित रहेगा। किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ ले लेकर चलना या प्रवेश करना भी प्रतिबंधित रहेगा, हालांकि सुरक्षा संबंधी सरकारी कार्य में लगे पुलिस पदाधिकारियों और कर्मचारियों को इसमें छूट रहेगी।

बताया कि सदर अनुमंडल क्षेत्र के जिन 21 केंद्रों पर परीक्षा प्रस्तावित है उनमें से सात केंद्र गढ़वा प्रखंड के अंतर्गत आते हैं, जबकि मेराल प्रखंड के अंतर्गत तीन, डंडई में तीन, मझिआंव में चार तथा कांडी प्रखंड में चार परीक्षा केंद्र अवस्थित हैं।

## यज्ञ को लेकर 13 फरवरी को सतबहिनी से निकलेगी कलश यात्रा

**कांडी (आजाद सिपाही)।** सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ के आयोजन को लेकर 12 फरवरी को एक आवश्यक बैठक बुलायी गयी है। बैठक में समिति के सभी कोटि के सदस्यों और आमजनों को आमंत्रित किया गया है। प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ को लेकर 13 फरवरी को सतबहिनी से विराट कलश यात्रा निकाली जायेगी। इस दौरान हजारों की संख्या में निराहार व्रती कलशयात्री वाहनों पर सवार होकर जाने आने में 30 किमी की यात्रा करेंगे। विराट कलश यात्रा के सफल आयोजन व यज्ञ से संबंधित अन्यान्य विषयों को लेकर 12 फरवरी को एक आवश्यक बैठक बुलायी गयी है। यह बैठक मां सतबहिनी झरना तीर्थ और पर्यटन स्थल विकास समिति के कार्यालय प्रांगण में होगी। यह जानकारी समिति के सचिव पं मुरलीधर मिश्र ने दी।

# गढ़वा जिला चंद्रवंशी समाज की जिला कमेटी का गठन दो मार्च को

**कई पार्ट में बाटे चंद्रवंशी समाज को एक मंच पर लाने का होगा प्रयास**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला चंद्रवंशी परिवार की एक बैठक सदर प्रखंड के पिपरा खुर्द गांव में आयोजित की गयी। बैठक में विभिन्न संगठनों में बिखरे चंद्रवंशी समाज के लोगों को एक मंच पर लाने का निर्णय लिया गया। बैठक में इसके लिए आगामी दो मार्च को वृहद रूप से बैठक कर एक नई कमेटी का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का आयोजन कल्याणपुर गांव में ओवर ब्रिज के पास आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया, जिसमें गढ़वा जिला कमेटी को पुनर्गठन करने और सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को दायित्व देने संबंधी बातों पर लेकर चर्चा की गयी। बैठक में




चंद्रवंशी समाज को राष्ट्रीय स्तर पर कई संगठन में बैठे होने पर छोभ व्यक्त किया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि चंद्रवंशी समाज को सशक्त बनाने को लेकर एक नई कमेटी का गठन करना अनिवार्य है तभी समाज का भला हो सकेगा। वक्ताओं ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों में बाटे चंद्रवंशी समाज के लोग को एक मंच पर लाना होगा और निस्वार्थ भाव से चंद्रवंशी समाज को सशक्त बनाने पर बोल देना होगा। वक्ताओं ने कहा कि इसके लिए चंद्रवंशी समाज का पुनर्गठन करना अनिवार्य है। बैठक में निर्णय लिया कि आगामी दो मार्च को गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों से चंद्रवंशी समाज के बुद्धिजीवियों को एकजुट किया जायेगा। एकजुटता के बाद एक नयी कमेटी का गठन किया जायेगा। गढ़वा जिला चंद्रवंशी परिवार के इस बैठक की अध्यक्षता बिरजा चंद्रवंशी ने की। बैठक में विनय चंद्रवंशी, जितेंद्र भागीरथी, अशोक, गौरीशंकर राम, उमेश, रामदेव, रामाधार, विनोद, रामसागर, रामकुमार सहित गढ़वा जिले के विभिन्न कोने से आए चंद्रवंशी समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# स्कूल से विदा होने पर फूट-फूटकर रोयीं परियोजना विद्यालय की 10वीं कक्षा की छात्राएं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपु।** प्रखंड के एक स्कूल से भावुक कर देने वाला वीडियो सामने आया है। भवनाथपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना बालिका हाई स्कूल का है। कार्यक्रम था 10 वीं कक्षा की छात्राओं की विदाई समारोह की। जिसमें स्कूल से विदा होने पर छात्राएं फफक-फफककर एक दूसरे के गले लगकर रोंयी, जो इनका विद्यालय से लगाव को दर्शाता है। छात्राओं की यह दशा देखकर कार्यक्रम में पहुंचे लोग भी भावुक हो गये। विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम ने छात्राओं के कैरियर गाइडेंस की चर्चा करते हुए सिविल सर्विसेज की तैयारी, पुलिस, नर्सिंग, शिक्षक और अन्य तकनीकी शिक्षा के बारे में विस्तृत से जानकारी दी, साथ




ही छात्राओं को कौशल निर्माण के बारे में जानकारी देते उनके उज्वल भविष्य की कामना। वहीं विशिष्ठ अतिथि मुखिया बेबी ने कहा कि आपके कंधे पर दो-दो परिवार का भविष्य टिका होता है, इसलिए शिक्षा के साथ-साथ समाज और परिवार को एक माला में पिरोकर साथ रखने की जिम्मेदारी भी आपको निभानी है। उन्होंने छात्राओं की उज्वल भविष्य की कामना करते हुए, आगे की पढ़ाई को जारी रखने की अपील की। जबकि स्कूल के प्रभारी प्राचार्य सत्यप्रकाश यादव ने कहा कि छात्राओं की जीवन की शुरूआत का यह पहला कदम है यहीं से कई संभावनाओं का द्वार खुलता है, इसलिए जो भी आप पूरी ईमानदारी और लगन के साथ कर्म करें, फल आपको निश्चित तौर पर मिलेगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षिका मनोरमा टोप्पो, अजय कुमार वर्मा, कृष्णा रावत, चंद्रधन राम, विनोद यादव, सत्या कुमारी सहित विद्यालय के सभी बच्चे उपस्थित थे।

# नव कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 28 फरवरी से 06 मार्च तक होगा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कांडी मुख्य बाजार से पश्चिम की ओर तालाब स्थित सूर्य मंदिर के समीप नव कुंडीय महायज्ञ और सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया गया है।

इस संबंध में सूर्य मंदिर छठ पूजा समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि नव कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 28 फरवरी से 06 मार्च तक होगा। जबकि महायज्ञ की पूणार्हुति 07 मार्च को होगी। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन पंडित कुंज बिहारी शुक्ल द्वारा श्री मद भागवत गीता का प्रवचन कथा के रूप में भी की जायेगी।

# बस की चपेट में आने से सुरजदेव भुइयां की गुजरात के सूरत में मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** अरसली दक्षिणी के चेरवाडीह निवासी दिहाड़ी मजदूर सुरजदेव भुईयां पिता स्व रामबृक्ष भुईयां की मौत बीते गुरुवार को गुजरात के सूरत में हो गयी। वह कुछ दिनों पूर्व ही गुजरात के सूरत जिलांतर्गत हाजिरा मोरा में रहकर एनएएस कंपनी में मजदूर के तौर पर काम कर रहा था। बीते गुरुवार को कंपनी में काम पर जाने के दौरान बस के चपेट में आने से उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। शनिवार की देर शाम मृतक का शव उसके पैतृक आवास अरसली के चेरवाडीह पहुंचते ही परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। शव का दाह संस्कार हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार चेहरवाडीह नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। उधर मृतक



सुरजदेव भुईयां की फाइल की फोटो।

मजदूर का शव घर पहुंचने की जानकारी मिलते ही मुखिया सोनाकिशोर यादव, इंटक मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष सुशील चौबे, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, अरसली दक्षिणी पंसस शकील अहमद, अजीमुद्दीन शेख, मनोज कुमार भुईयां पुर्व मुखिया गोपाल यादव, रामजन्म विश्वकर्मा, सुनिल यादव आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# गढ़वा विधानसभा की सबसे बड़ी भूल, कमल का फूल: नितेश सिंह

**रमकंडा में सदस्यता अभियान की शुरूआत, पहले दिन बनाये गये 500 सदस्य, लक्ष्य 15 हजार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रमकंडा।** रमकंडा प्रखंड मुख्यालय के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय के मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता अभियान की शुरूआत हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला संयोजक प्रमुख तनवीर आलम खान, बीससूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, जिला सचिव मनोज ठाकुर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बीससूत्री उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि राज्य में आपकी अबुआ सरकार है। लोगों को हेमंत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को



सदस्यता अभियान की शुरूआत करते जिला संयोजक प्रमुख और अन्य।

लोगों तक पहुंचाते हुए सदस्यता अभियान के लक्ष्य को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि रमकंडा प्रखंड में 15 हजार लोगों को झामुमो से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है, जिसकी मोनिटरिंग जिला कमिटी करेगी, जिसे 28 फरवरी तक पूरा करना है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा का सबसे बड़ा भूल कमल का फूल है। आज लोग फूल पर भरोसा करने वाले भी पछतावा कर रहे हैं। वर्तमान विधायक क्षेत्र छोड़कर गायब हैं, वहीं उनके लोग उनकी तबियत खराब होने का बहाना बना रहे हैं।

जिला संयोजक प्रमुख तनवीर आलम खान ने कहा कि पार्टी की नीतियां और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यों को देखते हुए लोग आज पार्टी से जुड़कर नये सदस्य बन रहे है। वहीं जन-जन तक सरकार और पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों के साथ-साथ सरकार के द्वारा राज्यहित में चलाये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दे रहे हैं। सदस्यता अभियान के शुरूआती दिन ही सदस्यता प्रभारी संजय सिंह छोटू और फरीद खान की उपस्थिति में 10 रुपये शुल्क देकर करीब एक हजार लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण की। जिला सचिव मनोज ठाकुर, अहमद अली, केंद्रीय समिति सदस्य राजकिशोर यादव ने झामुमो से जुड़ने वाले नये सदस्यों का स्वागत किया। मंच संचालन उदयपुर के मुखिया पति राजकिशोर ने की। कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, गायत्री गुप्ता, बसंती देवी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि फिरोज अंसारी, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दिनेश प्रसाद, बीडीसी नसीम इमाम मंसूरी, अली राजा, संजय प्रसाद, बागेश्वर सिंह, रोजिद, रामसेवक सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बिरसा मुंडा क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन, विधायक ने ट्रॉफी देकर किया पुरस्कृत

# पढ़ाई के साथ खेलकूद में करियर बनायें, झारखंड सरकार करेगी सहयोग: विधायक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**डंडई।** प्रखंड के रारो खेल स्टेडियम में शनिवार को बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच भवनाथपुर मकरी बनाम डंडई बौलिया के बीच खेला गया। फाइनल मैच को बौलिया की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। मकरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में कुल 135 रन बनाया, जबकि बौलिया की टीम ने जवाबी बारी खेलते हुए 104 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। मैच को मकरी की टीम ने 31 रन से जीत हासिल कर कप पर कब्जा जमाया। बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव, जिप



सदस्य मोहन पासवान, झामुमो नेता जितेंद्र ठाकुर, प्रमुख प्रतिनिधि घुरबिगन बैठा, उप प्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद ने संयुक्त रूप से विजेता व उप विजेता टीम को शील्ड कप के साथ विजेता टीम को 21 हजार और उप विजेता को 11 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। क्रिकेट मैच का मैन ऑफ द मैच अगस्त कुमार तथा मैन ऑफ द सीरिज भूटाली कुमार को दिया गया। तत्पश्चात खेल आयोजन समिति के लोगों ने अतिथियों को बारी बारी से माला पहना कर स्वागत किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं में खेल की प्रतिभा कि कमी नहीं है। उनमें खेल के प्रति छिपी हुई प्रतिभा को निखारने की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल का अच्छा प्लेटफॉर्म मिले तो निश्चित रूप से डंडई जैसे इलाके से महेंद्र सिंह धौनी जैसा खिलाड़ी निकल अपना क्षेत्र का नाम रौशन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को खेल के माध्यम से करियर को संवारने का मौका दे रही है। खेल में बेहतर प्रदर्शन कर जिला व राज्य का नाम रौशन करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को लेकर कोई समस्या आती है तो बेझिझक हमसे मिलें, समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष क्यामुदिन अंसारी, झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरबिंद यादव, झामुमो नेता चंद्रशेखर प्रसाद, कृष्णकांत सिंह, महेश्वर राम, कन्हाई यादव, शिव प्रसाद यादव, झामुमो नेता पप्पू यादव, महेंद्र यादव, रंजन पासवान, अमीर हसन अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# परीक्षार्थी पूर्ण एकाग्रता के साथ बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों : प्रिंस सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कांडी।** वैसे तो जीवन एक परीक्षा है, लेकिन जब कोई छात्र परीक्षा शब्द सुनता है तो मानो उनके होश उड़ जाते हैं। राज्य में बोर्ड परीक्षा का समय चल रहा है, तब यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त किया जाये। जब छात्र परीक्षा खंड में मुक्त मन से एग्जाम पेपर को लिख पायेंगे, तब वह सफलता हासिल कर पायेंगे। और बच्चे आनंद से बिना किसी घबराहट से परीक्षा दें पाये इसकी जवाबदेही हम सभी की है। उक्त बातें अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने 10वीं तथा 12वीं के परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को लगन के साथ बेहतर तरीके से परीक्षा लिखने के लिए



अभाविप झारखंड के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह।

शुभकामनाएं दी।

प्रिंस ने कहा कि शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए विद्यार्थी अपने ऊपर बिल्कुल तनाव ना लें, हमें विश्वास है कि आप सबों ने अपनी बोर्ड परीक्षा के लिए बहुत ही अच्छी तैयारी की है और आप सब इस बोर्ड परीक्षा में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। शिक्षा से जुड़े होने के नाते मुझे आप सबों से सफलता व अच्छे प्रदर्शन की अपेक्षा है। यह परीक्षा आप सबों के शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ धैर्य, एकाग्रता, समय प्रबंधन व साहस का परीक्षण हैं। सभी परीक्षार्थी पूर्ण एकाग्रता के साथ बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों। उन्होंने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा, तभी मंजिल मिल सकती हैं। आपका परिश्रम अवश्य फलीभूत होगा व निश्चित ही सुखद परिणाम प्राप्त होंगे, परीक्षा सभी के लिए सफलता का पहला पायदान है आप सब इसका सफर एक निश्चित प्रबंधन की रणनीति के साथ तय करें, मेरी शुभकामना आप सबों के साथ हैं।

# भंडरा में झामुमो ने चलाया सदस्यता अभियान, 1500 लोगों ने भरा फॉर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड में झामुमो ने रविवार को जेएमएम पुर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी के अगुवाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। सदस्यता अभियान में मुख्य रूप से लोहरदगा झामुमो के पुर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के पुर्व जिला सचिव मंसूर अंसारी मौजूद रहे। इस दौरान प्रखण्ड के जमगाई पंचायत में फॉर्म भरकर सैकड़ों लोगों को जेएमएम की सदस्यता दिलायी गयी। शामिल लोगों ने बताया कि झारखंड में हेमंत सोरेन की अगुवाई में दर्जनों महत्वाकांक्षी योजना जनहित में चलायी जा रही है। जिससे आम लोगों में सरकार के प्रति समर्पित की भावना जग रही है। जिससे लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जेएमएम पूर्व प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने बताया कि पूरे लोहरदगा जिले में पचास हजार से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य है। जिसमें भंडरा प्रखंड को 5 हजार सदस्यों को पार्टी में शामिल करवाया जायेगा। बताया कि अभी तक पूरे प्रखंड में 1500 से अधिक लोग सरकार से प्रेरित होकर जेएमएम में अपनी सदस्यता का फॉर्म भरे है।

इस मौके पर झामुमो के पुर्व जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव ने बताया कि झामुमो जिला समिति द्वारा भंडरा प्रखंड के जमगाई में सदस्यता अभियान चलाया गया। झामुमो लोहरदगा जिला के संयोजक प्रमुख मोज्जमिल अहमद के नेतृत्व में चले सदस्यता अभियान में काफी संख्या में दूसरे पार्टी के लोगों ने झामुमो का दामन थामा। उन्होंने हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार की योजनाओं को भी गिनाया। साथ ही योजना का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। मौके पर सुभाष उरांव, जीतराम उरांव, रमेश उरांव, सोमा उरांव, विनोद खाखा, महादेव उरांव, मंगरा उरांव आदि मौजूद थे।

# जिले को स्वच्छ बनाये रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों जोर देने की जरूरत : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट (एसएलआरएम) विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, भारतीय हरित सेवा के परियोजना निदेशक, सलाहकार सी. श्रीनिवासन, जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता रामा रविदास, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित का कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आयोजित इस कार्यशाला में सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट पर आयोजित कार्यशाला में परियोजना निदेशक, सलाहकार सी श्रीनिवासन के द्वारा अवांछित ठोस और तरल पदार्थों के उपचार और पुनर्चक्रण के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारा लक्ष्य लातेहार जिला को एक शून्य-अपशिष्ट बनाने और भविष्य के पर्यावरणीय प्रशिक्षकों का निर्माण करने की दिशा में काम करना है। कार्यशाला में उन्होंने बताया कि उद्यान अपशिष्ट (जैसे सूखे पत्ते), मछली बाजार अपशिष्ट, सब्जी अपशिष्ट, द्वितीयक पृथक्करण शेड, एक मवेशी शेड और दो या तीन बायो-गैस संयंत्र प्राथमिक पृथक्करण स्त्रोत पर किया जाता है, जबकि द्वितीयक पृथक्करण एसएलआरएम केंद्रों पर किया जाता है। तृतीयक पृथक्करण एक सामान्य केंद्र पर किया जाता है। पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिले अंतर्गत कचरा जमा होने की समस्या को वैज्ञानिक ठोस स्थापित करके हल किया जा सकता है। कार्यशाला में कचरा प्रबंधन की वैज्ञानिक व व्यवहारिक पहलुओं को समझाने के बाद जिले की बेहतरी हेतु इस प्रक्रिया को अपनाने की बात कही गयी।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण के दृष्टिगत हमें ठोस व तरल अपशिष्ट प्रबंधन की तकनीकी विधि को अपनाने की जरूरत है। जिले को स्वच्छ व हरा-भरा बनाए रखने के लिए पर्यावरण अनुकूल विधियों व प्रक्रियाओं पर बल देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी से कचरा प्रबन्धन की प्रक्रिया अपनाते हुए जिला, गांव, पंचायत को साफ-सुथरा बनाने की बात कही।

मौके पर जिला परिषद सदस्य, प्रखंड प्रमुख, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड लातेहार, मनिका, सरयू के मुखिया, पंचायत सचिव, पर्यावरण कार्यकर्ता, समाजसेवी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सीओ ने सभी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक व इंटर परीक्षा की तैयारी को लेकर रविवार को अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने प्रखंड के सभी परीक्षा केंद्रों का भौतिक सत्यापन करते हुए निरीक्षण किया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने प्रखंड अंतर्गत कुल बनाये गये 05 परीक्षा केंद्रों का बारी-बारी से निरीक्षण किया। बरवाडीह थाना क्षेत्र में 03 और छिपादोहर थाना क्षेत्र में 02 केंद्र स्थापित है। जिसमें राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय बरवाडीह, परियोजना उच्च विद्यालय बरवाडीह, राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज बरवाडीह, वही छिपादोहर थाना क्षेत्र में परियोजना उच्च विद्यालय छिपादोहर, संत मरियम उच्च विद्यालय छिपादोहर शामिल है। अंचलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों का बारी-बारी बारी से निरीक्षण कर विद्यालय के केंद्र अधीक्षक से परीक्षा केंद्र की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान केंद्र अधीक्षक को सभी कुछ व्यवस्थित रखने का निर्देश दिया। इस दौरान बरवाडीह थाना में पदस्थापित पुअनि श्याम नारायण ओझा, छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, संबंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, बीआरसी के विजय कुमार यादव मुख्य रूप से शामिल थे।

# बिजली-सड़क जैसी समस्याओं को लेकर चटुआग के लोगों ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा सांसद आदर्श ग्राम चटुआग में रविवार को किसानों ने बैठक की। बैठक को संबोधित करते हुए पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने कहा कि चतरा के पूर्व सांसद ने प्रखंड के कामता पंचायत की ग्राम चटुआग को वर्ष 2015 में सांसद आदर्श ग्राम घोषित कर इसे गोद लिया था।

यह गांव प्रखंड कार्यालय से महज चार किलोमीटर दूरी पर है, सांसद आदर्श ग्राम चटुआग की समस्या पहले जहां खड़ी थी आज भी वहीं है, कई ऐसे टोले है जहां शुद्ध पेयजल, सड़क बिजली सुविधाएं भी दिखाई नहीं देती है, चटुआग गांव के किसान कई समस्याओं के बीच जीने को मजबूर हैं।

बुनियादी सुविधाएं को लेकर कई बार साशन प्रसाशन का ध्यान खींचा गया, आश्वासन भी मिला लेकिन नतीजा सिफर रहा, ग्रामीण आज भी विकास के नाम पर खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।

टोला पहना पानी, हठुला, कारी टोंगरी, ठुठी डुमर, लोहराई टोला, ननफुलिया टोला, पूरनपनियां, लोथराबर, सनेबोथवा, भेलवाही आदि टोले की करीब एक सौ अनुसूचित जन जाति के परिवार हैं जिसके घरों में बिजली के लिए न पोल है न तार है अपने लकड़ी बल्ली के जुगाड़ के सहारे बिजली जला रहे हैं। कई ऐसे भी टोले हैं जहां आज भी चारपहिया वाहन एम्बुलेंस नहीं जा पाती है मरीज को अस्पताल ले जाने में काफी कठिनाई होती है, सड़क के अभाव में कभी कभी प्रसव घरपर ही हो जाती है, इस गांव में कहीं भी अच्छी पथ नहीं है। आदर्श ग्राम के दो स्कूल परहैया टोला और चटुआग में आने जाने के लिए अच्छी सड़क तक नहीं है, चिरोखाड़ स्कूल में न पानी है न शौचालय। सांसद ने जब इस गांव को गोद लिया था उस समय गांव में विकास होने की उम्मीदें जगीं थी लेकिन गोद लिए गांव का हश्र ऐसा होगा किसी ने सोंचा नहीं था। समस्याओं को लेकर सांसद आदर्श ग्राम में 17 फरवरी से अनिश्चितकालीन जमीन समाधि सत्याग्रह करने का निर्णय लिया गया है।

# कीर्तन मंडली आयोजित करेगी 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** कीर्तन मंडली तोड़ार के सौजन्य से हनुमान मंदिर प्रांगण में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जायेगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत तोड़ार ग्राम में माघ पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार से 24 घंटे का अखंड हरि कृतन करने का निर्णय तोड़ार ग्राम के कीर्तन मंडली और सनातनियो के द्वारा लिया गया। जो बुधवार को विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ समापन होगा। वही तोड़ार ग्राम के सनातनी और कीर्तन मंडलियों ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड हरिकीर्तन एवं भंडारे का आयोजन ग्राम में स्थित श्री हनुमान मंदिर के समीप किया गया है। इस पावन अवसर पर तोड़ार कीर्तन मंडली द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंड से कीर्तन मंडली को आमंत्रित किया गया है। साथ ही ससमय सभी भक्तजनों से कृतन और भंडारा में शामिल होने के लिये विनम्र अनुरोध किया गया है। तोड़ार ग्राम में अखंड हरि कृतन का कार्यक्रम विगत करीब 15 वर्षों से लगातार आयोजित हो रहा है। वही इस वर्ष भी अखंड हरि कृतन का आयोजन कर समापन के दौरान भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है। जिसमें श्रद्धलुओं से अपील करते हुए सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन पर जागरूकता के लिए रात्रि चौपाल का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**कुडू / लोहरदगा।** कुडू के लावागाई पंचायत में शनिवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाना और आगामी मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की जानकारी साझा करने के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल कार्यक्रम में फाइलेरिया मरीजों के लिए देखभाल के उपायों पर प्रकाश डालते हुए मौजुद स्वास्थ विभाग की टीम में शामिल लोगों द्वारा फलेरिया के कारण और निवारण पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छरों के काटने से फैलता है। और यह विकलांगता का दूसरा सबसे बड़ा कारण भी है। बताया गया कि एमडीए कार्यक्रम के दौरान दवाओं के सेवन से बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

वहीं रविवार को सिएचसी कुडू में सहिया सेविका और ग्रामीणों को वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बताया गया कि 10 से 25 फरवरी तक आयोजित कार्यक्रम के दौरान 10 फरवरी को बुथों एवं 11 फरवरी को डोर टू डोर फलेरिया की गोली खिलाई जाएगी। लक्षित लोगों से दवा खाने की अपील की गई। मौके पर नितिन गुप्ता, नौसाद अली, बिरेंद्र महतो, अनिता देवी, झरियो देवी, पिरामल से स्वाति, सुमंत, नारायण, रोशन टोप्पो एवं सहिया सेविका और ग्रामीण उपस्थित थे।

# विद्यालयों में इंटर-मैट्रिक के एडमिट कार्ड का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** जैक अध्यक्ष की नियुक्ति विलंब से होने के कारण 11 फरवरी से शुरू होने वाली मैट्रिक व इंटर परीक्षा को लेकर संबंधित विद्यालयों में प्रवेश पत्र प्राप्त होने के साथ ही अवकाश के बावजूद रविवार को मैट्रिक व इंटर के सभी मूल विद्यालय में विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा रविवार को पूरे दिन प्रवेश पत्र वितरण किया गया। विलंब से प्रवेश पत्र प्राप्त होने के कारण सभी विद्यालय में मैट्रिक व इंटर की परीक्षा देने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र लेने को लेकर काफी भीड़ रही। बरवाडीह अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने विद्यालय में हो रहे प्रवेश पत्र वितरण की निरीक्षण करते कहा कि सभी विद्यालयों आधे से अधिक छात्र-छात्राओं का प्रवेश पत्र वितरण किया जा चुका है। बाकी बचे बच्चों का प्रवेश पत्र सोमवार को भी संबंधित विद्यालयों में वितरण किया जायेगा।

# सेन्हा के मुर्की कुंबा टोली में नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**सेन्हा/ लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अंतर्गत मुर्की कुंबा टोली में ट्रांसफार्मर जलने से ग्रामीण अंधेरा में रहने को विवश थे। जिसे ट्रांसफार्मर जल जाने से ग्रामीणों को काफी समस्याएं हो रही थी। वही ग्रामीणों द्वारा ट्रान्सफार्मर जलने की शिकायत कांग्रेस जिला सचिव से किया गया था। ग्रामीणों से ट्रांसफार्मर जलने की बात मालूम होते ही कांग्रेस के जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला द्वारा लोहरदगा सांसद से सम्पर्क किया गया। जिस पर सांसद सुखदेव भगत को मुर्की कुंबाटोली में ट्रांफर्मर जलने की बात संज्ञान में आते ही सांसद द्वारा आलोक कुमार साहू एवं सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद चंगू को ट्रांसफार्मर बदलवाने का निर्देश दिया गया। वही सांसद के पहल से ट्रांसफार्मर लगने पर मुर्की कुम्बाटोली के ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। साथ ही कांग्रेस के जिला सचिव के माध्यम से ग्रामीणों द्वारा सांसद सुखदेव भगत को बधाई दिया गया। वही नया ट्रान्सफार्मर लगने पर गांव का पाहन बीफई मुंडा द्वारा पूजा अर्चना कर नया ट्रांसफार्मर का विधिवत उद्घाटन किया गया। मौके पर कांग्रेस जिला सचिव नंदकिशोर शुक्ला पंचायत अध्यक्ष जीतराम उरांव समेत बिफाई मुंडा, सोमा मुंडा, राजेंद्र भगत,उमेश बड़ाइक राजेश मुंडा, राजेंद्र मुंडा, किरण उरांव, ललिता उरांव, रामेश्वर चिकबड़ाइक, वीरन लोहारा, प्रतिमा उरांव सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

# झारखंड में पेसा एक्ट लागू करने का कोई औचित्य नहीं : डॉ राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सदान विकास पार्टी की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू की अध्यक्षता में केंद्रीय कार्यालय हिनू में संपन्न हुई। बैठक में सदान मूलनिवासियों, सदानों के प्रति राज्य सरकार एवं राज्य के सभी विधायक, मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री द्वारा अनदेखी किये जाने और पेसा एक्ट में सदान मूलनिवासियों द्वारा विरोध किये जाने पर सदानों के साथ विरोध में नहीं साथ देने की निंदा की गयी।

सदान विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि झारखंड राज्य में पेसा एक्ट लागू करने का कोई औचित्य नहीं है। वैसे ही राज्य में एकल पद आरक्षण लागू कर दिया गया है और ओबीसी आरक्षण लागू किये बिना पंचायत चुनाव करा दिया गया है। जिसका नतीजा सदान मूलनिवासियों, सदानों, सर्व जातियों, सर्व धर्मावलंबियों सदानों को भुगतना पड़ रहा है। आज राज्य में पेसा एक्ट लागू करने की मांग आदिवासी मिशनरी द्वारा एवं आदिवासी समाज द्वारा लगातार की जा रही है, जिसका राज्य के सभी सदान मूलनिवासियों, सदानों द्वारा विरोध करना चाहिए। आज सदान विकास पार्टी इसका विरोध कर रही है कि राज्य में पेसा एक्ट लागू नहीं होना चाहिए। राज्य के सभी विधायक, मंत्री, सांसद को भी इस विरोध में साथ देना चाहिए। यदि साथ नहीं दे रहे हैं तो यह झारखंड राज्य के सदान मूलनिवासियों और सदानों का दुर्भाग्य है।

# बालूमाथ किसान चौपाल में रबी फसलों की दी गयी जानकारी

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में किसान चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान किसान की आमदनी को दोगुनी करने के उपायों पर यूपी के चारा अनुसंधान केंद्र झांसी आइएआरआइ नयी दिल्ली, इंडियन इनश्चियूट फार्मिंग सिस्टम रिसर्च के द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए किसानों को जानकारी दी गयी। उपस्थित किसानों को बालूमाथ कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक महेश जेराई द्वारा रबी की फसल जैसे गेहूं, जौ, चना, सरसों, मटर, आलू, मसूर, तिलहन आदि की खेती के तरीकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने यह भी बताया कि रबी की फसलों को बहुत ज्यादा पानी की जरूरत नहीं होती। रबी की फसलों को कम तापमान और शुष्क वातावरण की जरूरत होती है। इसके अलावा उनकी बुआई, खेतों में खर-पतवार की लाभ-हानि, फसल की कटाई, अनाजों के रख-रखाव,फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होने, कृषि यंत्रों उपयोग, समय पर खाद-बीज देने, सिंचाई करने, फसलों लगने वाले कीड़े मकोड़ो से निजात पाने के लिए किन किन दवाइयों का परायों कितनी मात्रा दी जानी चाहिए इन सभी की जानकारी दी गयी। किसानों को मिलने वाली सरकारी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई ।वहीं पर्यावरण में बढ़ रहे प्रदूषण में रासायनिक खेती को एक बड़ा कारण बताते हुए जैविक खेती करने की सलाह दी गयी। साथ ही खेती में नई तकनीक जैसे जीरो टिलेज, ड्रिप सिंचाई तकनीक का उपयोग कर ज्यादा पैदावार हासिल करने को कहा। चौपाल में उपस्थित सभी किसानों को मौसम एवं मिट्टी की गुणवत्ता को ध्यान में रखकर फसल उत्पादन करने की सलाह दी गयी। वहीं सरकार के द्वारा चलायी जा रही कई योजनाएं अनुदानित दर पर बीज की उपलब्धता, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, डेयरी, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, बागवानी आदि का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक महेश जेराइ के अलावा पकरी, ओल्हेपाट तथा खरटिया गांव के दर्जनों कृषक महिलायेऔर पुरुष शामिल थे।

# संगठन को मजबूत करने के लिए एकजुट होना जरूरी : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** मैक्लुस्कीगंज, खलारी और रांची में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय संगठन विस्तार को लेकर आजसू की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में सुदेश महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने जिलों में संगठन विस्तार की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरा करें। बैठक में उत्साह का माहौल था, और सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने संगठन को और सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की।

बैठक में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, डॉ देवशरण भगत, डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, निर्मला भगत, पार्वती देवी, रणजीत गंझू, संजय महतो, ओम प्रकाश भारती, आशुतोष तिवारी, नागेश्वर महतो, संजय मेहता, दिलीप नाथ साहू, अंजू देवी सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इस बैठक में रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा और खूंटी जिलों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

# इ-कल्याण पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज से छात्रवृत्ति लेने का प्रयास, 10 पर मामला

## जपला सिद्धनाथ बीएड कॉलेज के एचओडी ने फर्जी आवेदकों पर दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता



जपला सिद्धनाथ बीएड कॉलेज।

**हुसैनाबाद।** जपला सिद्धनाथ बीएड कॉलेज के एचओडी प्रो प्रमोद कुमार पांडेय ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर 10 आवेदकों पर फर्जी तरीके से महाविद्यालय के बोनाफाईड, मार्कशीट सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज बनाकर झारखण्ड सरकार के ई-कल्यान पोर्टल पर छात्रवृति का लाभ लेने के लिए आवेदन करने का आरोप लगाया है। कहा कि उक्त सभी महाविद्यालय के चिन्हित छात्र नहीं है। वैसे आवेदकों को जपला बीएड कॉलेज द्वारा मेदिनीनगर जिला कल्याण पदाधिकारी को छात्रवृति निरस्त करने का आवेदन दिया था। उन फर्जी आवेदकों का आवेदन निरस्त करते हुए जिला कल्याण दाधिकारी ने प्राथमिकी दर्ज कराने का निर्देश दिया था। जिसका पावती पत्र संल्गन करते हुए बीएड कॉलेज के एचओडी ने हुसैनाबाद थाना को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। फर्जी आवेदकों में शालिनी कुमारी, बैगनी देवी, गीता कुमारी, पूजा कुमारी, कविता देवी, गीता देवी, रेखा देवी, ऋतिक रोशन, सुमन देवी एवं उषा देवी का नाम शामिल हैं। वहीं, हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आवेदन के आधार पर सभी 10 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है।

# शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण, थाने में शिकायत



**पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू के एक मुहल्ले में किराए के मकान में रह रही 27 वर्षीय युवती ने लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी अजीत प्रसाद पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। वहीं, पीड़िता ने आरोप लगाया है कि वह मेदिनीनगर में किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही है। साल 2022 में गांव में पढ़ाई के दौरान लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी अजीत प्रसाद से उसकी दोस्ती हो गयी। इस बीत वह बी वर्ष 2024 में मेदिनीनगर आ गया और उसके साथ किराए के मकान में रहने लगा। उसने शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया। जब उसने अजीत से शादी करने की बात की तो उसने इनकार कर दिया। उल्टे आरोपी ने उसके पिता को ब्लैकमेल कर पांच लाख रुपए नगद एवं चियांकी स्थित उसका घर लिखने का दबाव बनाने लगा। इससे मना करने पर युवक अन्य तरीके से धमकी दे रहा है। फिलहाल पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली गई है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशासन के हस्तक्षेप से सुलझा टोल प्लाजा कर्मियों में उपजा विवाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज थाना अंतर्गत एनएच 139 पर कौआखोह स्थित टोल प्लाजा पर कंपनी के इंचार्ज और स्थानीय कर्मियों को बीच आपसी तालमेल बिगड़ने से आए दिन वाद विवाद हो रही है। रविवार को भी टोल प्लाजा पर कार्यरत एक लोकल कर्मी ने कंपनी के इंचार्ज शैलेश पांडे पर कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट करने का मामला उजागर करते हुए इसकी शिकायत थाने में की है। इसे देखते हुए पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने गंभीरता से लेते हुए टोल प्लाजा कार्यालय पहुंच कर कंपनी के इंचार्ज और क्षेत्रीय कर्मियों के मामले की तहकीकात की। साथ ही उन्होंने कंपनी के इंचार्ज और कर्मियों के बीच हर हाल में आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि किसी तरह के विवाद की संभावना ना रहे। वहीं, खबर पाकर सामाजिक कार्यकर्ता राजीव रंजन, सेमरवार के मुखिया जितेंद्र पासवान और भाजपा नेता मनीष सिंह भी पहुंच गये। उन्होंने कहा कि कंपनी के इंचार्ज अपनी कार्यशैली में सुधार लाएं ताकि कोई विवाद ना हो। अगर वे अपनी मनमानी पर लगाम नहीं लगाए और कर्मियों के साथ कोई अभद्र व्यवहार किया तो यह बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

# बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब को हराकर फाइनल में पहुंची डंडीला यूथ की टीम

आजाद सिपाही संवाददाता



रेहला जेबी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में चल रहे भवानी सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के जीत का सिलसिला रविवार को भी जारी रखा। टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने रविवार को सेमीफाइनल मैच में बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर फाइनल में जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेलचंपा श्रीराम क्रिकेट क्लब ने 19.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 192 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने 18.5 ओवर में ही पांच विकेट के नुकसान पर 195 रन बनाकर मैच जीत लिया। डंडीला की जीत में बंटी कुमार और आयुष शुक्ला का अहम योगदान रहा। बंटी ने शतक जड़ा। डंडीला यूथ क्रिकेट टीम के शतकवीर खिलाड़ी बंटी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। जिन्हें मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी पार्षद दिनेश शुक्ला, रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, कुमार कलिका सिंह व अरविंद शुक्ला ने संयुक्त रूप से दिया। इस मौके पर नीरज सिंह, कृपा शंकर सिंह, सुशील शुक्ला, राशबिहारी शुक्ला, देव नारायण दुबे, मंगल गुप्ता आदि मौजूद थे।

# आयुर्वेदिक दवा और हीली डिवाइस से असाध्य रोगी हो रहे हैं स्वस्थ



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** शहर के न्यू सब्जी मंडी स्थित देवी मंदिर के पास कुशवाहा आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी और हीली डिवाइस थेरेपी सेंटर में पुराने से पुराने असाध्य रोगों का सफल इलाज कर सैकड़ो मरीजों को स्वस्थ्य किया जा रहा है। औरंगाबाद जिला अंतर्गत थेरेपी सेंटर में अपने 9 वर्षीय बेटे का इलाज कराने पहुंची महिला गीता देवी ने बताया कि उसके बेटे को चक्कर आने के बाद उल्टी होने शुरू हो गये थे। उसने खाना-पीना भी बंद कर दिया था। इस बीच औरंगाबाद, डिहरी और डाल्टनगंज इलाज कराया पर कोई सुधार नहीं हुआ। दो महीने बाद हरिहरगंज में थेरेपी सेंटर के बारे में जानकारी मिली। थेरेपी सेंटर में 5 दिनों से इलाज चल रहा है। जिसके बाद उसने खाना पीना शुरू कर दिया और पहले से काफी सुधार है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के ही ह्रदय रोग से पीड़ित 75 वर्षीय देवनंदन मिस्त्री ने बताया कि रांची से लौटने के बाद तीन दिनों से सेंटर में हीली डिवाइस से थेरेपी करा रहे हैं। काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। अंबा डेंबा निवास संजीत कुशवाहा (28) ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार था। जिसका कांके अस्पताल में इलाज चला पर वह ठीक नहीं हुआ। पर अब वह हीली डिवाइस थेरेपी से काफी स्वस्थ है। इस अवसर पर थेरेपी सेंटर के संचालक सतीश कुमार और छोटू कुशवाहा ने बताया कि पुराने से पुराने असाध्य रोगों का आयुर्वेदिक दवा और हीली डिवाइस के माध्यम से सफल इलाज किया जा रहा है।

# झुमरीतिलैया के श्याम मंदिर में हुई विशेष पूजा-अर्चना



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** पानी रोड स्थित श्याम मंदिर में रविवार को विशेष पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान कोलकाता से मंगाए गए चेरी के फूलों से बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर शांति देवी खेतान, पवन खेतान, संदीप हिसारिया, विष्णु चौधरी, संजय नरेडी, महावीर खेतान, नेहा खेतान सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। महाराणा प्रताप चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में एकादशी के अवसर पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या शुरू हुई, जिसमें यजमान प्रदीप अग्रवाल, उषा अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। पंडित गौतम पांडेय ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराई। कार्यक्रम की शुरूआत विशाल सिंह द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद भजन गायकों संगीता जेठवा, सीमा सहल, अनुराधा अठघरा, दीपक बसंत ने दीनानाथ तेरी बात, छानी कोनी तेरस.. और हारा हूं बाबा, बस तुझ पर भरोसा है... जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान ओम संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष प्रो बीएनपी वर्णवाल को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन गिरधारी सोमानी ने किया। इस मौके पर संजय सूद, विकास वैशखीयार, बिनोद पिलानिया, विवेक सहल, रंजीत श्रीवास्तव, सुरेश पचीसिया, विमल पचीसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।भ ाक्ति संध्या के इस आयोजन ने पूरे शहर को श्याम और हनुमान भक्तिमय कर दिया, जहां श्रद्धालुओं ने नाचते-गाते बाबा श्याम और हनुमान जी की महिमा का गुणगान किया।

# रांची-धनबाद-टाटानगर और चक्रधरपुर में बनेगा रेलवे का कोचिंग डिपो

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** नव वर्ष में झारखंड में रेलवे अपने नेटवर्क को बढ़ाकर नयी उपलब्धियों की गाथा लिख रहा है। झारखंड को रेल बजट में 7,306 करोड़ रुपये की राशि विकास के लिए दी गयी है। इसके अलावा झारखंड के रांची, धनबाद, टाटानगर और चक्रधरपुर में कोचिंग डिपो का निर्माण भी किया जायेगा। इसके लिए 1,107 करोड़ रुपये की राशि आवंटन की गई है। इस कोचिंग डिपो के निर्माण के बाद झारखंड में रेल के क्षेत्र में एक नई गाथा की भी शुरूआत होगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के ओएसडी वेदप्रकाश ने फोन पर बताया कि 2014 के बाद 11 साल में झारखंड में 10,311 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण 2024 तक किया गया है। वहीं पर्यावरण के क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 100 फीसदी बिजली से संचालित इंजनों के जरिए परिचालन शुरू कर दिया गया है। डीजल इंजन को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। बताते चलें कि बिजली से चलने वाले इंजनों की शुरूआत 1879 ई में जर्मनी से हुई और भारत में 46 वर्ष के बाद 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरूआत हुई। डीजल इंजन की निर्भरता देशभर में कमी आई है। आने वाले दिनों में अन्य राज्यों में भी विद्युतीकरण के तहत ही रेल इंजन से परिचालन होगा। उन्होंने बताया कि झारखंड में 34 परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है जिसमें 30,251 किलोमीटर पर कार्य को किया जा रहा है। वहीं, झारखंड के 57 स्टेशनों को अमृत भारत के रूप में चयनित किया गया है। कोडरमा जक्शन के अलावा 56 स्टेशन में कार्य चल रहा है। ओएसडी वेद प्रकाश ने बताया कि टाटानगर स्टेशन का जीणोद्धार 348 करोड़ में होगा। जिसका टेंडर 9 अप्रैल को होगा। इसके अलावा रांची में 444 करोड़ और हटिया स्टेशन 355 करोड़ में विकास का कार्य किया जा रहा है। धनबाद से सोननगर 291 किलोमीटर की तीसरी लाइन बनाने के लिए 5,000 करोड़ और सोन नगर से अंडाल फ्रंट कॉरिडोर 749 किलोमीटर के लिए 12000 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। उन्होंने बताया कि झारखंड के हजारीबाग में ट्रेनों के रिपेयरिंग का सेंटर का भी निर्माण शुरू हो गया है। हजारीबाग टाउन स्टेशन में अगले दो वर्ष में रिपेयरिंग सेंटर शुरू हो जाएगा और यहां से कोडरमा होकर देशभर के विभिन्न राज्यों में ट्रेनों का परिचालन भी शुरू किया जाएगा, जिससे साउथ के लिए भी ट्रेन सुविधा यहां से सीधी मिलने लगेगी। रिपेयरिंग सेंटर का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जमशेदपुर से 6 माह पूर्व ऑनलाइन किया था और इसमें लगभग 42 करोड़ रुपए की राशि खर्च हो रही है।

# एकादशी को लेकर मंदिरों-निवास स्थलों पर चूरमा खीर का लगाया गया भोग



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** शहर के श्याम बाबा पथ स्थित श्याम मंदिर और पानी टंकी रोड स्थित श्याम मंदिर सहित कई निवास स्थलों पर श्रद्धा और भक्ति की अलौकिक छटा बिखरी। भजन के साथ रविवार को भक्तों ने ज्योत प्रज्वलित की। इसके बाद चूरमा और खीर का भोग अर्पित किया। इस दौरान पूरा वातावरण बाजरे की रोटी खा ले श्याम, चूरमा न भूल जाऊंगा.. जैसे भजनों से गूंजता रहा। बतातें चलें कि शनिवार की रात शहर के विभिन्न मंदिरों और निवास स्थलों पर कलयुग के दो साक्षात देवता वीर हनुमान और बाबा श्याम का भव्य दरबार सजा। श्याम बाबा पथ स्थित श्याम मंदिर में भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें भजन गायक रवि दहीमा, पंकज केशरी, प्रदीप पोद्दार, यश दाहिमा और ढाई साल की नन्ही अनन्या पोद्दार ने अपनी आवाज में भजन प्रस्तुत किए। जब दरबार सवारियो ऐसो सजो, प्यारो दयालु आप...और कीर्तन की है रात बाबा, आज थान आन्नो है... गूंजा तो पूरा मंदिर परिसर भक्ति से सराबोर हो गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के संयोजक आयुष पोद्दार, मोहित पोद्दार, हिमांशु केडिया, मुकेश भालोटिया, संजय नरेड़ी, पीयूष सहल, मनोज जोशी, मनोज लड्ढा, किरण व शीतल पोद्दार आदि थे।

# भाजपा नेता के पिता का निधन, शोक



**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर बाजार निवासी भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष मनोज दास के 87 वर्षीय पिता शंकर दास (गुरुबाबा) का निधन दिल का दौरा पड़ने से हो गया। उनके तीन पुत्र और एक पुत्री है। शंकर दास बाबा अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। उधर, निधन की जानकारी मिलने पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय, धीरेंद्र दुबे, सांसद प्रतिनिधी भोला पाण्डेय, आनंद सिंह, मंडल उपाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद, भाजपा महामंत्री मनीष पाण्डेय ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

# निर्माणाधीन मकान से गिर कर घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के दूधीमाटी में रविवार को एक निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान गिरकर सन्नी कुमार (30) नामक युवक घायल हो गया। उसके साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने गंभीर स्थिति में उसे इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद घायल को बेहतर इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया।

# डीएवी ढोरी में शिक्षा की नयी पहल, बस्ता मुक्त शनिवार की हुई शानदार शुरुआत

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मकोली स्थित ढोरी डीएवी पब्लिक स्कूल में नवनियुक्त प्राचार्य अमिताभ दासगुप्ता ने कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों के लिए एक नई शिक्षा पद्यति लागू की है। अब हर शनिवार को 'बस्ता मुक्त शनिवार' के रूप में मनाया जाएगा। जहां बच्चों के लिए क्रियाकलाप आधारित शिक्षा दी जाएगी और मनोरंजक प्रेरणादायक फिल्में प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाये जायेंगें। इसमें नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चे रंगीन पोशाक में स्कूल आयेंगें और मजेदार गतिविधियों में भाग लिया। बच्चों ने 'बोल्ट' मूवी का आनंद लिया और नई शिक्षा शैली को खूब सराहा। प्रथम से पांचवी तक के छात्र भी क्रियाकलाप आधारित पठन-पाठन में शामिल हुए और वीसी सेंटर/लैंग्वेज लैब में मूवी देखी। प्राचार्य अमिताभ दासगुप्ता ने कहा कि यह पहल बच्चों के लिए शिक्षा को और अधिक रोचक बनाने के लिए की गई है। आने वाले दिनों में और भी सार्थक बदलाव किए जाएंगे।

# हिल ग्रीन स्कूल में धूमधाम से मनाया गया 11वां वार्षिक उत्सव

## ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे ऊर्जावान, इन्हें निखारने की जरूरत : वीरेंद्र

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** गदोखर स्थित हिल ग्रीन स्कूल में 11वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसबीआइ के चीफ मैनेजर वीरेंद्र कुमार शामिल हुए। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में ऊर्जा की कमी नहीं है। इसे निखारने की जरूरत है। सुदूरवर्ती क्षेत्र में हिल ग्रीन स्कूल शिक्षा का अलख जगा रहा है। यह कबील-ए-तारीफ है। वहीं, दूसरी ओर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ही एचआर राजीव रंजन ने कहा कि बच्चे पांच घंटे मेहनत आज करें, तभी जीवन में कुछ बदलाव होगा। कार्यक्रम के दौरान 10वीं के छात्रों को फेरवेल दी गयी। इस अवसर पर पत्रकार विश्वेंदु जयपुरियार ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र में स्कूल चलाना आसान नहीं है, लेकिन हिल ग्रीन बेहतर शिक्षा प्रदान करा रहा है। एक्सेलेंस स्टडी स्कूल के निदेशक डॉ जीशान खान ने कहा कि शिक्षा में शॉर्टकट का कोई तरीका नहीं है। बच्चे मेहनत और ईमानदारी से शिक्षा ग्रहण करें, तो मंजिल जरूर मिलती है। इससे पूर्व गदोखर पंचायत के मुखिया नारायण साव ने कहा कि यह स्कूल इस क्षेत्र में शिक्षा का दीप जला रहा है। इसके अलावा अतिथि में जेपीएसएस के संरक्षक मधुप मनोहर, जेपीएसएस के उपाध्यक्ष छोटेलाल साव, मॉडर्न प्रोग्रेसिव स्कूल के निदेशक मक्सीर आलम एवं संजीव कुमार ने भी अभिभावकों को संबोधित किया। दूसरी ओर, वार्षिक खेलकूद में ओवरआल ब्लू हाउस 1140 अंक लेकर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि ग्रीन हाउस 1130 अंक लेकर दूसरे एवं रेड हाउस 900 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहा। प्राचार्य आरिज हुसैन सागर ने एक वर्षों का लेख जोखा प्रस्तुत किया। कहा की स्कूल उन्नति के मार्ग पर चल रहा है। बच्चों को उन्नति की राह में आगे बढ़ा रहा है।

# ढोरी पांच नंबर ग्राउंड में क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** फुसरो नप क्षेत्र के ढोरी 5 नबंर ग्राउंड में रविवार को बेरमो प्रिमियर लिग 2025 सीजन- 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। जिसमें बेरमो थाना के एसआइ मो शाजिद असांरी, सीसीएल ढोरी के अमलो प्रोजेक्ट मैनेजर संतोष कुमार एवं समाजसेवी टिंकू महतो ने फीता काट कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। अतिथियों ने कहा कि क्रिकेट जैसे खेलों से ना केवल फिटनेस को बढ़ावा मिलता है, बल्कि खेल भावना और टीम वर्क की भावना भी विकसित होती है। खेल को प्रोत्साहित करने और युवाओं में खेल भावना जागृत करने के उद्देश्य से उन्होंने काम की व्यस्तता के बीच समय निकालकर उद्घाटन समारोह में भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए कमेटी को बधाई दी। यहां प्रारंभिक मैच सुरेश सुदर्शन स्पोर्ट्स 11 उर्फ बाबू भइया बनाम इइ इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी के बीच खेला गया। इसमें टॉस जीतकर इइ इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी ने पहले बॉलिंग किया। इसके बाद सुरेश सुदर्शन स्पोर्ट्स 11 उर्फ बाबू भइया ने 112 रन बनाये। इसमें इइ इंस्टीट्यूट सेंट्रल कॉलोनी ने सात विकेट से जीत दर्ज की। कमेटी के लोगों ने बताया कि टूर्नामेंट के फाइनल विजेता को 50 हजार रुपया नकद और ट्रॉफी, जबकि उपविजेता टीम को 30 हजार और ट्रॉफी एवं प्रत्येक मैच में मेन ऑफ द मैच व फाइनल में मेन ऑफ द सीरीज दिया जाएगा। फाइनल मैच 16 फरवरी को खेला जाएगा। वहीं, क्रिकेट टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्रांति बीपी, देवराज विश्वकर्मा, छोटू राम, छोटका उर्फ परवीण, बिंदा यादव, बाबू भईया, कौशल राम, बबलू विश्वकर्मा, कार्तिक रजवार, धीरज राम, अमृत प्रजापति, पवन शास्त्री, छोटु साव, बिमल मुंडा, मोहन विश्वकर्मा, राजेश कुमार, शमीम खान आदि की सराहनीय भूमिका है।

# आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** नाबालिक लड़की को भगा ले जाने के आरोपी के घर में शनिवार को पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। इस मामले में बताया जाता है कि डुमरी थाना कांड संख्या 21/2024 में नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी में प्यारे नामक व्यक्ति को नामजद किया गया है। शनिवार को इस कांड के अनुसंधानकर्ता एसआइ मनोज कुमार आरोपी के घर पहुंचे। इस कांड में माननीय न्यायालय, गुमला से निर्गत इश्तहार को उनके द्वारा चिपकाए गया। इश्तेगार में उक्त आरोपी को न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण करने की तिथि निर्धारित की गयी है। साथ ही कहा गया है कि आत्मसमर्पण नहीं करने पर उनके विरुद्ध उनके घर की कुर्की जब्ती कर कार्रवाई की जायेगी।

# जिले में भारत माला सड़क निर्माण का फिर हुआ विरोध

## बिना ग्रामसभा के सीधे रैयतों को थमा दिया गया नोटिफिकेशन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत माला सड़क योजना में गुमला जिले से गुजरने वाली सड़क के निर्माण के पूर्व एक बार फिर विरोध शुरू हो गया है। पहले बनी योजना में प्रभावित ग्रामीणों के विरोध के बाद रविवार को आदिवासी संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में आदिवासियों की जमीन बचाने के मुद्दे को लेकर स्थनीय इंडोर स्टेडियम में बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता बिंझू उरांव ने की। इस बैठक में छोटे बड़े 30 गांवों के 80 जमीन मालिक उपस्थित थे।

बैठक की अगुवाई गजेंद्र सिंह, जगन्नाथ उरांव, राम सिह मांझी आदि आंदोलनकारियों ने की। बैठक में यह बताया गया कि गुमला जिला अधिसूचित क्षेत्र है और यहां पेसा का कानून है। पेसा कानून के अंतर्गत ग्राम सभा में निर्णय होने के बाद ही कोई योजना



तैयार करने का प्रावधान है। लेकिन बिना ग्राम सभा के ही सर्वे करके जमीन मालिकों के हाथ में सीधे नोटिफिकेशन थमाया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह पेसा कानून का घोर उल्लंघन है। रैयतों ने कहा कि जिस दर से सरकार उनकी जमीन का मुआवजा देना चाहती है वर्तमन में जमीन की कीमत उस दर पर से पांच गुना अधिक है। अगर इस मुआवजे की राशि से दूसरी जगह जमीन खरीदने का प्रयास किया जाए तो एक एकड़ के मौज के बदले मात्र 20 डिसमिल जमीन ही खरीदी जा सकती है। रैयतों ने कहा कि यह उनके साथ सरासर नाइंसाफी है। बैठक में यह भी कहा गया कि सरकार पहले प्रभावित रैयतों को कहीं पर स्थापित करे, उनकी रोजी रोजगार पर बात करे,तब उन्हे विस्थापित करे। यह भी कहा गया कि बिना मुआवजे और बिना सरकारी प्रक्रिया के ही शिवालय कंपनी जबरन उनकी जमीनों पर बोरिंग करने का प्रयास कर रही है। जिससे रैयतों के बीच एक खौफ सा माहौल पैदा हो गया है। बता दें की पूर्व में भारतमाला सड़क योजना में गुमला जिले के दक्षिणी- पूर्वी क्षेत्र से सड़क बनाई जाने की योजना थी लेकिन भारी विरोध के बाद इसे बदलकर उत्तरी पश्चिम क्षेत्र से लेकर दक्षिणी क्षेत्र में तक बनाने का सर्वे किया गया है। जिसमें लांजी, भरदा से चांडाली होते हुए कटकायां के ग्रामीण रैयत प्रभावित होंगे। बैठक में लोको उरांव , दिपू उरांव, पियस बाड़ा, फौदा उरांव, बिरासमुनी उरांव, मरियम , फुलमती उरांव , राजेश उरांव, बिमला उरांव, मांगरा उरांव, गोविंद उरांव साहित कई लोग मौजूद थे।

# चरका टांगर जामटोली के कुएं में 14 वर्षीय किशोर डूबा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के बिंदा पंचायत के चरका जामटोली गांव में 14 वर्षीय किशोर सुरेंद्र खड़िया पिता बुधवा खड़िया की शनिवार की अपराह्न कुएं में डूबने से मौत हो गयी। घटना की सूचना पर गुमला गुमला थाना के एसआइ हेमा रविवार दिन के 2:00 बजे गांव पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजवाया।

जानकारी के मुताबिक सुरेंद्र शनिवार को नहाने की बात कर कर घर से निकला था। शाम तक घर वापस नहीं लौटा तब परिजन पूरे गांव में उसकी खोजबीन की है। लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रविवार की सुबह 10:00 बजे झागड़ लेकर कई कुआं में खोज बिन किया। गांव के समीप एक कुआं में कपड़ा झागड़ में फंसा। जिसके बाद उसे बाहर निकाला गया। वही उसकी पहचान सुरेंद्र के रूप में की गयी। परिजनों ने बताया नहाने का दौरान पैर फिसलने से कुआं में डूबने से उसकी मौत हो गयी होगी। इसके बाद सदर अस्पताल में शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया।

# आंगनबाड़ी और सामुदायिक भवन की मांग के लिए उपायुक्त से मिलेगा मिशन बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव और मुरुमकेला ग्रामीणों के संयुक्त तत्वावधान में चार गांवों के जनप्रतिनिधियों और मिशन बदलाव की टीम सोनामती कुमारी के नेतृत्व में बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से मिशन बदलाव टीम शामिल हुई, मिशन बदलाव टीम के भूषण भगत नेतृत्व करते हुए कहा कि मिशन बदलाव और ग्रामीण गुमला डीसी से मिलेगा और सभी समस्याओं से अवगत करायेगा, डीसी से मिलने वालों में मिशन बदलाव जिला अध्यक्ष बिनोद साहू, नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा, नगर सचिव ज्योति गलोयरिया कुजूर मिशन बदलाव सदस्य बिमला उरांव, सागर उरांव,



बंधन उरांव, प्रमिला किंडो, एरिक उरांव, भूषण सिंह और ग्रामीणो के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगें। बैठक में डीसी गुमला को बताया जायेगा कि रायडीह प्रखंड के कई गांव के लोग बकरी चोरों से परेशान है और निरंतर हमारे बकरियों पशुओं की चोरी हो रही है। आये दिन ग्रामीणों बकरियों की चोरी होने से किसान आतंकित है और बकरियों की चोरी से किसानों में डर का माहौल है। चोर हथियारों के साथ रात को आते है और ताला तोड़ कर घरों में घुसकर बकरी चोरी करते है और बाहर से दरवाजा भी बंद कर देते है, जिससे की घर के लोग एक दूसरे से संपर्क न कर सके। हमलोंगो को डर बना रहता है कि बीच बचाव में चोरों के द्वारा हमला भी न कर दिया जाये।

# दीरगांव में तेलंगा खड़िया की जयंती मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** दीरगांव में स्वतंत्रता सेनानी वीर शहीद तेलंगा खड़िया के जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद तेलंगा खड़िया के प्रतिमा पर पहान पुजार द्वारा पूजा अर्चना की गयी। वही अतिथियों द्वारा शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही बच्चों द्वारा नृत्य गीत का कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर चंद्रकिशोर केरकेट्टा ने कहा कि शहीद तेलंगा खड़िया का जन्म 9 फरवरी 1806 में सिसई के मुरगु ग्राम में हुआ था। तेलंगा ने राजा, जमीदार, सूदखोर साहूकारों एवं अंग्रेजों के खिलाफ बैठ बेगारी, शोषण एवं अत्याचार के विरुद्ध मोर्चा खोला था। इस क्रम में उन्होंने कई हरवे हथियार चलाने



का प्रशिक्षण दिया था। जिसमें 900 सदस्य शामिल थे। विगत 23 अप्रैल 1880 को सुबह-सुबह सरना स्थल पर शहीद तेलंगा खड़िया पूजा कर रहे थे। उसी समय अंग्रेजों का एक दलाल ने उन्हें पीछे से गोली मार दी और वह शहीद हो गए। वीर शहीद अपने समाज के ही नहीं पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि झारखंड वासियों के लिए यह बड़े गौरव की बात है कि झारखंड की धरती ने ऐसे सपूत को जन्म दिया। हमें उनके कुर्बानियों से सीख लेनी चाहिए और जीवन में शोषण अत्याचार और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। मौके पर समिति के अध्यक्ष दीपक खड़िया सुधीर भगत, शंभू खड़िया, चंद्रकिशोर केरकेट्टा, भिनेश्वर उरांव, देवेंद्र उरांव, कलावती खड़िया, सिरोमनी बिलुंग, करमी सोरेंग, आरती केर-केट्टा, जानकी खड़िया, प्रमोद तिर्की सहित कई लोगों उपस्थित थे।

# टंगरा स्कूल में जिला स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शहर के टंगरा स्कूल परिसर में जिला स्तरीय कुकिंग कंपटीशन का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया गया कंपटीशन में गुमला जिले के सभी रसोईया दीदियों ने भाग लिया जिसमें घाघरा प्रखंड प्रथम और भरनो प्रखंड द्वितीय स्थान प्राप्त किया और उन्हें जिला शिक्षा अधीक्षक द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक व्यंजन बनाया गया था। कार्यक्रम में दीदियों को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम ने कहा इस प्रकार के कंपटीशन से आप लोगों को नए-नए व्यंजन बनाने का अनुभव प्राप्त होता है आप लोग सभी विद्यालय में बच्चों के लिए खाना बनाते हैं इतने कम मानदेय में काम करना काबिले तारीफ है। मौके पर उपस्थित झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया संयोजिका अध्यक्ष संघ की देवकी देवी ने कहा कंपटीशन का आयोजन बहुत ही अच्छा हुआ जिला स्तरीय कुकिंग कंपटीशन कराया तो जाता है लेकिन सरकार हमें व्यवस्था नहीं देती है सभी रसोइया दीदियों को अपने खर्चे पर आना-जाना और सारी व्यवस्था करनी पड़ी। उन्हें प्रतिदिन का मात्र ?66 रुपया 66 पैसा काम के वजह में मिलता है और दो से ढाई हजार खर्च करके इस कंपटीशन में भाग लेने आए हैं प्रशासन को सारी खर्च की व्यवस्था स्वयं करनी चाहिए। देवकी देवी ने प्रशासन से सभी रसोईयों का खर्च देने की मांग की है।

## गुमला में बाइक से गिरकर दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला पालकोट रोड स्थित उर्मी चौक के समीप रविवार की शाम 5:00 बजे दो लोग सड़क किनारे गिरे पड़े थे। वहीं उस रास्ते कई राहगीरों का आवागमन हुआ लेकिन किसी ने उनकी शुध नहीं ली। इसके बाद उर्मी चौक में ही चाय बेचने वाला युवक मनराज नायक काफी देर तक दोनों को घायल अवस्था में पड़ा देखा। इसके बाद आपने ऑटो से दोनों घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया। मनराज ने बताया कोई वाहन उन्हें टक्कर मार दिया या फिर वे खुद से सड़क पर गिरे इसका पता नहीं चला। लेकिन करीब 1 घंटे से दोनों सड़क के किनारे गिरे पड़े थे और दर्द से कराह रहे थे। घटना में महिला का एक पैर भी टूट गया है।

# इसाई धर्मगुरु बजिंदर सिंह के विरुद्ध सोशल मीडिया में आपत्तिजनक बातें की गयीं अपलोड

**चार सोशल मीडिया चैनलों के विरुद्ध गुमला थाना में केस दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** इसाई धर्म के धर्मगुरु सह मिनिस्टरीज चंडीगढ़ के संस्थापक प्रोफेट बजिंदर सिंह पर आपत्ति जनक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगे हैं। इस प्रकार के कई मामलों को लेकर तीन - चार सोशल मीडिया चैनलों के विरुद्ध गुमला सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। ये प्राथमिकी शहरी क्षेत्र के तीन युवकों के आवदेन पर दर्ज की गयी है।

प्राथमिकी अश गैंग टीवी, विजय इमानुएल टीवी, द लाइट अपोलोजेस्टिक्स टीवी और बाइबल फैक्ट टीवी के विरुद्ध की गयी है। इन चैनलों के विरुद्ध धार्मिक भावना को आहत करने वाला वीडियो अपलोड करने का आरोप है। युवकों ने गुमला थाना में आवेदन देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

थाना को दिये आवेदन के अनुसार कहा है कि ईसाई धर्म के धर्मगुरु सह प्रोफेट बजिंदर सिंह मिनिस्टरीज चंडीगढ़ के संस्थापक हमारे धर्मगुरु है। जिनका भारतवर्ष में अनेकों कार्यक्रम होता है। उन्हीं को टारगेट करते हुए अश गैंग टीवी में 10 दिन पूर्व गलत तरीके से बजिंदर सिंह की दो पत्नी शीर्षक पर आर्गनल बातों को अपलोड किया गया था।

वहीं बीते 27 जनवरी को दी लाइट अपोलोजस्टिकस टीवी में यूट्यूब पर आर्गनल बातें कही थी। 25 जनवरी को यूट्यूब पर बाइबल फैक्ट टीवी में चंदन सोनी नामक यूट्यूब ने वीडियो अपलोड किया जिसमें बजिंदर सिंह का मूत्र पीने जैसी आपत्ति जनक बातें हैं। वहीं 27 जनवरी को विजय एमानुएल टीवी यूट्यूब चैनल के वीडियो अपलोड में आर्गनल और अपमानजनक बातें कही गयी थी। जिससे आवदेन करने वालों की धार्मिक भावना आहत हुई है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के नेतरहाट रोड संतोषी मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में लगभग 28 वर्षीय युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार घाघरा निवासी महानंद असुर चांदनी चौक से अपने घर सड़क के किनारे पैदल जा रहा था, इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार जिससे यह घटना घटी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। यहां बता दें कि मृतक मूल रूप से बीरो पानी का रहने वाला है। वर्तमान में नेतरहाट रोड मथनी दीपा में अपने परिवार के साथ रहता था।

# वाहन की टक्कर से युवक घायल समाजसेवी ने पहुंचाया अस्पताल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला रांची राष्ट्रीय राजमार्ग चेरंबा के समीप अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार धोधरा पाकर टोली निवासी 22 वर्षीय जयराम उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसका एक पैर क्षतिग्रस्त होकर टूट गया जबकि शरीर के कई हिस्से में काफी चोट लगी। वही बहमनी गांव निवासी समाजसेवी सोमरा खड़िया की नजर सड़क किनारे घायल पर पड़ी इसके बाद उसे लेकर वह सदर अस्पताल पहुंचा और उसके घर वालों को घटना की जानकारी दी। वहीं सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत




डॉक्टर ने गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया है। समाजसेवी ने बताया अज्ञात वाहन के टक्कर के बाद युवक डिवाइडर से टकरा गया। इसके बाद उसका एक पैर टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया। युवक ट्रैक्टर मैकेनिक का काम करता है और भरनो में काम के बाद वह अपने घर लौट रहा था।

## श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग लगाया गया

**रांची (आजाद सिपाही)।** श्री श्याम मंडल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में रविवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर प्सुबह 10 बजे से 12 बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। भोग के मुख्य यजमान बालकिशन परसरामपुरिया ने अपने पूरे परिवार माया परसरामपुरिया, केशव परसरामपुरिया, हर्ष परसरामपुरिया, प्रलाश मोदी, संतोष देवी मोदी के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मंदिर परिसर हारे के सहारे की जय-लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा।

# स्पोर्ट्स



**ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में 9 विकेट से हराया, सीरीज 2-0 से जीती। गाले में खेले गये दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने 257 रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 414 रन का स्कोर बनाये।**

# श्रीलंका में 13 साल बाद टेस्ट सीरीज जीता ऑस्ट्रेलिया

एजेंसी

**गाले (आजाद सिपाही)।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने गाले में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में श्रीलंका की टीम को 9 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज को 2-0 से अपने नाम कर लिया। पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को पारी और 242 रन के बड़े अंतर से हराया था।

पैट कमिंस की अनुपस्थिति में श्रीलंका दौरे पर स्टीव स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया की टीम को यह सफलता मिली है। टीम 2011 के बाद पहली बार श्रीलंका में टेस्ट सीरीज जीतने में सफल रही है। आखिरी बार 2011 में माइकल



क्लार्क की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका दौरे पर जीत मिली थी।

गाले में खेले गये दूसरे मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। टीम ने पहली पारी में 257 रन बनाए। इस दौरान टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से नाबाद 85 रन बनाये और दिनेश चांडीमल ने 163 गेंदों पर 74 रन की पारी खेली। इनके अलावा दिमुथ करुणारत्ने ने 36, रमेश मेंडिस ने 28, पथुम निसांका 11 और कामिंडू मेंडिस ने 13 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क, मैथ्यू कुहनेमैन और नाथन लियोन ने क्रमशः 3-3 विकेट लिए। ट्रेविस हेड को एक विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 414 रन का स्कोर बनाया। टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने 15 चौके और 2 छक्कों की मदद से 188 गेंदों में 156 रन और कप्तान स्टीव स्मिथ ने 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 254 गेंदों में 131 रनों की पारी खेली। इनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 36 रन और ब्यू वेबस्टर ने 31 रन बनाये। पहली पारी के लिहाज ने ऑस्ट्रेलिया ने 157 रनों की बढ़त हासिल की।

श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। निशान पीरिस ने 3 और रमेश मेंडिस ने 2 विकेट हासिल किए। इसके बाद श्रीलंका की दूसरी पारी 231 रन पर सिमट गई। इससे ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 75 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में श्रीलंका के लिए एंजेलो मैथ्यूज ने सबसे बड़ी पारी खेलकर 76 रन बनाए। कुसल मेंडिस ने 50 रन की पारी खेली।

# एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मांडर प्रखंड अंतर्गत बुढ़ाखुखरा स्थित खेल मैदान में रविवार को पांच दिवसीय शहीद एतवा उरांव क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 के चौथे दिन का उद्घाटन मो. खालिद, जेवियर खलखो, हासीम अंसारी, मो. राजा, आशीष ने खिलाड़ियों से परिचय कर किया।

रविवार को पहला मैच गोविंदपुर और टांगर के बीच खेला गया, जिसमें गोविंदपुर की टीम 22 रन से विजयी रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए गोविंदपुर की टीम 108 रन बनायी। इसके जवाब में टांगर की टीम 86 रन पर ही सिमट गयी। वहीं दूसरा मैच सोसई आश्रम और चोरेसा के बीच खेला गया। इसमें सोसई की टीम 40 रन से बिजयी रही। इससे पहले बल्लेबाजी करते सोसई आश्रम की टीम 140 रन का स्कोर खड़ा की। इसके जवाब में चोरेसा की टीम 100 रन ही बना सकी।

रविवार को तीसरा मैच सोसई आश्रम और गोविदपुर के बीच खेला गया। जिसमें सोसई की टीम 30 रन से जीत कर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गयी। पहले बल्लेबाजी करते हुए सोसई की टीम 95 बनायी। इसके जवाब में गोविंदपुर की टीम 65 रन पर ही सिमट गयी। तीनों मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए गोविंदपुर के अनीस, सोसई आश्रम के आशिष व अमन को मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार दिया गया। इससे पहले कुंदी और बुढ़मू एलेवन की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। मैच के अंपायर आशीष गुप्ता और राहुल शाही थे।

10 फरवरी को टूर्नामेंट का चौथा क्वाटर फाइनल गोरे एलेवन और गोपी एलेवन के बीच दिन के नौ बजे से खेला जायेगा। साथ ही दो सेमीफाइनल के अलावा टूनार्मेंट का फाइनल मैच दिन के तीन बजे से होगा। टूर्नामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन झारखंड सरकार की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, अंजुमन इस्लामिया रातू प्रखंड के सचिव मुख्तार अंसारी, समीम अख्तर और मांडर थाना प्रभारी राहुल संयुक्त रूप से करेंगे।

# अब घर बैठे कर सकेंगे केस फाइल जान सकेंगे अपने मुकदमे की स्थिति

## धनबाद में अधिवक्ता व अधिवक्ता लिपिकों को दिया गया ई-फाइलिंग का प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** ई-कोर्ट्स भारत में न्यायिक प्रक्रिया को डिजिटलीकरण और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की एक पहल है। यह परियोजना ई-गवर्नेंस के तहत न्यायपालिका में पारदर्शिता, दक्षता और तेजी लाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2007 में शुरू की गई है। इसके तहत न्यायालयों में ई-फाइलिंग, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग और डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उक्त बातें धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। वे रविवार को धनबाद सिविल कोर्ट में आयोजित ई-कोर्टस ट्रेनिंग



ई-कोर्टस ट्रेनिंग प्रोग्राम का उद्घाटन करते धनबाद जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी और अन्य गणमान्य लोग।

प्रोग्राम के दौरान बोल रहे थे। इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटन जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू, अवर न्यायाधीश राकेश रोशन एवं रजिस्ट्रार आइजेड खान ने किया। अधिवक्ता लिपिकों को संबोधित करते हुए मास्टर ट्रेनर धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्वयंभू ने कहा कि ई कोर्ट सेवा का उद्देश्य लंबित मामलों को कम करने और न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाना, नागरिकों की पहुंच आसान बनाना, लोगों को घर बैठे अपने केस की स्थिति जानने, आदेश डाउनलोड करने और डिजिटल माध्यम से सुनवाई में भाग लेने की सुविधा, पारदर्शी एवं जवाबदेही तरीके से प्रदान करना है।

### ई कोर्ट से मिलेंगी कई सुविधाएं

मास्टर ट्रेनर डीएसए अतुल वर्मा, दीप नारायण एवं जय केसरी ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि इ-कोर्ट में सुविधाओं के रूप में केस इंफॉर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) न्यायालयों में मामलों के रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से प्रबंधित करना, नेशनल जुडिशियल डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) न्यायपालिका में पारदर्शिता लाने के लिए केस डेटा का एक केंद्रीय डेटाबेस तैयार करना। ई-फाइलिंग (ई फाईलिंग) वकीलों और पक्षकारों के लिए ऑनलाइन याचिका दायर करने की सुविधा प्रदान करना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वसी) सुनवाई जेलों, पुलिस स्टेशनों और दूरस्थ स्थानों से न्यायालय में पेशी कराना, ऑनलाइन केस ट्रैकिंग और आदेश डाउनलोड करना मिलेगी। इस मौके पर सिस्टम ऑफिसर अजय कुमार यादव, सुदीप कुमार, शाकिब अहमद, अनूप अमित तिर्की, संजय रक्षित, कोर्ट मैनेजर मनीष कुमार आदि उपस्थित थे।

# छात्र-छात्राएं अपनी मेहनत, ऊर्जा और क्षमता को सही दिशा में लगायें: विपिन

## गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के चयनित विद्यार्थी हुए सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** टाऊन-हॉल में रविवार को मेडिकल व इंजिनियरिंग की तैयारी कराने वाली भरोसेमंद संस्थान गोल ने गोल टैलेंट सर्च एग्जाम के धनबाद जोन के चयनित सैंकड़ों विद्यार्थियों को लैपटॉप, टैब, घड़ी, बैग, मेडल एवं सर्टीफिकेट देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया। विगत 16 वर्षों से आयोजित होते आ ही उक्त परीक्षा के प्रथम चरण में छह राज्यों झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा के लगभग 1,50,800 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें दूसर चरण मेन परीक्षा में लगभग 38 हजार विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। गोल संस्थान के फाउंडर एवं मैनेजिंग डायरेक्टर बीपीन सिंह ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि, इतने चात्रों के बीच से आप लोगों को चयन हुआ है। आप साधारण नहीं विशिषट हैं। अपनी मेहनत, ऊर्जा और क्षमता को सही दिशा में लगाएं। आगे आने वाले समय में आप अपने लक्ष्य को प्राप्त कर घर, परिवार, समाज औ राष्ट्र की धरोहर बन पाएंगे। वहीं, असिस्टेंड डायरेक्टर रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न- प्रतियोगिताओं के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि भारत जैसे बड़ी जनसंख्या वाले देश में आज के प्रतियोगी माहौल में आप छात्रों




के लिए कितनी कड़ी प्रतिस्पर्धा है। बावजूद इसके अगर सही समय में सही निर्णय लेकर सही मार्गदर्शन में किसी भी परीक्षा की तैयारी की जाए, तो फिर आप सफल ही नहीं, बल्कि टाप-रैंकर बन सकते हैं। वहीं, गोल धनबाद केंद्र के निदेशक संजय आनंद ने उपस्थित सैकड़ों सफल विद्यार्थियों के ही विभिन्न शिक्षण संस्थान से आये सम्मानित प्रार्याच, प्रधानाध्यापकों, मां-पिता एवं अभिभावकों की भी आज के दौर की विभिन्न चुनौतियों से अवगत कराया। बताया कि विगत 16 वर्षों से गोल-संस्थान की ओर से आयोजित होते आ रही जीटीएसई के सफल हजारों विद्यार्थि आज मेडिकल व इंडिनियरिंग के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। जबकि 27 वर्षों में 17 हजार से ज्यादा विद्यार्थि डॉक्टर बनक देश-दुनिया में अपनी सेवाएं दे हे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि अगर आपका सपना डॉक्टर और इंजिनियर बनना है, तो गोल एक भरोसेमंद संस्थान साबित हो सकता है। दूसरी ओर, उक्त सेमिनार को को संबोधित करते हुए संस्थान के रिसर्च एवं डेवलपमेंट हेड आनंद वत्स ने कहा कि जीटीएसई. पूर्ण रुपेण सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक महत्वपूर्ण सक्रियता है, जिसका मकसद वर्ग छह से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों के दिलों जिमाग में शुरूआती दौर में ही इंटरेस्टेड लक्ष्य का विजारोपण कर मार्गदर्शित कर उन्हों उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए प्रेरित करना एवं मां-पिता व अभिभावकों को भी जागरूक करना है। जबकि धन्यवाद ज्ञापन देते हुए धनबाद अकेडमिक हेड दीपक कुमार ने कहा कि उक्त परीक्षा के लिए अभ्यर्थी गोल के विभिन्न कोर्सेस में स्कॉलरशीप लेकर, नामांकन कराकर पढ़ाई कर सकते हैं। इस दौरान सेमिनार का संचालन आनंद-वत्स एवं गोल- रांची के कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार ने किया। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में भारती सिन्हा, अरुण, सुनील, मार्केटिंग के वशीम, उमेश, पूजा और दिलीप आदि की भूमिका सराहनीय रही।

# दूसरे बच्चों से अपने बच्चे की तुलना ना करें : अरविंद मिश्रा



### डीवाइ पाटिल इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मना वार्षिक महोत्सव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** डीवाइ पाटील इंटरनेशनल स्कूल का दूसरा वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है, जो दो दिनों तक चलेगा। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में सिंफर के निदेशक अरविंद कुमार मिश्रा शामिल हुए, जिन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने कई शानदार एवं दर्शनीय प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया। बच्चों ने नाटक के माध्यम से भ्रूण हत्या रोकने के लिए समाज को जागरूक भी किया। प्रचार्या अर्चना मिश्रा ने स्कूल की उपलब्धि के विषय में बताया। उन्होंने आने वाले समय में स्कूल में शिक्षा व्यवस्था की मजबूती से भी अवगत कराया। कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल अग्रसर कार्य कर रहा है। उन्होंने बेटियों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए स्कूल द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क नामांकन की भी चर्चा की। वहीं, सिंफर धनबाद के निदेशक अरविंद मिश्रा ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें। हम एक बेहतर समाज की कामना तभी कर सकते हैं जब सामाज शिक्षित हो। बच्चों को शिक्षित करने में स्कूल के शिक्षकों का बहुत बड़ी भूमिका होती है। सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानिए और उन्मुक्त गगन में उनको उड़ने दीजिए। आज के परिवेश में जैसा कि डिजिटल लाइफ की बात होती है उसमे ध्यान देने की आवश्यकता है। कहीं ये सोशल मिडिया हमारे बच्चों के भविष्य पर कोई गलत प्रभाव तो नहीं डाल रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कभी दूसरे बच्चों से तुलना नहीं करना चाहिए। इससे उनके दिमाग पर गलत असर पड़ता है।

# तेनुघाट की रहने वाली महिला की हादसे में मौत

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट से प्रयागराज जा रही कार के टेलर से टकरा जाने से उसमें सवार तेनुघाट निवासी समाजसेवी दीपक कुमार गुप्ता की मां उर्मिला गुप्ता की मौत हो गई। जबकि दीपक खुद गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना बिहार के सासाराम से आगे कुदरा में हुई। दीपक को स्थानीय अस्पताल में इलाज के बाद एंबुलेंस से रांची के मेदांता अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उनकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक दीपक गुप्ता अपने परिवार के सभी सदस्यों के साथ महाकुंभ स्नान के लिए शुक्रवार की रात नौ बजे अपनी गाड़ी से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जा रहे थे। तभी बिहार के सासाराम के आगे कुदरा में उनकी छोटी गाड़ी अचानक सामने से आ रहे ट्रेलर से सीधे टकरा गई। गाड़ी में दीपक के माता-पिता पत्नी, भाभी और साला सहित ड्राइवर एवं आंगनबाड़ी सेविका पुष्पा गुप्ता बैठी थी। घटना में दीपक की मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं चालक व दीपक के पिता का हाथ टूट गया।

# 12 फरवरी से धनबाद जिले में होने जा रही 100 दिवसीय टीबी अभियान की शुरुआत

## घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी-सहिया करेंगें टीबी मरीजों की खोज

## एचआइवी, मधुमेह समेत अन्य मरीजों की भी होगी जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत धनबाद में 12 फरवरी से 100 दिवसीय विशेष टीबी अभियान की शुरूआत होने जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के इस विशेष अभियान को लेकर जिला टीबी विभाग में तैयारी भी शुरू कर दी है। इस अभियान के तहत पूरे जिले में 100 दिनों तक घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मी और सहिया टीबी मरीजों की खोज करेंगे। अभियान में खासकर वैसे मरीजों की जांच की जाएगी, जिनमें शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस अभियान में धूम्रपान करने वाले, तंबाकू का सेवन और मदिरापान करने वाले व्यक्तियों की खासकर जांच की जाएगी। इसके लिए



डॉक्टर और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है। जिला टीबी पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार ने बताया कि इस विशेष अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक मरीजों की जांच करना है। 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ऐसे में सामूहिक भागीदारी से हम इस पर नियंत्रण कर सकते हैं। इस अभियान में एचआईवी और मधुमेह सहित अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों की भी जांच होगी। 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले, टीबी के पुराने मरीज, टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले व्यक्ति, एचआईवी रोगी, शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कम वाले लोगों को चिह्नित किया जाएगा। इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और विशेष टीबी केंद्रों में जांच की जाएगी।

### धनबाद में टीबी के है 3400 मरीज

बतातें चलें कि धनबाद में टीबी के 3400 मरीज हैं। डॉ सुनील कुमार ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 2015 में एक लाख लोगों में 237 लोग टीबी से ग्रसित हो रहे थे, जबकि 2023 के आंकड़ों के अनुसार एक लाख में 195 लोग टीबी से ग्रसित हो रहे हैं। पहले की तुलना में अब मरीजों की संख्या कम हो रही है। धनबाद में भी अभियान चला कर मरीजों की खोज की जा रही है।

# राज्यपाल से मिला प्रशस्ति पत्र दिव्यांगों व उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित करेगा : अनीता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** पहला कदम स्कूल की सचिव अनीता अग्रवाल ने बताया कि बाबा श्याम की कृपा से दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पहला कदम को झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के हाथों प्रशस्ति पत्र मिलना ना केवल हमारे लिए, बल्कि पूरे स्कूल परिवार, दिव्यांग बच्चों व जिले के लिए हर्ष की बात है। हमारे कार्यों का प्रतिफल है जो आज राज्यपाल के हाथों मिला है। यह प्रशस्ति पत्र हमें दिव्यांगता के क्षेत्र में और भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित



करेगा। प्रदत्त प्रशस्ति पत्र में राज्यपाल ने लिखा कि पहला कदम स्कूल दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, चिकित्सा एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास करना अत्यंत सराहनीय है।

# प्रत्येक घर से कम से कम दो व्यक्ति को झामुमो से जोड़ने का है संकल्प : दीपक

### झामुमो की सदस्यता को लेकर फुसरो के वार्ड 18 में चलाया गया जनसंपर्क अभियान

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झामुमो फुसरो नगर संरक्षक दीपक महतो व संयोजक मंडली सदस्य रवि महतो के नेतृत्व में रविवार को वार्ड नंबर 18 के ढोरी बस्ती रेहवाघाट, सिंगारबेडा, बालूबैकर व कदमाडीह आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को झामुमो की सदस्यता दिलायी गयी। दीपक महतो और रवि महतो ने कहा कि प्रत्येक घर से कम से कम दो व्यक्ति को झामुमो से



जोड़ने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की मंइयां सम्मान योजना से हर घर की गरीबों को लाभ मिल रहा है, जिससे सरकार की लोकप्रियता और विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों में सरकार के प्रति गहरी निष्ठा है। यह क्षेत्र हमेशा झामुमो का मजबूत गढ़ रहेगा। इस दौरान दर्जनों लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की।

# जिप अध्यक्ष-मुखिया ने की विद्यालय में कक्षा व छात्राओं के लिए शौचालय निर्माण की घोषणा

### समारोह आयोजित कर 12वीं के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**महुदा।** स्वामी विवेकानंद प्लस-2 हाई स्कूल में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं की विदाई के लिए रविवार को कार्यक्रम आयोजित किया। जिसकी शुरूआत धनबाद की जिप अध्यक्ष शारदा सिंह, भाजपा के धनबाद जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह और पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने नृत्य, संगीत, नाटक और कविता पाठ जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का मंचन किया। विद्यार्थियों ने अपनी विदाई को यादगार बनाने के लिए एक लघु नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय के दिनों की यादें और उनके समर्पण को दर्शाया। अंत में 12वीं छात्रों को 11वीं कक्षा के छात्राओं द्वारा विशेष रूप से कलम भेंट कर विदाई दी। वहीं, विद्यार्थियों ने अपनी कक्षा शिक्षकों




के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यालय से मिले ज्ञान को जीवन में लागू करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूम में शामिल शारदा सिंह और शेखर सिंह ने कहा कि शीघ्र ही विद्यालय में अतिरिक्त कक्षा का निर्माण कराया जाएगा, ताकि विद्यार्थियों को एक बेहतर और सुविधाजनक अध्ययन वातावरण मिल सके। इसके साथ ही विद्यालय के समग्र विकास के लिए हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया। वहीं, मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि अपने निजी कोष से विद्यालय में छात्राओं के लिए एक नया शौचालय का निर्माण करायेंगें। यह पहल विद्यालय के छात्राओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। मौके पर कॉलेज के सचिव सिकंदर हुसैन, प्राचार्य सुनील ठाकुर, उप प्राचार्य प्रेम रवानी, शिक्षक सुरेंद्र पांडे, राहुल राय, करुणा कुमारी, कमला कुमारी, गौतम रवानी, राजू महतो, कार्तिक कुमार, जनार्दन पाठक, राहुल ठाकुर, मिलन कुमार, दुर्गा प्रसाद रवानी, समाजसेवी सतीश कुमार, गौरव कुमार, मथुरा रवानी, हुलास रवानी और सुपर 30 के देवांकुर कुमार उपस्थित थे।

# अमेजिंग टैलेंट हंट 2005 में पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने दिखायी लोकनृत्य में प्रतिभा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम के दिव्यांग बच्चों ने रविवार को मनईटांड के साहू धर्मशाला में आयोजित अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 में हिस्सा लिया। जिसमें बच्चों ने झारखंड के लोक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। टैलेंट हंट में बच्चों ने फैंसी ड्रेस, सिंगिंग और निबंध प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर अपना अनुभव बढ़ाया। जबकि



फैंसी ड्रेस में दिव्यांग बच्चों ने श्रवण कुमार, बाबा साहेब .डॉ भीमराव अंबेडकर, झांसी की रानी, आदिवासी और अन्य भूमिकाएं कर प्रतिभा को प्रदर्शित किया। वहीं, अमेज़िंग टैलेंट हंट 2025 के आयोजकों का शुक्रिया अदा करते पहला कदम परिवार ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होने से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलता है।

# तेनुघाट उपकारा में बंद औरंगजेब की मौत की जांच शुरू

**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** तेनुघाट उपकार में विगत 22 अगस्त 2024 को धनबाद निवासी औरंगजेब अंसारी की मौत हो गई थी। परिजनों ने मौत पर संदेह व्यक्त करते हुए उपकार कर्मियों पर कई गंभीर आरोप लगाया था। जिस पर संज्ञान लेते हुए तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति ने जांच शुरू कर दी है। मौत की जांच का जिम्मा एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल को दी गई है। उन्होंने कहा कि औरंगजेब की मौत का किसी भी प्रकार का साक्ष्य किसी भी व्यक्ति के पास अगर है तो वह 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय आकर इस मामले में अपना पक्ष रख सकता हैं। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह एसडीजेएम सह जांच पदाधिकारी रश्मि अग्रवाल ने बताया कि तेनुघाट जेल में बंद बंदी मो औरंगजेब की मौत 22 अगस्त को हुई थी। जिसे धनबाद जेल से तेनुघाट जेल भेजा गया था। उक्त मामले में तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में जांच शुरू हो गयी है। जांच साक्ष्य में जो भी अपना पक्ष रखना चाहते हैं वह 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में पहुंच कर अपने पक्ष को प्रस्तुत कर सकते हैं। जिन्हें भी मामले की जानकारी हो वह न्यायालय में जांच में अपनी बात रख सकते हैं, ताकि मामले की निष्पक्ष जांच करने के बाद त्वरित कार्रवाई करने में सहायता मिले।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 10 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in



## भार्गवी हाइस्कूल की हीरक जयंती का उद्घाटन राज्यपाल ने किया

# शिक्षा प्रगतिशील समाज की नींव है : डॉ हरि बाबू कंभमपाटी



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** छात्रों को बड़े सपने देखना चाहिए और उसे साकार करने के लिए पढ़ाई जारी रखनी चाहिए। शिक्षा एक प्रगतिशील समाज की नींव है। राज्यपाल डॉ हरि बाबू कंभमपाटी ने कहा कि छात्रों को राष्ट्र निर्माण का वाहक होना चाहिए। रविवार को पूर्वाह्न में बीर नरसिंहपुर में स्थित भार्गबी हाई स्कूल के हीरक जयंती समारोह का मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन करते हुए राज्यपाल डॉ कंभमपाटी ने कहा कि स्कूल का समय छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य बनाने का सबसे अच्छा समय है। अब दुनिया नये अवसरों, संभावनाओं और चुनौतियों के साथ तेजी से बदल रही है। इस संदर्भ में जो लोग मजबूत प्रतिभावान, बुद्धिमान और नवोन्वेषी होंगे, वे इस परिवर्तन में सफल होंगे। स्कूल न केवल शैक्षणिक शिक्षा का स्थान है, बल्कि एक कोमल मती बच्चे के लिए ज्ञान प्राप्त करने, मूल्यों और उत्कृष्ट चरित्र का निर्माण करने और अनुशासन सीखने के लिए एक आदर्श और पवित्र स्थान है।

हीरक जयंती समारोह के इस ऐतिहासिक क्षण में यह महत्वपूर्ण है कि स्कूली शिक्षा का परिदृश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की परिवर्तनकारी दृष्टि को प्रतिबिंबित करे। नयी शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य हमारी शिक्षा प्रणाली को अधिक समावेशी, आत्मनिर्भर और कौशल उन्मुख बनाना है। तेजी से बदलती दुनिया में, यह बच्चों को तकनीकी रूप से स्वस्थ बनने, बुद्धि विकसित करने और चरित्र विकसित करने में मदद करेगा। राज्यपाल ने शिक्षकों को सलाह दी कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन के साथ ज्ञान और कौशल प्रदान करने में मदद करें। विधानसभा अध्यक्ष सूरमा पाढ़ी, ब्रह्मगिरि विधायिका उपासना महापात्र, ओड़िया विश्वविद्यालय सत्यवादी की कुलपति सविता प्रधान सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुईं और उत्कृष्ट छात्रों, अच्छे और अनुशासित समाज के निर्माण में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर राज्यपाल ने हीरक जयंती स्मरणिका का अनावरण किया तथा गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया। हीरक जयंती समिति के अध्यक्ष पद्मश्री प्रोफेसर डॉ अशोक महापात्र ने अध्यक्षता की और धन्यवाद ज्ञापन किया। विद्यालय की प्रधान शिक्षयत्री शैलाधिराज तानया शतपथी ने सभी का स्वागत किया और विद्यालय के बारे में जानकारी दी।

## पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने रेत कला के माध्यम से टीम इंडिया को दी बधाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत और इंग्लैंड के बीच कटक के बारबाटी स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेला गया। मैच देखने के लिए स्टेडियम में भारी भीड़ देखी गयी है। इस बीच, इंग्लैंड ने टॉस जीत कर बेटिंग करने की। वहीं पद्मश्री सुदर्शन पटनायक ने रेत कला के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पुरी के समुद्र तट पर रेत से कलाकृति बना कर भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## पीएनबी की जगतसिंहपुर दुर्गा बाजार शाखा में आग



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** जगतसिंहपुर दुर्गा बाजार के पास पंजाब नेशनल बैंक में रविवार सुबह आग लग गयी। स्थानीय लोगों ने बैंक से धुआं निकलता देखा और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। बाद में पुलिस और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण बिजली के शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## आज ओड़िशा सीएम का शिकायत प्रकोष्ठ बंद रहेगा

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का भुवनेश्वर यूनिट-5 स्थित शिकायत प्रकोष्ठ 10 फरवरी को बंद रहेगा। सामान्य प्रशासन एवं लोक शिकायत विभाग ने बताया कि सोमवार को मुख्यमंत्री का शिकायत प्रकोष्ठ बंद रहेगा और मुख्यमंत्री बहुत महत्वपूर्ण कार्य के लिए पहले से निर्धारित कार्यक्रम के कारण जनता की शिकायतें नहीं सुन सकेंगे। विभाग ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रकोष्ठ में जन शिकायतों की सुनवाई की अगली तारीख की सूचना विभिन्न मीडिया प्लेटफार्मों के माध्यम से दी जायेगी।









## प्लस टू थ्योरी परीक्षा 18 से 27 मार्च तक

# इस बार सभी अभ्यर्थी केवल काली स्याही ही लिखेंगे परीक्षा




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सीएचएसइ अगले 18 से 27 मार्च तक युक्त दो (प्लस टू) थ्योरी परीक्षा आयोजित होगा। परीक्षा में पेपर लीक रोकने को रोकने के लिए सख्त कदम उठाये गये हैं। काउंसिल की ओर से सभी कॉलेजों के अध्यक्षों और परीक्षा केंद्र अधक्षकों को विशेष नियमावली भेज दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक इस बार परीक्षा में सभी अभ्यर्थी केवल काली स्याही से ही लिख सकेंगे। जहां पहले छात्र नीले रंग में लिखते थे, वहीं इस बार प्रतिबंध लगा दिया गया है। परीक्षण खाते को स्कैन करते समय नीली स्याही की समस्या होता है। इसलिए छात्र केवल काली स्याही में ही लिख सकते हैं। कॉलेज अधिकारियों द्वारा छात्रों को इस बारे में सूचित किया जायेगा।

वहीं अगर कोई परीक्षा समय से 3 घंटे पहले परीक्षा कपि देता है, तो उसे प्रश्न पत्र लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रश्नपत्रों की नकल को रोकने के लिए ऐसा निर्णय लिया गया है। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होगी। विद्यार्थी 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे।

अगले 12 तारीख से प्रश्नपत्र परीक्षा प्रबंधन हब में भेजे जायेंगे। राज्य के कुल 205 हब में प्रश्नपत्र रखे जायेंगे। परीक्षा के दिन सुबह 8:30 बजे तक प्रश्न पत्र हब से सभी केंद्रों पर भेज दिए जायेंगे। परीक्षा केंद्रों पर तैनात पर्यवेक्षक, अध्यापक, अध्यापिका और स्क्वाड मोबाइल का उपयोग नहीं कर सकेंगे। वे परीक्षा केंद्र के निरीक्षक को अपने मोबाइल फोन जमा करने के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश करेंगे। इसका सख्ती से पालन करने को कहा गया है। इसके अलावा परीक्षा खाते में उत्तर के अलावा कोई भी मोबाइल नंबर, सिंबल या अन्य लिखा होने पर उक्त अभ्यर्थी को मालप्रैक्टिस किया जायेगा। यह भी निर्धारित है कि खाता सत्यापन के दौरान उम्मीदवार को मालप्रैक्टिस (एमपी) करने को कहा गया है।

## गोल्डन ट्रैंगल साइक्लिंग चैंपियनशिप 2025 का 7वां संस्करण आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर साइक्लिंग एंड एडवेंचर क्लब (बीसीएसी) ने एक बार फिर लगातार 7वें साल अपना प्रमुख साइक्लिंग इवेंट गोल्डन ट्राइंगल साइक्लिंग चैंपियनशिप आयोजित किया है, जो राज्य में एकमात्र प्रतिस्पर्धी साइक्लिंग है। ओड़िशा के उभरते साइक्लिस्टों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना को बेहतर बनाने के उद्देश्य से जीटीसीसी के 7वें संस्करण में बारह राज्यों के 100 से अधिक प्रो-साइक्लिस्टों ने अपने प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दौड़ लगायी, जो अब तक की सबसे बड़ी भागीदारी में से एक है। ओड़िशा के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। पुलिस के एडीजी और बीसीएसी के अध्यक्ष संजीव पांडा, एचडीएफसी बैंक उपाध्यक्ष अनंत पटनायक ने विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ायी।

**पोडियम पर स्थान पाने वाले हैं:** प्रथम पुरस्कार महाराष्ट्र के सिद्धेश अजीत पाटिल को 1,00,000 रुपये नकद पुरस्कार और 2 घंटे 51 मिनट 37 सेकंड का समय देकर प्रदान किया गया। **दूसरा स्थान :** पंजाब के मनदीप सिंह ने 2:51:37 का समय लेकर 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। **तीसरा स्थान :** हरियाणा के सुमित कुमार ने 2:52:13 के समय के साथ दौड़ पूरी की और 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। इससे पहले सुबह 6.30 बजे पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक और बीसीएसी के अध्यक्ष संजीव पांडा, ओड़िशा साइक्लिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष मिनाती महापात्रा और एचडीएफसी बैंक के उपाध्यक्ष अनंत पटनायक ने धौली शांति पैगोडा की तलहटी में स्थित अशोक स्तंभ से दौड़ को हरी झंडी दिखायी थी।






# ओड़िशा में रिकॉर्ड प्रगति दर्ज, रेलवे ने 2024-25 के लिए बजटीय आवंटन का 80% से अधिक खर्च किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ओड़िशा में रेलवे परियोजनाओं के लिए कुल बजटीय आवंटन 10,586 करोड़ है। अब तक, इस आवंटन का 81.78% का उल्लेखनीय व्यय पूरे क्षेत्र में कनेक्टिविटी, सुरक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रमुख रेलवे परियोजनाओं पर किया जा चुका है। चालू वित्तीय वर्ष के जनवरी 2025 तक यानी 2024-25; 8657.23 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। यह ओड़िशा में बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति रेल मंत्रालय की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**नयी परियोजना की मंजूरी :** ओड़िशा के रेलवे बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 18,118 करोड़ रुपये की 8 नयी रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इन परियोजनाओं में शामिल हैं: **गुनुपुर-थेरुबाली नयी लाइन (73.62 किमी) :** 1,326 करोड़ की लागत से इस नयी लाइन से रायगडा जिले को लाभ होगा। **जूनागढ़ रोड-नबरंगपुर नयी लाइन (116.21 किमी) :** यह लाइन 3,274 करोड़ की लागत से कलाहांडी और नबरंगपुर जिलों को जोड़ेगी। **मलकानगिरी-पांडुरंगपुरम नयी लाइन (173.61 किमी) :** 4,109 करोड़ की लागत से यह परियोजना ओड़िशा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को जोड़ेगी। **बादामपहाड़ - केंदुझरगढ़ नयी लाइन (82.06 किमी):** 2,107 करोड़ की परियोजना से केंदुझर और मयूरभंज जिलों को लाभ होगा। **बांगिरीपोशी-गोरुमहिसानी नयी लाइन (85.60 किमी):** मयूरभंज जिले में 2,549 करोड़ रुपये का निवेश। **बुडामरा-चकुलिया नयी लाइन (59.96 किमी):** 1,639 करोड़ की लागत से यह परियोजना मयूरभंज, झारखंड और पश्चिम बंगाल को जोड़ती है। **बरगढ़ रोड से नुआपड़ा रोड (138.32 किमी) :** 2,621.92 करोड़ की परियोजना का उद्देश्य पश्चिम ओड़िशा में कनेक्टिविटी में सुधार करना है। **पुरी-कोणार्क रेल लाइन (32 किमी) :** इन प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए नयी रेल लाइन के लिए 492 करोड़ मंजूर।

**परिवहन कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रमुख रेल फ्लाईओवर :** ट्रेन सेवाओं के आधुनिकीकरण और सुधार के प्रयासों के तहत, 1173.12 करोड़ रुपये की लागत से 5 प्रमुख रेल फ्लाईओवर मंजूर किये गये हैं और एफएलएस के लिए एक डबल लाइन फ्लाईओवर मंजूर किया गया है : **संबलपुर स्टेशन से संबलपुर सिटी स्टेशन (8.10 किमी) :** संबलपुर मुख्य स्टेशन से आवागमन की सुविधा के लिए संबलपुर शहर और सरला स्टेशन को जोड़ने वाली इस महत्वपूर्ण फ्लाईओवर परियोजना के लिए 288.61 करोड़।

**खुर्दा रोड स्टेशन रेलवे फ्लाईओवर :** पुरी से भुवनेश्वर जाने वाली ट्रेनों के लिए खुर्दा रोड स्टेशन पर ट्रेन यातायात को कम करने के लिए 191.87 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गयी है। **कटक में राजआठगड़ - राधाकिशोरपुर-माछपुर (10.89 किमी) को जोड़ने वाला रेल फ्लाईओवर :** कटक के पास राजआठगड़, राधाकिशोरपुर और माछपुर रेलवे स्टेशनों को जोड़ने वाले ट्रेन यातायात को कम करने के लिए 268.92 करोड़ रुपये की परियोजना। बुनियादी ढांचा एक साथ ट्रेन संचालन की अनुमति देकर संचालन में सुधार करेगा। क्रॉस-ट्रैफिक से होने वाली देरी को कम करेगा। **टिटिलागढ़ रेलवे फ्लाईओवर (8.11 किमी) :** क्षेत्र में ट्रेन संचालन की सुविधा के लिए 183.89 करोड़। **रायगडा में सिंगापुर रोड स्टेशन (5.50 किमी) :** रायपुर-बिजयनगरम रेलवे लाइन पर भीड़ कम करने के लिए 239.83 करोड़। इसके अलावा रेलवे के बुनियादी ढांचे में सुधार और रेल परिवहन की दक्षता बढ़ाने के लिए सुंदरगढ़ जिले के लाजकुरा में डबल लाइन फ्लाई ओवर के लिए अंतिम साइट सर्वेक्षण को भी मंजूरी दी गयी है।

**खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना :** 1994-95 में स्वीकृत इस महत्वपूर्ण रेलवे परियोजना को भूमि अधिग्रहण चुनौतियों के कारण देरी का सामना करना पड़ा। हालाँकि, इस वित्तीय वर्ष में परियोजना के लिए 1,160 करोड़ के परिव्यय के साथ, जनवरी 2025 तक खर्च लगभग 913 करोड़ है। इस वित्तीय वर्ष के अंत तक व्यय 1,100 करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। ओडिशा सरकार ने भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सक्रिय रूप से सुविधाजनक बनाया है और काम सुचारू रूप से चल रहा है और निर्माण कार्य के लिए अब प्रमुख मंजूरी और अनुमतियां प्राप्त हो गयी हैं। सोनपुर और पुरुणाकटक के बीच 74 किलोमीटर लंबी खुर्दा रोड-बलांगीर रेल लाइन परियोजना के लिए रेलवे लाइन का निर्माण चालू वित्तीय वर्ष में तय समय से पहले ही पूरा हो चुका है, जिसने इस जन केंद्रित रेल लाइन परियोजना के लिए एक इतिहास रचा है।

**प्रमुख रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास:** भुवनेश्वर, पुरी और कटक रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है:

**भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन:** 269 करोड़ से अधिक खर्च किए जा चुके हैं और परियोजना का काम 60% पूरा हो चुका है। जून 2022 में रेलवे बोर्ड ने भुवनेश्वर स्टेशन के पुनर्विकास को मंजूरी दे दी थी। काम अंतिम चरण में है और स्टेशन के दोनों ओर इमारतों का निर्माण पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम जारी है। मुख्य प्रवेश द्वार (पश्चिम) की ओर ऊंच रोड का काम शुरू हो गया है। इसके अलावा पुरी रेलवे स्टेशन पर 50 करोड़ रुपये और कटक रेलवे स्टेशन पर 168.39 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं।

**ट्रैक नवीनीकरण:** जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में पूर्व तट रेलवे ट्रैक नवीनीकरण के लिए 1,134 करोड़ का बजट रखा गया है, इस वित्तीय वर्ष में जनवरी के अंत तक ?935.77 करोड़ (बजट का लगभग 80%) पहले ही खर्च किया जा चुका है। इस वर्ष 365 किमी ट्रैक नवीनीकरण के लक्ष्य में से 341 किमी ट्रैक नवीनीकरण हो चुका है।

**सुरक्षा उपाय:** पूर्व तट रेलवे पर सुरक्षा उपायों पर 1,290.36 करोड़ खर्च किये गये हैं, जो सुरक्षा परियोजनाओं के लिए आवंटित बजट का लगभग 78% है।

**सिग्नल और टेलीकॉम:** जखपुरा-निर्गुंडी और खुर्दा रोड-गोलंथरा रेलवे खंडों सहित प्रमुख रेलवे खंडों पर स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली तैनात की जा रही है। यह उन्नत प्रणाली ट्रेन संचालन क्षमता और ट्रेनों की सुरक्षा को बढ़ायेगी। पूर्व तट रेलवे ने हावड़ा-चेन्नई मुख्य रेल मार्ग के एक महत्वपूर्ण हिस्से, ओड़िशा के रानीताल और आंध्र प्रदेश के दुवाडा के बीच उन्नत कवच प्रणाली स्थापित करने की योजना बनाकर एक प्रमुख सुरक्षा वृद्धि परियोजना शुरू की है, और 280 करोड़ की अनुमानित लागत पर 595 किमी कवच उपकरणों के सर्वेक्षण, डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग के लिए निविदाएं आमंत्रित किया गया है।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**